CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 24°C

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 26 सितम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 255 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 | 3 रबी उल सानी1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बेटियों को अच्छी शिक्षा और संस्कार दें माता-पिताः आनंदीबेन पेज 2



वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान, गिल बने कप्तान खेल टाइम्स



फलस्तीन से उसका अलगाव साबित करती है भारत की चुप्पी सम्पादकीय



यूएन में ट्रिपल तोड़फोड़ का शिकार हुआः ट्रम्प पेज 12

# भारत में पहली बार ट्रेन से अग्नि-प्राइम मिसाइल का टेस्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो



- चीन, उत्तर कोरिया और रूस के बाद यह क्षमता हासिल करने वाला चौथा देश बना भारत
- मिसाइल दो हजार किमी तक की मारक क्षमता और कई उन्नत सुविधाओं से लैस

**नई दिल्ली।** लड़ाकू विमानों, युद्धपोतों और ड्रोन से मिसाइल दागने की क्षमता हासिल करने के बाद भारत ने अपनी सामरिक क्षमता को बढ़ाते हुए रेल से भी मिसाइल को सफलतापूर्वक दागकर सैन्य हथियार प्रणाली के क्षेत्र में नई उपलब्धि हासिल की है। चीन, उत्तर कोरिया और रूस के बाद यह क्षमता हासिल करने वाला भारत चौथा देश बन गया है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को बताया कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विशेष रूप से तैयार रेल पर बनाई गई लॉन्चर प्रणाली से ओडिशा की चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज में अग्नि मिसाइल श्रृंखला की नई पीढ़ी की मिसाइल अग्नि प्राइम का सफल परीक्षण किया है। इस सफलता के साथ भारत यह क्षमता रखने वाले चीन, उत्तर कोरिया और रूस जैसे चुनिंदा देशों के क्लब में शामिल हो गया है। श्री सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा कि डीआरडीओ ने रेल आधारित मोबाइल लॉन्चर प्रणाली से मध्यम दूरी की अग्नि-प्राइम मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। अगली पीढ़ी की यह मिसाइल दो हजार किलोमीटर तक की मारक क्षमता के लिए डिजाइन की गई है और कई उन्नत सुविधाओं से लैस है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से डिजाइन किए गए रेल आधारित मोबाइल लॉन्चर से किया गया अपनी तरह का यह पहला परीक्षण है। यह प्रणाली अपने आप में सक्षम और अत्याधुनिक संचार प्रणालियों तथा सुरक्षा तंत्रों सहित सभी स्वतंत्र प्रक्षेपण क्षमता सुविधाओं से सुसज्जित है। इसे देश भर में कहीं भी और कम दृश्यता के साथ कम समय में प्रक्षेपित किया जा सकता है। श्री सिंह ने सफल परीक्षण पर रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन, सामरिक बल कमान और सशस्त्र बलों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस सफल उड़ान परीक्षण ने भारत को उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल कर दिया है, जिनके पास चलते-फिरते रेल नेटवर्क से कैनिस्टराइज्ड प्रक्षेपण प्रणाली विकसित करने की क्षमता है।

# हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स को 97 तेजस फाइटर जेट का ऑर्डर

- केंद्र ने 62 हजार करोड़ की डील साइन की, आज रिटायर हो रहे मिग-21 की जगह लेगा तेजस

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने वायुसेना के लड़ाकू विमानों के बेड़े को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 62 हजार 370 करोड़ रुपये की लागत से हिंदुस्तान ऐरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ 97 हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए मार्क 1 ए) की खरीद के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि वायुसेना को मिलने वाले इन 97 विमानों में से 68 लड़ाकू विमान और 29 दो सीट वाले विमान शामिल हैं। वायुसेना को ये विमान सभी संबंधित उपकरणों के साथ मिलेंगे। विमानों की कीमत 62 हजार 370 करोड़ रुपये में कर की राशि शामिल नहीं है। वायुसेना को ये विमान वर्ष 2027-28 से मिलने शुरू हो जाएंगे और छह वर्षों की अवधि में सभी विमानों की आपूर्ति हो जाएगी। इस विमान में 64 प्रतिशत से अधिक कलपुर्जे और साजो-सामान स्वदेशी होंगे।

## धर्मेंद्र प्रधान बने बिहार के चुनाव प्रभारी, भूपेंद्र को प. बंगाल की कमान

**नई दिल्ली।** बिहार में चुनाव से ठीक पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री एवं वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र प्रधान को बिहार विधानसभा चुनाव का प्रभारी बना दिया है। दूसरी ओर केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव का प्रभारी बनाया गया है जबकि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सांसद बैजयंत पांडा को तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए प्रभारी नियुक्त किया गया है। भाजपा ने आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर अपने तीन प्रदेशों बिहार, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के चुनाव प्रभारियों की घोषणा की है। इसके तहत नवम्बर में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव के लिए धर्मेंद्र प्रधान को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। जबकि केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल चुनाव प्रभारी और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री कैशव प्रसाद मौर्य को सह प्रभारी बनाया गया है। वहीं, भूपेंद्र यादव को पश्चिम बंगाल के चुनाव के लिए प्रभारी पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जबकि सांसद बिप्लव देव को पश्चिम बंगाल का सहप्रभारी बनाया गया है।

## भारत, केन्या व अमेरिका के तीन उद्यमियों को UNEP का शीर्ष पुरस्कार

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र ने अपने संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के तहत भारत, केन्या और अमेरिका के तीन पर्यावरण उद्यमियों को वर्ष 2025 के लिए युवा पृथ्वी चैम्पियन पुरस्कार से सम्मानित करने का ऐलान किया है। ये पुरस्कार भारत की जिनाली मोदी, केन्या के जोसेफ नगुथिरु और अमेरिका के नोएमी फ्लोरिया को दिया जाएगा है। ये विजेता, गंदे पानी का उपचार करके स्वच्छ बनाने, स्वच्छ जल तक पहुंच, प्लास्टिक प्रदूषण घटाने और टिकाऊ विकल्प सामग्रियां विकसित करने जैसे कार्यों के जरिये अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे रहे हैं।

## 'अतिपिछड़ा न्याय संकल्प पत्र' उपेक्षित वर्ग को मजबूत बनाने का वादा : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बिहार की जमीनी राजनीति में पकड़ और मजबूत बनाने के लिए पार्टी के 'अतिपिछड़ा न्याय संकल्प पत्र' को इस उपेक्षित वर्ग की उन्नति के लिए कांग्रेस की प्रतिबद्धता का परिणाम बताया और कहा कि अति पिछड़ों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे और उनके हित के लिए बराबर काम करेंगे। श्री गांधी ने बिहार की राजधानी पटना में कांग्रेस की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्यसमिति की विस्तारित बैठक के पश्चात पार्टी का 'अति पिछड़ा न्याय संकल्प पत्र' जारी करने के एक दिन बाद गुरुवार को यहां सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि कांग्रेस अति पिछड़ों को उनका हक दिलाने के लिए संकल्पित है। उनका कहना था कि पार्टी का मकसद कमजोरों को मजबूत बनाना है और इसीलिए यह संकल्प पत्र जारी किया गया है।

# जारी रहेंगे GST में सुधारः मोदी

## अपनी नाकामी छिपाने के लिए लोगों को भ्रमित कर रही कांग्रेसः प्रधानमंत्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

कहाः भारत और उप्र निवेश के लिए सबसे उपर्युक्त व आकर्षक जगह

**नोएडा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधारों पर देशवासियों को भ्रमित करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि कांग्रेस अपनी सरकारों की नाकामियों को छिपा रही है और देश की आर्थिक मजबूती के लिए मोदी सरकार में जीएसटी सुधारों का सिलसिला अनवरत जारी रहेगा।

पीएम मोदी ने दुनिया भर की कंपनियों का आह्वान करते हुए कहा कि भारत और उत्तर प्रदेश निवेश के लिए सबसे उपर्युक्त और आकर्षक जगह है तथा यहां पर निवेश भारत के साथ-साथ विदेशी कंपनियों के लिए भी फायदे का सौदा है। श्री मोदी ने गुरुवार को यहां उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में जीएसटी व्यवस्था लागू किए जाने और बाद में उसमें किए गए नई पीढ़ी के सुधारों का उल्लेख किया और कहा कि इससे देश में आर्थिक मजबूती का सूत्रपात हुआ है। जीएसटी सुधारों पर विपक्ष की बयानबाजी पर उसे आड़े हाथों लेते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल 2014 से पहले की अपनी सरकारों की नाकामियों को छिपाने के लिए लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ राजनीतिक दल देश के लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं।



गौतम बुद्धनगर: ग्रेटर नोएडा में 'उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार शो 2025' के उद्घाटन के दौरान उप्र के मुख्यमंत्री योगी द्वारा पीएम मोदी को सम्मानित किया गया।

# महिलाओं के खिलाफ अपराध मामले में राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो



- सुप्रीम कोर्ट ने चार सप्ताह में अपना-अपना पक्ष रखने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दुष्कर्म सहित महिलाओं के प्रति बढ़ती अन्य अपराधिक घटनाओं के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में अपना-अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता आबाद हर्षद पोंडा की याचिका यह निर्देश दिया।

याचिका में 2012 के निर्भया कांड के बाद लागू किए गए कड़े कानूनों के बावजूद यौन अपराधों की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त की गई है। याचिका में तर्क दिया गया है कि केवल कठोर दंड से इस समस्या (महिलाओं के खिलाफ अपराध) पर अंकुश नहीं लगा है। याचिका में निवारक उपायों तथा व्यापक जागरूकता की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। इसमें यौन अपराधों पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और पोक्सो प्रावधानों को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने, लैंगिक समानता और महिलाओं के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने वाली नैतिक शिक्षा प्रदान करने, बच्चों में उनके अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने, बलात्कार के प्रति शून्य सहानुभूति और सभी लिंगों के लिए समान सम्मान को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है। शीर्ष अदालत ने अप्रैल 2025 में ऐसे अपराधों के मूल कारणों का पता लगाने के लिए स्कूलों के अलावा अशिक्षित और स्कूल छोड़ चुके लोगों को शामिल करने के लिए एक बहुआयामी जागरूकता अभियान की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया था। पीठ ने कहा कि उत्तर प्रदेश और मिजोरम को छोड़कर बुधवार को सभी राज्यों के अधिवक्ता उपस्थित थे। पीठ ने सुनवाई के दौरान राज्यों से पूछा कि क्या आपने प्रार्थनाओं (याचिका में की गई) का अध्ययन कर लिया है? इस पर राज्यों सरकारों की ओर से पेश वकीलों ने जवाब दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय का अनुरोध किया।

## उप्र में स्कूल मैदान में रामलीला की अनुमति

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के संबंधित आदेश पर रोक लगाते हुए फिरोजाबाद के टूंडला स्थित जिला परिषद विद्यालय मैदान में रामलीला जारी रखने की अनुमति इस शर्त पर दी कि विद्यार्थियों को कोई असुविधा न हो।

# लद्दाख हिंसा पर बोला केंद्रः वांगचुक ने लोगों को भड़काया

- हालात काबू करने के प्रयास की जगह अपने घर चले गए वांगचुक

**लेह।** केंद्र सरकार ने लद्दाख में हिंसा के लिए सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को जिम्मेदार ठहराया।

गृह मंत्रालय ने देर रात बयान में कहा कि वांगचुक ने भड़काऊ बयानों से भीड़ को उकसाया, हिंसा के बीच अपना उपवास तो तोड़ा, लेकिन हालात काबू करने के प्रयास की जगह एम्बुलेंस से अपने गांव चले गए। मंत्रालय ने कहा कि कई नेताओं ने वांगचुक से हड़ताल खत्म करने की अपील की थी, लेकिन उन्होंने हड़ताल जारी रखी। उन्होंने अरब स्प्रिंग शैली और नेपाल में जेन-जी विरोध प्रदर्शनों का जिक्र करके लोगों को गुमराह किया।

# मतगणना प्रक्रिया में बड़ा बदलाव

- बिहार चुनावों से लागू होगा डाक मतपत्रों की गिनती का नया नियम

**नई दिल्ली।** लोकसभा और विधानसभा चुनावों में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग ने डाक मतपत्रों की गिनती की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित कर दिया है। अब गिनती के दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि डाक मतपत्रों की गिनती पूरी होने से पहले ईवीएम की गिनती का अंतिम चरण शुरू न हो।

अब तक प्रचलन यह था कि गिनती के दिन सुबह 8 बजे डाक मतपत्रों की गिनती शुरू होती थी और सुबह 8:30 बजे ईवीएम की गिनती। पहले के नियमों के मुताबिक, ईवीएम की गिनती डाक मतपत्रों की गिनती पूरी होने से पहले भी खत्म हो सकती थी। हालांकि, अब आयोग ने तय किया है कि ईवीएम की गिनती का दूसरा अंतिम चरण तभी शुरू होगा जब डाक मतपत्रों की गिनती पूरी हो जाएगी। नई व्यवस्था का पहला प्रयोग बिहार विधानसभा चुनावों में होगा, जो नवंबर में होने जा रहे हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि इससे गिनती प्रक्रिया अधिक एकरूप और पारदर्शी बनेगी। इससे मतदाताओं और उम्मीदवारों के बीच किसी भी तरह के भ्रम की स्थिति नहीं रहेगी। चुनाव आयोग ने यह भी निर्देश दिया है कि जिन निर्वाचन क्षेत्रों में डाक मतपत्रों की संख्या अधिक होगी, वहां पर्याप्त संख्या में टेबल और गिनतीकर्मी लगाए जाएं।

## इरफान सोलंकी को मिली जमानत

**प्रयागराज।** कानपुर के जाजमऊ क्षेत्र में आगजनी मामले में सजा काट रहे समाजवादी पार्टी (सपा) नेता इरफान सोलंकी उनके भाई रिजवान सोलंकी और इसराइल आटेवाला की जमानत अर्जी इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मंजूर कर ली है। न्यायाधीश समीर जैन की अदालत में राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल और अपर शासकीय अधिवक्ता ने जमानत का विरोध किया, वहीं इरफान सोलंकी की ओर से अधिवक्ता इमरान उल्लाह ने अपना पक्ष रखा। सोलंकी के वकील का कहना था कि इसी प्रकरण में अन्य सह आरोपियों को जमानत मिल चुकी है, इसलिए इनके वादियों को भी समानता के सिद्धांत के आधार पर जमानत दी जानी चाहिए।

# सोनिया गांधी ने फलस्तीन मामले पर केंद्र को घेरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने सरकार की नीति को मानवता और नैतिकता की उपेक्षा करार दिया



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने केंद्र सरकार की फलस्तीन नीति को मानवता और नैतिकता की उपेक्षा करार दिया है।

मोदी सरकार को इस मामले में नेतृत्व करना चाहिए, लेकिन सरकार का रवैया मौन और व्यक्तिगत मित्रता के आधार पर दिखाई दे रहा है। श्रीमती गांधी ने फलस्तीन मुद्दे पर केंद्र सरकार की नीतियों की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि इस संबंध में सरकार का जो रवैया है उसमें मानवता और नैतिकता की उपेक्षा स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। श्रीमती गांधी ने एक समाचार पत्र में अपने लेख में कहा कि सरकार का रुख देश के संवैधानिक मूल्यों या रणनीतिक हितों के बजाय मुख्य रूप से श्री मोदी और उनके इजरायली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू के बीच व्यक्तिगत दोस्ती से प्रेरित प्रतीत लगता है। फलस्तीन के मुद्दे पर भारत को नेतृत्व दिखाने की जरूरत है, लेकिन सरकार की प्रतिक्रिया में गहरी चुप्पी और मानवता और नैतिकता दोनों का परित्याग शामिल है। उन्होंने आगे लिखा कि यह व्यक्तिगत कूटनीति कभी भी स्थायी नहीं हो सकती और भारत की विदेश नीति का मार्गदर्शक सिद्धांत नहीं बन सकती। इस शैली के प्रयास विशेष रूप से अमेरिका में हाल के महीनों में सबसे अपमानजनक तरीके से विफल हुए हैं। लेख में कहा गया है कि फ्रांस, फलस्तीन राष्ट्र को मान्यता देने में ब्रिटेन, कनाडा, पुर्तगाल और ऑस्ट्रेलिया के साथ शामिल हो गए हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों में से 150 से अधिक देशों ने अब ऐसा कर दिया है। उन्होंने लिखा है कि भारत इस मामले में अग्रणी रहा है, जिसने फलस्तीन मुक्ति संगठन को वर्षों के समर्थन के बाद 18 नवम्बर, 1988 को औपचारिक रूप से फलस्तीनी राष्ट्र के तौर पर मान्यता दी थी।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़ः
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## संक्षिप्त समाचार

### केशव प्रसाद मौर्य बने बिहार के सह प्रभारी

**लखनऊ।** बिहार चुनाव को लेकर तेज राजनीतिक सरगर्मी के बीच भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष केशव प्रसाद मौर्य को बिहार विधानसभा चुनाव में सह प्रभारी नियुक्त किया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की तरफ़ से जारी किए गए बयान के अनुसार भाजपा ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को चुनाव प्रभारी, केंद्री जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल को सह प्रभारी बनाया गया है। गौरतलब है कि भगवान बुद्ध से जुड़े पवित्र अवशेषों को रूस में प्रदर्शित करने वाले प्रतिनिधिमंडल की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कर रहे हैं। इस नाते वह फ़िलिहाल रूस में हैं। संस्कृति मंत्रालय रूस के काल्मिकिया में 24 सितम्बर से एक अक्टूबर तक भगवान बुद्ध से संबंधित पिपरहवा (कपिलवस्तु) के पवित्र अवशेषों की प्रदर्शनी लगाई है।

### योगी ने पंडित दीन दयाल की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। योगी ने कहा है कि दीनदयाल जी का 'अंत्योदय दर्शन' आज भी वंचितों के उत्थान हेतु पथ-प्रदर्शक है। मुख्यमंत्री योगी ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर अपना संदेश पोस्ट करते हुए लिखा है कि अंत्योदय और एकात्म मानववाद के प्रणेता, भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि!

# बेटियों को अच्छी शिक्षा व संस्कार दें माता-पिता:आनंदीबेन

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ 5100 कन्याओं के पूजन कार्यक्रम में बोलीं राज्यपाल पटेल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा है कि बेटियों के सामने कई चुनौतियां होती हैं, इसलिए उन्हें सशक्त बनाने के लिए उनको शिक्षित करना, संस्कारित करना और उनके स्वास्थ्य की रक्षा करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि पूरे देश में बेटियों के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिनसे वे लगातार आगे बढ़ रही हैं। माता-पिता को जागरूक कर बेटियों को अच्छी शिक्षा और संस्कार देना आवश्यक है, क्योंकि बेटियां भविष्य में मातृत्व के रूप में समाज को सशक्त और संस्कारवान नागरिक प्रदान करती हैं। गुरुवार को नवरात्रि के पावन पर्व पर प्रेरणा संस्था के सहयोग से राजभवन, लखनऊ में 5100 कन्याओं का पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। यह आयोजन प्रेरणा संस्था के सौजन्य से किया गया। इस अवसर पर 100 बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा प्रदान करने हेतु निशुल्क एचपीवी टीकाकरण भी किया गया। इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। राज्यपाल ने इस कार्यक्रम से जुड़े सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, अध्यापकों एवं संचालकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या में बालिकाओं के राजभवन में आगमन ने राजभवन के गौरव को और बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि समाज में फैली गंदगी और नकारात्मकता से बेटियों को बचाना है। उन्हें संस्कारित और शिक्षित बनाकर ही हम उत्तम नागरिक तैयार कर सकते हैं।

### राष्ट्रपति ने कृष्ण कुब्जा मंदिर में किए दर्शन



**मथुरा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार की सुबह करीब सवा 10 बजे स्पेशल ट्रेन से धार्मिक यात्रा पर वृंदावन पहुंचीं। वृंदावन रोड रेलवे स्टेशन पर उनका शाहनाई की धुन के साथ भव्य स्वागत किया गया। राष्ट्रपति ने वृंदावन में साधु-संतों के साथ मुलाकात की और श्री ठाकुर बांके बिहारी मंदिर श्री कृष्ण जन्म स्थान मंदिर के दर्शन किए। इसके बाद निधि भवन में 500 मीटर की परिक्रमा की। वृंदावन में निर्धारित कार्यक्रम पूर्ण करके राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का काफिला मथुरा श्री कृष्ण कुब्जा मंदिर दर्शन के लिए पहुंचा। यहां राष्ट्रपति ने विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया।

# ध्वस्तीकरण आदेश का पालन न होने पर हाईकोर्ट सख्त, तलब किया रिकॉर्ड

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने राजधानी के खुर्रम नगर इलाके में एक अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण के आदेश का अनुपालन न होने पर सख्त रुख अपनाया है। इस मामले में एकल पीठ ने अपील के निस्तारण तक ध्वस्तीकरण पर रोक लगा दी थी। दो सदस्यीय खंडपीठ ने इस पर आश्चर्य जताते हुए एकल पीठ के समक्ष दाखिल याचिका का रिकॉर्ड तलब किया है।

खंडपीठ ने कहा कि हम देखना चाहते हैं कि आखिर मामले में ऐसी क्या तात्कालिकता थी कि जिस दिन एकल पीठ के समक्ष याचिका दाखिल हुई, उसी दिन उसकी सुनवाई भी हो गई। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 27 अक्तूबर की तिथि नियत की है। न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश हेमंत कुमार मिश्रा की ओर से वर्ष 2016 में दाखिल जनहित याचिका पर दिया। याचिका में कहा गया है कि 10 मई 2016 को सक्षम अधिकारी ने इस अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण का आदेश दिया था। बजाय ध्वस्तीकरण के, एलडीए की सील को हटाकर इस अवैध निर्माण को और विस्तार देते हुए शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बना लिया गया। मामले की सुनवाई के दौरान एलडीए के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि 2016 के ध्वस्तीकरण आदेश के बाद बिल्डर्स ने कम्पाउंडिंग प्रार्थना पत्र दिया था। इसे निरस्त करते हुए 2022 में नया ध्वस्तीकरण आदेश पारित किया गया। कहा गया कि कोर्ट के 13 अगस्त 2025 के आदेश के बाद एलडीए कोई कार्रवाई करता, इसके पहले ही 11 सितम्बर 2025 को बिल्डर फारुक सिद्दीकी व एक अन्य की याचिका दायर हुई।

# आई लव मोहम्मद पर बोले रजवी: हिंसा व विरोध गलत

शाह टाइम्स संवाददाता



■ विवाद पर मौलाना का साफ संदेश

**बरेली।** देशभर में आई लव मोहम्मद को लेकर हो रहे विरोध और विवाद पर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने स्पष्ट प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद से मोहब्बत करना हर मुसलमान का ईमान और अकीदा है, लेकिन इसके साथ-साथ उनकी शिक्षाओं पर अमल करना सबसे अहम है।

मौलाना ने कहा कि पैगंबर-ए-इस्लाम ने हमेशा अमन और शांति का पैगाम दिया है। उन्होंने अपने विरोधियों से न टकराव किया, न विवाद, बल्कि हमेशा समझौते का रास्ता अपनाया। इसका सबसे बड़ा उदाहरण सुलह-ए-हुदैबिया है, जो इस्लामी इतिहास का अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा कि मोहब्बत का इजहार सड़कों पर हुड़दंग मचाकर, धरना-प्रदर्शन कर, पुलिस से टकराकर या गैर-मुसलमानों से भिड़कर नहीं किया जा सकता। दुकानों में तोड़फोड़ और हिंसा करना पैगंबर-ए-इस्लाम की शिक्षा के खिलाफ है। पैगंबर ने फरमाया-अच्छा मुसलमान वही ह, जिसके हाथ, पैर और जबान से किसी को तकलीफ न पहुंचे। मौलाना ने यह भी कहा कि मोहब्बत का इजहार करने का सबसे अच्छा तरीका सीरत-उल-नबी के जलसे करना, मस्जिदों और मदरसों में उनकी शिक्षाओं पर रोशनी डालना और खुद की व परिवार की जिंदगी को उनके बताए रास्ते पर चलाना है।

## किसानों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं होगा: अखिलेश

# सपा सरकार बनने पर दाम बांधो नीति लागू होगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ नोएडा से जुड़े मुद्दे पर पत्रकारों से बोले सपा मुखिया

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को नोएडा से जुड़े मुद्दे पर बात करते हुए कहा कि दिल्ली से सटे इस इलाके में कारोबारी और निवेशक तो आ रहे हैं, लेकिन जिन किसानों की जमीन पर ये कारोबार फल-फूल रहा है, उनकी मांगें पूरी नहीं हो रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार षड्यंत्र और दबाव बनाकर किसानों से ज़मीन ले रही है।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आने पर किसानों को सर्किल रेट से अधिक मुआवजा मिलेगा और नोएडा से लखनऊ तक बेहतर सड़कें बनाई जाएंगी। गुरुवार को बसपा व अपना दल एस के कई नेता व समर्थकों ने समाजवादी पार्टी में आस्था जताते हुए सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि किसानों के साथ अन्याय की कीमत पर विकास को सही नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल ट्रेड फेयर का आयोजन ऐसे वक्त पर हो रहा है, जब अमेरिका टैरिफ लगा रहा है और भारतीय कारोबार को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। ओडीओपी को बचाने के लिए सरकार को बताना चाहिए कि वह क्या कर रही है। उन्होंने कहा कि महंगाई लगातार बढ़ रही है। इस पर काबू पाने के लिए कोई इंतजाम नहीं है। उन्होंने ऐलान किया कि 2027 में सपा की सरकार बनने पर नेताजी और डा. लोहिया की 'दाम बांधो' नीति लागू की जाएगी, ताकि महंगाई पर काबू पाया जा सके। अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी में भाजपा ने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। विधायक मंच से बोल रहे हैं कि 10 प्रतिशत कमीशन है उस पर बोलेंगे नहीं और हमें क्रीम, पाउडर और शैंपू में उलझा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग ज्यादा मुनाफा कमा रहे हैं, उन्हीं से बात की जा रही है। उन्होंने कहा कि वहां अपराधी, बीजेपी और पुलिस मिलकर जनता को परेशान कर रहे हैं। पुलिस खुद किडनैपिंग कर रही है और फिरौती मांग रही है।

### आजम से मिलने आठ को अखिलेश जाएंगे रामपुर



**लखनऊ।** लखनऊ में नौ अक्टूबर को बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती की रैली से एक दिन पूर्व आठ अक्टूबर को समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव आजम खान से मिलने जाएंगे। आजम के सीतापुर जेल से 23 माह बाद रिहा होने के बाद अभी तक समाजवादी पार्टी के किसी बड़े नेता ने उनसे मुलाकात नहीं की है।

नौ अक्टूबर को बसपा अध्यक्ष कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर रैली के जरिए मिशन 2027 का आगाज करने जा रही हैं। इसको लेकर मायावती ने कार्यकर्ताओं को जुटने का निर्देश दिया है। इस बीच आजम खान के बसपा में जाने की चर्चाओं को पूर्ण रुप से विराम देने के लिए माना जा रहा है कि सपा ने रामपुर जाने का कार्यक्रम बनाया है। हालांकि बसपा में जाने के सवाल को अखिलेश यादव व आजम खान दोनों नेता नकार चुके हैं। गौरतलब है कि आजम खान के बसपा में जाने के सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा कि आजम खान समाजवादी पार्टी के संस्थापक नेताजी और हम लोगों के साथ हैं। समाजवादी पार्टी आज से नही, न जाने कब से बीजेपी का मुकाबला कर रही है। जबकि आजम खान ने कहा है कि 23 माह वो जेल में बंद रहे, उनकी किसी से मुलाकात नही हुई है और न ही जेल के अंदर मोबाइल की सुविधा थी कि बात हो सके।



सेंसेक्स 81159.68
निफ्टी 24890.85



सोना रु. 115500
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 139900
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार पांचवें दिन गिरावट, सेंसेक्स 556 अंक लुढ़का



**मुंबई।** विदेशी निवेशकों की बिकवाली और अमेरिका के साथ जारी व्यापार तनाव की चिंता में घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को लगातार पांचवें दिन गिरावट रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स पिछले कारोबारी दिवस की तुलना में 555.96 अंक (0.68 प्रतिशत) लुढ़ककर 81,159.68 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 भी 166.05 अंक नीचे 24,890.85 अंक पर बंद हुआ। पांच दिन में सेंसेक्स लगभग 1854 अंक और निफ्टी-50 करीब 532 अंक गिरकर 9 सितम्बर के बाद के निचले स्तर पर आ चुके हैं। चौतरफा बिकवाली के बीच सिर्फ धातु सेक्टर की कंपनियों में निवेशकों ने विश्वास दिखाया। रियलिटी, आईटी, फार्मा, ऑटो, वित्तीय सेवा और स्वास्थ्य सेक्टरों पर ज्यादा दबाव रहा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की अमेरिका यात्रा से उम्मीद लगाए बैठे निवेशकों में कोई सकारात्मक घोषणा न होने से निराशा हाथ लगी है। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट का शेयर 3.19 प्रतिशत और पावर ग्रिड का 3.05 प्रतिशत टूट गया। टाटा मोटर्स में 2.71 फीसदी और टीसीएस में 2.50 फीसदी की गिरावट रही। एशियन पेंट्स, एनटीपीस, अडानी पोर्ट्स और बजाज फाइनेंस के शेयर भी डेढ़ से ढाई प्रतिशत के बीच लुढ़क गए। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से सिर्फ तीन के शेयर हरे निशान में बंद हुए। बीईएल में 2.05 प्रतिशत की तेजी रही। भारती एयरटेल और एक्सिस बैंक के शेयर भी बढ़त में बंद हुए। मझौली और छोटी कंपनियों पर भी दबाव रहा। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.66 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.57 फीसदी उतर गया। अधिकतर विदेशी बाजार भी गिरावट में रहे। हांगकांग का हैंगसेंग 0.13 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.01 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। वहीं जापान का निक्केई 0.27 प्रतिशत की बढ़त में रहा। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.65 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.23 प्रतिशत नीचे थे।

## नवरात्र के चौथे दिन अचानक सस्ता हुआ सोना-चांदी

**नई दिल्ली।** गुरुवार 25 सितंबर 2025 शारदीय नवरात्र के चौथे दिन सोना-चांदी की कीमतों में भारी गिरावट देखने को मिली। इससे सोना-चांदी के खरीदार काफी खुश है। कल यानी बुधवार के मुकाबले गोल्ड रेट 600 रुपये तक कम हुआ है। दिल्ली, जयपुर, नोएडा, लखनऊ, गाजियाबाद जैसे नॉर्थ इंडिया के शहरों में 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का रेट 1,15,500 रुपये के आसपास कारोबार कर रहा है। वहीं चांदी की कीमत 1,39,900 रुपये प्रति किलोग्राम है। वहीं मुंबई और कोलकाता जैसे मुख्य शहरों में गोल्ड रेट 1,15,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के पास है। चांदी की कीमत 1,39,900 रुपये प्रति केजी है।

देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 1,15,510 रुपये, मुंबई में1,15,360, चेन्नई में 1,15,630, कोलकाता में 1,15,360, बेंगलुरु में 1,13,510 और हैदराबाद में 1,15,360 रुपये रहा। चांदी की बात करें तो दिल्ली में 1,39,900 रुपये प्रति किलोग्राम, मुंबई में 1,39,900 , बेंगलुरु में 1,42,700, चेन्नई में 1,49,900 और जयपुर में 1,44,097 रुपये प्रतिकिलोग्राम रही। सोना-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव विभिन्न कारकों से प्रभावित होते हैं, जैसे वैश्विक सोने की मांग, विभिन्न देशों की मुद्राओं का मूल्य और ब्याज दरें आदि।

# दिल्ली में भारत मंडपम में ताइवान एक्सपो इंडिया का हुआ उद्घाटन

नई दिल्ली, वार्ता

■ प्रौद्योगिकी दक्षता और नवाचार का प्रदर्शन

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के भारत मंडपम में गुरुवार को तीन दिवसीय ताइवान एक्सपो इंडिया 2025 का उद्घाटन हुआ जिसमें प्रौद्योगिकी और नवाचार क्षेत्र की कई कंपनियों ने भारत में व्यापार बढ़ाने के उद्देश्य से अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई है।

इस प्रदर्शनी में 107 ताइवानी कंपनियां अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर रही हैं। इनमें फॉक्सकॉन, डेल्टा इलेक्ट्रॉनिक्स, एडवांटेक आदि शामिल हैं। यहां ताइवान के आर्थिक मामलों के मंत्रालय की एक पहल ताइवान एक्सीलेंस (टीई) का एक विशेष ताइवान एक्सीलेंस पवेलियन भी है। इस पवेलियन का उद्घाटन ताइवान विदेश व्यापार विकास परिषद के चेयरमैन जेम्स सी-एफ- हुआंग ने किया। बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा गुप्ता उद्घाटन समारोह में विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुईं। ताइवान एक्सीलेंस पवेलियन में आईटीसी, स्मार्ट लिविंग, हेल्थकेयर, आधुनिक गैजेट्स, और औद्योगिक समाधानों में काम करने वाली कंपनियां शामिल हैं। टोयो रोबोटिक्स के स्टॉल में इलेक्ट्रिक एक्चुएटर बनाने वाली मशीन का भी प्रदर्शन किया गया है। इस साल ताइवान एक्सीलेंस पवेलियन में 22 पुरस्कार विजेता ताइवानी ब्रांड्स शामिल हैं, जिनमें एडवांटेक, एएमए फैन्स, एवर, बीनबॉन, किमेई मोटर, साइप्रेस, आईबेस, आईपेवो, केंडा, लॉरिक, मैक्रोहाई, मेकॉम, माइक्रोबेस, एमएसआई, फिसन, प्रोसेन्ड, टीमग्रुप, टोयो, ट्रंसेन्ड, विंक्सपर, जेड-कॉम, और ज़ाइक्सेल प्रमुख हैं। इनमें से कई भारत में पहली बार प्रदर्शन कर रहे हैं। उद्योग मंडल फिक्की की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत ताइवानी निवेश के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभरा है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स और इलेक्ट्रिक वाहन इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में 15 अरब डॉलर निवेश आकर्षित करने की क्षमता है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग, ग्रीन एनर्जी, ईवी, स्मार्ट सिटी, और आईसीटी में तेजी से विकास ताइवान की विशेषज्ञता और प्राथमिकताओं से मजबूती से मेल खाता है।

## पत्र वायरल होने पर भाजपा विधायक बोले, कैसे लीक हुआ करेंगे, जांच की मांग

**लखनऊ।** कासगंज सदर सीट से भारतीय जनता पार्टी के विधायक देवेंद्र सिंह राजपूत द्वारा भ्रष्टाचार को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखा गया पत्र वायरल हो गया है। पत्र वायरल होने के बाद स्वयं के द्वारा लिखा होने की पुष्टि लड़ते हुए विधायक ने कहा है कि पत्र कैसे लीक हुआ, इसके जांच की मांग वो मुख्यमंत्री से करेंगे। दरअसल पिछले दिनों शिक्षा विभाग में एक मामले को लेकर भाजपा विधायक देवेंद्र सिंह राजपूत ने भ्रष्टाचार का मुद्दा बताते हुए मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर जांच कराने की मांग की थी। पत्र में भाजपा विधायक ने लिखा है कि कासगंज के बिलराम में स्थित सरदार भगत सिंह जूनियर हाई स्कूल विद्यालय में निरन्तर पठन-पाठन का कार्य किया जा रहा है। प्रार्थी के विद्यालय के माह मार्च 2011 से विद्यालय का वेतन भुगतान नहीं हुआ है, जबकि मा. उच्च न्यायालय इलाहाबाद खण्डपीठ लखनऊ द्वारा तीन माह के अन्दर एरियर भुगतान का आदेश पारित किया गया था। विधायक ने अपने पत्र में लिखा है कि बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल एवं बाबू अजय शंकर द्वारा रूपए 25 लाख की मांग की गई। जिसमें से प्रार्थी द्वारा 10 लाख रूपए की वसूली भी की गई है एवं वेतन भुगतान का आश्वासन दिया गया। परन्तु बकाया धनराशि मांग के लिए लगातार शिक्षा निदेशक द्वारा दबाव बनाया जा रहा है। अपितु विद्यालय के विरूद्ध कार्यवाही करने की धमकी दे रहे हैं।

# खड़गे-थरूर ने फलस्तीन के समर्थन में सोनिया के लेख को सटीक टिप्पणी बताया





**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पार्टी नेता शशि थरूर ने फलस्तीन पर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के एक अखबार में छपे लेख में की गई टिप्पणियों को सटीक बताते हुए कहा है कि यह दोस्ती निभाने का समय नहीं है, इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मानवीय संवेदनाओं का ध्यान रखते हुए नैतिकता का परिचय देना चाहिए।

खड़गे ने कहा कि कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने एक बार फिर जोर देकर कहा कि भारत को फलस्तीन के मुद्दे पर अपनी क्षमता तथा नेतृत्व का परिचय देना होगा। श्रीमती गांधी के एक अखबार में प्रकाशित लेख के अंश उद्धृत करते हुए खड़गे ने उनके विचारों से सहमति जताई और कहा कि फलस्तीन में मानवाधिकार का गंभीर मुद्दा है और मोदी सरकार को इसको लेकर वैश्विक स्तर पर प्रमुखता से नेतृत्वकारी भूमिका निभानी चाहिए। उनका कहना था कि ऐसा प्रतीत होता है कि मोदी की फलस्तीन के नागरिकों पर हो रहे अत्याचार को लेकर कोई संवेदना नहीं है और वह इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से दोस्ती निभाने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष के अनुसार गांधी ने अपने लेख में कहा कि फलस्तीन में मानवीय संकट पर मोदी सरकार की गहरी चुप्पी मानवता तथा नैतिकता के खिलाफ है। ऐसा प्रतीत होता है कि उसकी कार्रवाई मुख्यत: भारत के संवैधानिक मूल्यों या उसके सामरिक हितों के बजाय इजराइली प्रधानमंत्री और मोदी के बीच व्यक्तिगत मित्रता से प्रेरित है। व्यक्तिगत कूटनीति की यह शैली कभी भी स्वीकार्य नहीं है और न ही यह भारत की विदेश नीति का मार्गदर्शक हो सकती है। विश्व मंच पर भारत की स्थिति किसी व्यक्ति के निजी गौरव-प्राप्ति के तरीकों तक सीमित नहीं हो सकती, न ही वह अपनी ऐतिहासिक उपलब्धियों पर निर्भर हो सकती है। इसके लिए साहस और ऐतिहासिक निरंतरता की भावना की सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत को फ़लिस्तीन के मुद्दे को केवल विदेश नीति के रूप में नहीं, बल्कि अपनी नैतिक और सभ्यतागत विरासत की परीक्षा के रूप में देखना चाहिए। फिलिस्तीन के लोगों ने दशकों तक विस्थापन, लंबे समय तक कब्ज़ा, बस्तियों के विस्तार, आवाजाही पर प्रतिबंधों और नागरिक, राजनीतिक और मानवाधिकारों पर बार-बार हमलों को सहन किया है। उनकी दुर्दशा औपनिवेशिक काल के दौरान भारत द्वारा झेले गए संघर्षों की याद दिलाती है- एक ऐसा देश जिसे अपनी संप्रभुता तथा राष्ट्रीयता से वंचित कर अपने संसाधनों के लिए शोषित किया गया और सभी अधिकारों तथा सुरक्षा से वंचित रखा गया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# प्रेमी युगल ने बुलंदशहर में गोली मारकर दी जान

## मौके से दोनों के शव मिले एक साथ तमंचा खोका सहित किया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** समाज ने जब प्रेमी युगल को अलग करने की ठानी और प्रेमी व उसके परिजनों पर जब कानून का शिकंजा कसा जाने लगा तो प्रेमी युगल ने मौत का रास्ता चुना, हालांकि परिजन व पुलिस प्रेमी युगल के छुपे होने के स्थान पर पहुंच चुके थे, लेकिन साथ जीने मरने की कसमें खाने वाले प्रेमी युगल ने यही ठाना की जब साथ जीने नहीं सकते तो एक साथ मर तो सकते है और दोनो ने खुशी खुशी मौत को लगे लगा लिया। जैसे ही पुलिस ने बरामदगी के लिए दरवाजा खटखटाया तो युवक ने तभी फायरिंग की दो आवाज सुनाई पडी। बाहर खडे परिजन व पुलिस समझ चुके थे की यहां कोई अनहोनी हो चुकी है। और दरवाजा खोलकर जब परिजन व पुलिस कमरे में पहुंचे तो वहीं हुआ कि पुलिस दोनो को जिन्दा बरामद तो नहीं कर सकी, लेकिन गोली लगे शव जरूर बरामद हुए। परिजन व ग्रामीणों के दबाव के चलते पुलिस घटना के दिन से ही युवक व लडकी की तलाश में काफी स्थानों पर छापेमारी कर चुके थे, लेकिन शायद उनकी मौत दोनो को बुलंदशहर ले गई। पुलिस ने मौके से तमंचा व खोखा भी बरामद कर लिया है और दोनो के शवों का पोस्टमार्टम कराया। सच्चाई क्या है यह तो पुलिस जांच का विषय है, लेकिन फिलहाल बुलंदशहर पुलिस यही मान रही है कि युवक ने लडकी के गोली मारने के बाद अपनी भी जान दे दी।

बता दे कि छपार क्षेत्र की एक गांव की निवासी पन्द्रह वर्षीय किशोरी बीस सितम्बर को घर से लापता हो गई थी। परिजनों ने थाने पहुंचकर प्रिंस नामक युवक के खिलाफ कार्यवाही के लिए तहरीर दी थी। किशोरी के अपहरण की शिकायत के बाद पुलिस ने बरामदगी के प्रयास शुरू कर दिए थे और आरोपी प्रिंस निवासी गांव थाना भगवान जनपद हरिद्वार की तलाश शुरू कर दी थी। इसमें लडकी के परिजनों का आरोप था कि उनकी बेटी का तीसरी बार अपहरण किया गया है। और किशोरी के साथ अनहोनी की आशंका भी जताई थी। छपार पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में किशोरी की बरामदगी के लिए लगातार भागदौड करती रही, लेकिन परिजन छपार पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते रहे यह मामला अधिकारियो के संज्ञान तक पहुंचा था जिसके बाद एक टीम बनाई गई और पुलिस ने कई जनपदों की खाक छानी। पुलिस को जानकारी मिली थी कि किशोरी जनपद बुलंदशहर के डिबाइ क्षेत्र में है। पुलिस को छानबीन में पता चला था कि प्रेमी युगल अपने फुफा के यहां देवबंद में रूका था औरइसके बाद वह बुलंदशहर में डिबाई क्षेत्र में किराये के मकान में रह रहे है। छपार पुलिस ने प्रिंस के फुफा प्रमोद व अन्य परिवार के लोगों को साथ लिया और किशोरी व युवक की बरामदगी के लिए बुलंदशहर रवाना हुए। जैसे ही पुलिस मौके पर पहुंची तो दरवाजा खटखटाने के बाद कोई जवाब नहीं मिला जैसे ही युवक के फुफा ने यह कहा कि वह उन्हे घर लेने के लिए आए है। और पुलिस भी उनके साथ है तो इसी बीच दो फायर हुए और इस फायरिंग ने छापा मारने गई पुलिस व परिजनों के रोंगटे खडे कर दिए। जब पुलिस व परिजन दरवाजा खोलकर यहां पहुंचे तो दोनो के शव खून से लथपथ यहां पडे हुए थे और पुलिस का दावा है कि मौके से तमंचे व खोके भी बरामद किए गए है बुलंदशहर के एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने जनपद के पुलिस मुखिया संजय कुमार वर्मा को जानकारी दी इसके बाद पुलिस ने दोनो का पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम करा दिया।

# तितावी थाने पर ग्रामीणों का धरना

## लापता का मिला शव, पुलिस ने दिया कार्यवाही का आश्वासन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर/तितावी।** घर से काम पर जाने को कहकर निकले युवक का शव तीन दिन बाद भौराकलां व तितावी की सीमा पर जंगल में पड़ा मिला है। हर मामलों की तरह इस बार भी परिजन व ग्रामीणों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप झडते हुए थाने के भीतर ही धरना देना शुरू कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, लेकिन परिजन व ग्रामीण अधिकारी को बुलाने व अन्य मांगे कर रहे है। यहां पहुंचे पुलिस के अफसरों ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया और कड़ी कार्यवाही का भी आश्वा. सन दिया गया, लेकिन साढ़े पांच बजे से धरने पर बैठे ग्रामीण रात्रि आठ बजे तक भी जमे रहे। बताया जाता है कि अट्ठारह वर्षीय ग्राम बुढ़ीना निवासी प्रिंस पुत्र राजकुमार किसान के यहां काम करता था घटना तीन दिन पुरानी है वह घर से काम पर जाने के लिए कह कर निकला था, लेकिन शाम तक घर नहीं लौटा। रात्रि होने पर परिवार वालो को चिंता हुई तो पिता राजकुमार की ओर से तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई गई। इसके बाद पुलिस व परि. जना प्रिंस की तलाश मे इधर-उधर घुमते रहे जंगलों की खाक छानी। कुछ लोगों से पूछताछ भी की गई, लेकिन बुधवार तक प्रिंस का कोई पता नहीं चल सका।

रात के समय प्रिंस के परिजनों को खबर मिली कि उसका शव भौराकलां व तितावी की सीमा पर ग्रामीण ढींढावली जंगल पर पड़ा हुआ है प्रिंस के शव की जानकारी मिलने पर जहां परिजनों में कोहराम मच गया वहीं ग्रामीणों में आक्रोश पैदा हो गया। भाकियू के पूर्व जिलाध्यक्ष धीरज लाटियान व भीम आर्मी परिजनों के साथ परिजनों के साथ थाने में धरने पर बैठ गए। पुलिस लगातार आरोपियों के विरूद्ध कडी कार्यवाही का आश्वासन दे रही है और बदमाशों की तलाश मे पुलिस की कई टीमे लगाई गई है। मृतक के भाई ने हत्या का आरोप लगाते हुए पांच लोगों के खिलाफ तितावी थाने में तहरीर दी है।



मुजफ्फरनगर: पुलिस पिंक बूथ का नारियल फोड़कर शुभारंभ करते डीआईजी व एसएसपी।

# डीआईजी ने किया पुलिस पिंक बूथ का शुभारंभ

■ मीनाक्षी चौक पर छात्राओं व महिलाओं को मिलेगी मदद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** मिशन शक्ति -5 के बाद जनपद सहारनपुर रेंज के डीआईजी अभिषेक सिंह ने गुरूवार को मीनाक्षी चौक पर महिलाओं की सहायता के लिए पिंकबूथ का शुभारंभ किया। उन्होने के कहा मिशन शक्ति नारी सुरक्षा सम्मान व स्वावलंबन को समर्पित है। और महिलाए जागरूक होकर अपराधों व उत्पीडन के खिलाफ अपनी आवाज उठाए। डीआईजी ने मिशन शक्ति पांच के तहत हो रही विभिन्न कार्यक्रम के अन्तर्गत गुरूवार को मीनाक्षी चौक पर पिंक बूथ का शुभारंभ किया। इस दौरान एसपी क्राइम इंदू सिद्धार्थ जो मिशन शक्ति की नोडल अधिकारी है ने नगर पालिका के सहयोग से बूथ निर्माण कराया। यहां पहुंचे जनपद सहारनपुर रेंज के डीआइजी अभिषेक सिंह ने एसएसपी संजय कुमार वर्मा, एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत, एसपी देहात आदित्य बंसल और सहायक पुलिस अधीक्षक (सीओ सिटी) सिद्धार्थ मिश्रा, सीओ मंडी राजू साव भी मौजूद रहे।

इस दौरान मंत्रोच्चार के बीच पिंकबूथ का श्री गणेश किया गया। डीआईजी ने कक्ष का उद्घाटन महिलाओ से फीता कटवाकर कराया और उन्होने कहा कि मीनाक्षी चौक से पिंकबूथ खुलने से इधर से गुजरने वाली छात्राए, महिलाओं की सुरक्षा रहेगी। उन्होने यह भी कहा कि पीड़ित महिला को शिकायत करने के लिए अब ज्यादा दूर भी नहीं जाना पडेगा और डीआईजी ने यह भी बताया कि सहारनपुर रेंज में महिलाओं की सहायता के लिए यह पहला बूथ खोला गया है। इस मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को जोडा जा रहा है और पुलिस अधिकारियों का मानना है कि इस क्षेत्र से रोजाना हजारों छात्राएं गुजरती है और महिलाओं का भी आवागमन रहता है बूथ से सभी को सहायता मिलेगी। बता दे कि शासन के निर्देश पर सभी जनपदों में महिला उत्पीडन संबंधी मामलों के निस्तारण के लिए जहां महिला थाने का शुभारंभ किया गया है।

# छेड़खानी के आरोप में छात्राओं ने युवक को पीटा

## थाना पहुंचकर की कार्यवाही की मांग, पुलिस बोली- पारिवारिक है मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** किसी भी विवाद की रंजिश निकालने के लिए आदमी किसी हद तक भी गुजर सकता है। ऐसा ही मामला सिविल लाइन क्षेत्र के अस्पताल चौराहे पर देखने को मिला दो छात्राओं ने एक युवक को दबोचकर छेड़खानी का आरोप लगाते हुए जमकर शोर शराबा ही नही किया बल्कि उसकी काफी देर तक धुनाई भी की। ये हाइवोल्ट ड्रामा काफी देर तक चला और इसके देखने के लिए मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई इस समय तक पुलिस भी यही समझ रही थी कि आरोपी ने छेड़खानी की है और कार्यवाही के लिए जब उसको थाने ले जाया गया तो मामला रिश्तेदारी का निकला। पुलिस जांच में आया कि दोनो पक्षों के बीच एक मामला कोर्ट में चल रहा है। और इसी के चलते युवक की धुनाई की। गनीमत यह रही कि इस दौरान भीड़ ने युवक पर हमला नहीं किया वरना उसको कोई भी नुकसान हो सकता था। इसके बाद छात्रा व परिजन सिविल लाइन थाना पहुंच गए।

अस्पताल चौराहे पर गुरूवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब स्कूल की ड्रेस में दो छात्राओं ने एक युवक पर छेडखानी का आरोप लगाते हुए उसको दबोच लिया और धुनाई शुरू कर दी। दोनो बहने मेरठ रोड स्थित एक डिग्री कॉलेज की छात्राएं है और छुट्टी होने के बाद वह स्कूटी द्वारा अपने घर लौट रही थी इसी बीच उनको युवक नजर आया और उस पर अश्लील टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए धुनाई शुरू कर दी। कुछ ही देर में यहां लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। होमगार्ड व पीआरडी के जवान भीड़ के बीच पहुंचे और युवक को बड़ी मुश्किल के बाद छुड़ाया गया। छात्राएं लगातार छेडखानी का आरोप लगाकर हमलावर होती रही और इसकी जानकारी मिली तो छात्रा के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। सूत्रों का कहना है कि दोनो पक्ष आपस में रिश्तेदार है और सिविल लाइन थाने पहुंचकर इस परिवार ने कार्यवाही की मांग की है। पुलिस को छानबीन में पता चला कि छात्रा की शादी ढाई वर्ष पूर्व हुई थी और ससुरालईयों पर प्रताडित करने का आरोप है ससुरालाईयों के विरूद्ध कोर्ट में केश भी चल रहा है और यहां बड़ी बेटी का देवर यहां पहुंचा तो छात्रा ने उसके साथ मारपीट की। छात्राओं का आरोप है कि कोर्ट में केश चलने के बावजूद उनको लगातार धमकी दी जा रही है और रोजाना उनका पीछा किया जाता है। कई बार अश्लील हरकत व छेडखानी भी की गई है।

उधर सिविल लाइन थाना प्रभारी का कहना है कि दो छात्राओं ने युवक के साथ मारपीट की और पूछताछ में पता चला कि उनका आपसी विवाद है और इस मामले में कार्यवाही की जाएगी।

# बच्चों को लैपटॉप-तीन बालिकाओं को कन्या सुमंगला का लाभ

■ राज्य महिला आयोग सदस्य सपना कश्यप ने बढ़ाया हौंसला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** जिला पंचायत सभागार में सेवा पखवाड़ा और मिशन शक्ति अभियान कार्यक्रम में सेवा पखवाड़ा और मिशन शक्ति अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज्य महिला आयोग की सदस्य सपना कश्यप मुख्य अतिथि थीं। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल और अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन किया।



जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा की उपस्थिति में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत तीन बालिकाओं को धनराशि स्वीकृति प्रमाणपत्र दिए गए। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत 14 बच्चों को लैपटॉप वितरित किए गए। जिलाधिकारी ने बच्चों को लैपटॉप का शैक्षिक कार्यों में उपयोग करने की सलाह दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि महिला बीट पुलिस ग्राम पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान चला रही है। सपना कश्यप ने महिलाओं और बालिकाओं को आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112, 1098 की जानकारी दी।

कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख मोरना अनिल राठी, सहकारिता प्रकोष्ठ के रविन्द्र, रामकुमार, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी दीक्षा उपाध्याय और जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



मुजफ्फरनगर: स्वच्छता पखवाड़े के तहत सफाई अभियान का आगाज करती चेयरपर्सन व ईओ।

# चेयरपर्सन व ईओ ने झाड़ू लगाकर किया स्वच्छता पखवाड़े का आगाज़

■ कम्पनी बाग में सभासदों के साथ उठाया कूड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती तक चलने वाले स्वच्छता पखवाड़ा का आगाज नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप और ईओ प्रज्ञा सिंह ने कमला नेहरू वाटिका में अपने हाथों से झाड़ू लगाकर किया। अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि स्वच्छता केवल सफाई कर्मचारियों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर नागरिक को अपने घर, गली और मोहल्ले को स्वच्छ रखना चाहिए। नगर पालिका ईओ प्रज्ञा सिंह ने बताया कि इस पखवाड़े में नालों की सफाई, प्लास्टिक मुक्त अभियान और गीले सूखे कचरे के पृथक्करण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। वार्ड सभासदों ने भी झाड़ू लगाकर यह संदेश दिया कि जब जनप्रतिनिधि स्वयं सफाई करेंगे तो जनता भी प्रेरित होगी। कमला नेहरू वाटिका में चलाए गए इस अभियान में नगर पालिका कर्मचारियों, स्वयंसेवी संस्थाओं और बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। अभियान नै पूरे क्षेत्र में स्वच्छता का संदेश फैलाया। यह अभियान अब 2 अक्टूबर तक नगर के विभिन्न वार्डो और सार्वजनिक स्थलों पर लगातार चलाया जाएगा।

# फायरिंग के आरोपी से राईफल, पिस्टल व रिवॉल्वर बरामद

**मुजफ्फरनगर।** तितावी पुलिस ने ढाबे पर फायरिंग कर सनसनी फैलाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लाईसेंसी राईफल पिस्टल व रिवॉल्वर तथा 130 करातूस बरामद करने का दावा किया है। बाबरी निवासी शिवम पुत्र शेर सिंह ने तितावी थाने में मुकदमा दर्ज कराया था कि पानीपत खटीमा मार्ग पर उसका ढाबा है और रात्रि में ट्रेक्टर व गाडी में सवार होकर आए लोगों ने जबरदस्ती खाना मांगा तो आरोपी अंशुल पुत्र कर्मवीर व दो अज्ञात लोगों ने कई राउंड फायरिंग की। अंशुल पुत्र कर्मवीर सैनी निवासी बाबरी व हाल उत्तरी सिविल लाइन को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लाईसेंसी और कारतूस भारी मात्रा में बरामद किए है।

# 250 कैमरें खंगालने पर मिला आर्यन, एसएसपी का जताया आभार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत तितावी पुलिस ने जवाहर नवोद्य विद्यालय बघरा से गायब हुए छात्र को बरामद कर परिजनों को सौप दिया है। गुरूवार को घर लौटे बच्चे को देखने के लिए रिश्तेदार व ग्रामीण यहां पहुंचे और खुशी जाहिर की। बच्चे को बरामद करने में एसएसपी के निर्देश न में कई टीमों ने काम किया। एक टीम महिला पुलिसकर्मियों की बनाई गई थी और छह राज्यों तक की गई तलाश और 250 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखने के बाद पुलिस इस सफलता तक पहुंची। और सर्विलांस में अन्य तकनीकि संसाधनों का भी प्रयोग किया गया। एसएसपी ने पुलिस टीम को पुरस्कृत भी किया है।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने गुरूवार को लापता छात्र आर्यन की बरामदगी के बाद जानकारीदेते हुए बताया कि जवाहर नवोद्य विद्यालय बघरा के कक्षा नौ के छात्र आर्यन पुत्र आतिश निवासी अलीपुर कला इक्कीस सितम्बर को विद्यालस से लापता हो गया था। पुलिस की छानबीन में पता चला था कि सहपाठी से सीट को लेकर विवाद के बाद स्कूल के मास्टर द्वारा धमकाने के बाद छात्र लापता हुआ था। उन्होने बताया कि विद्यालय के प्रचार्य आरके कटारिया ने इस मामले का मुकदमा तुरंत ही दर्ज करा दिया था,हालांकि इस मामले को लेकर कई रोज तक धरना प्रदर्शन चले और पुलिस पर लापरवाही के आरोप भी लगे, लेकिन एसएसपी ने बच्चे की सकुशल बरामदगी के लिए गोपनीय तरीके से कार्यवाही करते हुए महिला उपनिरीक्षक रेनू चौधरी व अन्य टीम गठित की। सर्विलांस का सहारा लिया गया अन्य तकनीकि संसाधनो का भी प्रयोग हुआ। पुलिस ने उत्तराखंड के हरिद्वार, ऋषिकेश व जनपद सहारनपुर, मेरठ, हरियाणा राज्य पंजाब, दिल्ली-जम्मू कश्मीर सहित अन्य कई जनपद व राज्यों में छात्र आर्यन की तलाश की। छात्र की सकुशल बरामदगी के लिए करीब 250 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई तो बुधवार को पुलिस छात्र को बरामद करने में सफल हुई। पुलिस ने रात्रि में ही छात्र को परिवार के सुपुर्द कर दिया था। जहां परिजन व ग्रामीणों ने पुलिस की सराहना की। एसएसपी का कहना है कि विद्यालय के होस्टल की दीवार कुदने के बाद बिना किसी को बताए छात्र मेरठ गया और एक व्यक्ति के साथ कई दिन बिताए।

# हत्या-लूट के प्रयास में एक को उम्र कैद, जुर्माना भी

■ तेरह साल बाद पीड़ित परिवार को मिला इंसाफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अभियोजन के अनुसार 28 जुलाई 2012 को शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव कुटबा निवासी इदरीश पुत्र इकरार पर लूट के प्रयास का आरोप लगा था। पीड़ित रियाजूद्दीन पुत्र कवलदीन निवासी सोरम थाना शाहपुर के पुत्र आस मौहम्मद उर्फ आशू की गोली मारकर हत्या भी की गई थी।

लूट के प्रयास व आशू हत्याकांड का मामला शाहपुर थाने में दर्ज कर लिया गया था पुलिस ने 28 जुलाई 2012 को इदरीश को जेल भेज दिया था और विवेचना को आगे बढ़ाते हुए छानबीन कर 21अगस्त 2012 को आरोपी के विरूद्ध कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। यह मामला अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम के यहां विचाराधीन था मुकदमें की पैरोकारी एडीजीसी आशीष त्यागी ने की।

मुकदमे के दौरान दोनो अधिवक्ताओं ने अपनी-अपनी दलीले पेश कर कोर्ट में धारा 302, 34, 394 आईपीसी के तहत कुछ सबूत भी रखे जहां कोर्ट ने इदरीश को आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए दोषी पर बारह हजार रूपये का अर्थदण्ड भी लगाया है।

# जनकल्याणकारी प्रदर्शनी का कस्तूरबा की बालिकाओं ने किया भ्रमण

■ मण्डल स्तर प्रतियोगिता की विजेता टीम को पगड़ी पहनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सेवा पर्व के अंतर्गत सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश, जनपद मुज़फ्फरनगर द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में स्थापित प्रदर्शनी में आज जनपद के विभिन्न कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने चित्र प्रदर्शनी का भ्रमण कर जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली।

इस अवसर पर मंडल स्तर पर आयोजित खो-खो प्रतियोगिता में जनपद के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की अंडर 14 की कप्तान नंदिनी एवं उनकी टीम तथा अंडर 17





की कप्तान पल्लवी एवं उनकी टीम को पगड़ी पहनाकर एवं पटका भेंटकर जिला सूचना अधिकारी नरसिंह एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने संयुक्त रूप से सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया सम्माम कार्यक्रम का आयोजन बाल कल्याण समिति के सदस्य डॉ राजीव कुमार द्वारा किया गया था। जिला सूचना अधिकारी ने बताया कि यह प्रदर्शनी 17 सितंबर से शुरू हुई जो दो अक्टूबर तक आयोजित होगी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर विशेष कार्यकम आयोजित होंगे। इस अवसर पर अंकुर कुमार जिला समन्वयक बालिका शिक्षा, वार्डन बबिता शर्मा तथा सुश्री शिल्पा स्पोर्ट्स शिक्षक शामिल रहे।

# बिल वसूली को गई टीम पर हमला करने का प्रयास, अवर अभियंता की शिकायत पर जांच शुरू

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** बकाया बिजली बिल की वसूली करने पहुँची विद्युत विभाग की टीम पर मोहल्ले के युवक ने हमला करने का प्रयास किया। टीम के साथ गाली-गलौच और धक्का-मुक्की भी की गई। अवर अभियंता की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

गुरुवार को अवर अभियंता कमल सिंह पुत्र अमीचंद के नेतृत्व में विद्युत विभाग की टीम कस्बे के सराफान मोहल्ले में बकाया बिल वसूली के लिए पहुँची थी। टीम मो. हसीना के घर पहुंची तो परिवार का युवक नुरबान पुत्र अली हसन अचानक विरोध करने लगा। आरोप है कि नुरबान ने टीम के साथ अभद्रता करते हुए गाली-गलौच की और अवर अभियंता पर जान से मारने की नियत से ईंट उठाकर हमला करने का प्रयास किया। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और विभागीय टीम को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद अवर अभियंता कमल सिंह ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी युवक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। इस घटना से विद्युत विभाग की टीम में हड़कंप मचा हुआ है।?

## रील बनाने के चक्कर में गई युवक की जान

**खतौली।** रेलवे स्टेशन और सार्वजनिक स्थलों पर रील बनाने वालों पर शासन द्वारा कड़े निर्देशों और प्रतिबंध के बावजूद युवा वर्ग बाज नहीं आ रहा है। लापरवाही और शौक में की जा रही यह हरकतें जानलेवा साबित हो रही हैं। गुरुवार को खतौली में ऐसा ही एक हादसा हुआ, जब रेलवे ट्रैक पर रील बना रहे एक युवक की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई।

गुरुवार को एक युवक अपने भाई के साथ रेलवे स्टेशन के समीप ट्रैक पर सोशल मीडिया पर अपलोड करने के लिए रील बना रहा था। इसी दौरान जैसे ही वह ट्रैक पर चलकर वीडियो शूट कर रहा था, तभी पीछे से आ रही मालगाड़ी की चपेट में आ गया। हादसा इतना भीषण था कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की प्रारंभिक जांच के दौरान मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई थी, लेकिन बाद में स्थानीय लोगों की मदद से युवक की पहचान प्रिंस पुत्र राजीव, हाल निवासी शेखपुरा, मूल निवासी चाँदसमन के रूप में हुई। इस दर्दनाक हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं, घटना के बाद रेलवे ट्रैक पर काफी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए।

## सपा नेता ताज जिया के यहां आजम की रिहाई पर मना जश्न

**बुढ़ाना।** सपा नगर अध्यक्ष ताज जिया नम्बरदार के आवास पर सैंकड़ों लोगों ने आजम खान की रिहाई होने की खुशी में भव्य जश्न मनाया और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मुबारकबाद दी। यहां पर सपा नगर अध्यक्ष ताज जिया नम्बरदार ने कहा कि आजम खान की रिहाई समाज के कमजोर और पिछड़े वर्गों के लिए प्रेरणादायक है।

यहां पूर्व वाइस चेयरमेन शजाऊद्दीन तोमर ने आजम की रिहाई को सपा की सबसे बड़ी कामयाबी बताया व कार्यकर्ताओं से आगामी योजनाओं पर चर्चा कर जनता के बीच पार्टी की पहुंच बढ़ाने का संकल्प लिया। यहां तोसीफ राही, आसिफ शरीफ, अल्ताफ कुरैशी, पूर्व सभासद नौशाद कुरैशी उर्फ काला, शवाब, शाहवेज सिद्दीकी एडवोकेट, आरिफ कुरैशी शरीफ, एक्टर याकूब राणा और एडवोकेट कासिफ सिद्दीकी के अलावा समा. जवादी पार्टी के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं की भी उपस्थिति रही।

# भाजपा सरकार में महिला सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकताः मीनाक्षी



**मुजफ्फरनगर।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वाभिमान को समर्पित 'मिशन शक्ति 5.0' अभियान को लेकर प्रदेशभर में जागरूकता के लिए पुलिस प्रशासन जुट चुका है, जनपद में भी अनेक. ।नेक कार्यक्रम हो रहे हैं। ऐसे में अब पुलिस और प्रशासन के साथ मिलकर नगरपालिका परिषद् के द्वारा भी महिला शक्ति को अधिक. ।रों के प्रति जागरुक करने का काम किया जायेगा।

गुरूवार को नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप के पटेलनगर स्थित आवास पर एसपी क्राइम सिद्धार्थ ने शिष्टाचार भेंट की, जिसमें मिशन शक्ति अभियान के आगामी कार्यक्रमों और योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता स्वरूप, व्यापारी नेता शलभ गुप्ता एवं विकास राठी भी उपस्थित रहे।एसपी क्राइम इंदु सिद्धार्थ द्वारा मिशन शक्ति 5.0 अभियान को ज़मीनी स्तर तक पहुँचाने हेतु सहयोग की अपेक्षा की गई, जिस पर नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप और गौरव स्वरूप ने पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिवार, भाजपा कार्यकर्ता और शहरवासी मिलकर इस मुहिम को हर गली, हर मोहल्ले तक पहुँचाएँगे। उन्होंने बताया कि मिशन शक्ति के अंतर्गत शुरू की गई महिला हेल्पलाइन सेवा को हर घर तक पहुँचाने का कार्य नगर पालिका द्वारा किया जाएगा।

इसके लिए जनजागरूकता अभियान के तहत बड़े पैमाने पर कार्यक्रमों का आयोजन शीघ्र ही किया जाएगा। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए किये जा रहे कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि मिशन शक्ति जैसे अभियान नारी शक्ति को सम्मान और सुरक्षा का संबल प्रदान करते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिला कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। भाजपा सरकारों का उद्देश्य है एक सशक्त, सुरक्षित और आत्मनिर्भर नारी समाज की स्थापना। हम सब मिलकर इस अभियान को सफल बनाएँगे और हर महिला को उसका अधिकार और आत्मविश्वास लौटाएँगे। नगरपालिका अध्यक्ष ने यह भी कहा कि शहर की प्रत्येक महिला तक मिशन शक्ति के लाभ और जागरूकता को पहुँचाने के लिए पुलिस एवं प्रशासन के साथ नगर पालिका हरसंभव प्रयास करेंगी। व्यापारी वर्ग, सामाजिक संगठनों, युवाओं और महिलाओं से अपील की गई है कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

# व्यापार कर की बैठक में व्यापारियों ने किया बहिष्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सरकार की नीतियों से व्यापारी हुए नाराज नजर आए। जॉइंट कमिश्नर व्यापार कर विभाग राम प्रसाद के अध्यक्षता में व्यापार कर विभाग द्वारा व्यापारियों की एक बैठक सिटी सेंटर स्थित विभाग के कार्यालय में बुलाई गई जिसमें शहर के सभी प्रमुख व्यापारी नेताओं ने भाग लिया व्यापारी नेता प्रमोद मित्तल एवं पवन बंसल ने बात रखी के एस आई बी बिना डीएम के परमिशन के सर्वे नहीं कर सकेगा ऐसा पूर्व की सरकारों ने व्यवस्था की थी और ज्वाइंट कमिश्नर के लेटर के बिना डिप्टी कमिश्नर सर्वे नहीं कर सकेगा, लेकिन कोई भी व्यक्ति आता है और किसी भी व्यापारी की यदि शिकायत कर देता है जॉइंट कमिश्नर तुरंत उसकी शिकायत पर बिना जांच करें एक्शन ले लेते हैं



जिसका व्यापारियों ने कड़ा विरोध किया। व्यापारी नेता संजय मित्तल ने आरोप लगाया जब जीएसटी का रजिस्ट्रेशन कराया जाता है तो विभाग के अधिकारी मौका मुआयना करने के बाद ही रजिस्ट्रेशन देते हैं फिर उसके बाद अब दुकानों पर जाकर सर्वे करने का क्या मतलब जब की व्यापारी को विभाग द्वारा पंजीकृत कर दिया गया है और यदि उसे पते पर व्यापारी नहीं मिलता वह किसी कार्य से बाहर गया हुआ है या अपनी दूसरी फार्म पर बैठा हुआ है तो यह लिख दिया जाता है कि उपरोक्त पंजीकृत व्यापारी यहां पर व्यापार नहीं करता व्यापारी नेता मोहन तायल ने आरोप लगाया कि सरकार ने कुछ चीजों पर जीएसटी खत्म कर दी है लेकिन अभी व्यापारी के पास पुराना स्टॉक है जो 18 परसेंट व्यापार कर देकर आया हुआ है अब उसे पर 5 प्रतिशत व्यापार कर हो गया है जो डिफरेंट का 13 प्रतिशत टैक्स का पैसा विभाग के पास जमा है उसे कैसे और कब मिलेगा। उसके विरुद्ध एक लाम. बंद हो कर मीटिंग का बहिष्कार किया। बैठक में प्रमोद मित्तल भूपेंद्र गोयल राहुल गोयल संजय मित्तल पवन बंसल श्रीमोहन तायल कृष्ण गोपाल मित्तल शलभ गुप्ता अजय सिंगल दिनेश बंसल अनिल तायल आदि प्रमुख नेताओं ने अपना विरोध जताकर सभा का बहिष्कार किया और वहां से चले आए।

## श्मशान घाट में रहता है अंधेरा, लाइट चालू कराने की मांग

**बुढ़ाना।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल रजिस्टर्ड ईकाई बुढ़ाना के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल ने बताया कि बुढ़ाना कस्बे के श्मशान घाट में आज बृहस्पतिवार की रात कस्बे के वृद्ध व्यापारी की मृत्यु हो गयी थी।

जिनका अंतिम संस्कार अंधेरे में किया गया। जिसके चलते दिक्कतों का सामना करना पड़ा। यहां पर लाइटें लगी हैं लेकिन जलती नहीं। इस बारे में जब इस संवाददाता ने बुढ़ाना नगर पंचायत की अध्यक्षा उमा त्यागी कौशल से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि शमशान घाट की लाइटें चकाचक हैं। आकस्मिक कोई खराबी आई होगी। इसको वह सुबह को दिखवाएंगी।

# भैंसी खतौली में गणित ओलंपियाड का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** ब्लॉक संसाधन केन्द्र भैंसी खतौली के प्रांगण में खण्ड शिक्षा अधिकारी पंकज अग्रवाल के नेतृत्व में ब्लॉक स्तरीय गणित ओलंपियाड का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विकास क्षेत्र के सभी उच्च प्राथमिक विद्यालयों से चयनित दो-दो सर्वश्रेष्ठ छात्रों ने प्रतिभाग किया। गणित विषय की 100 अंकों की लिखित परीक्षा के बाद शीर्ष 10 छात्रों का चयन किया गया। परिणाम में विराट (बड़सु) प्रथम, परिधि (दाहोड) द्वितीय तथा अभिषेक (चाँदसमंद) तृतीय स्थान पर रहे। इनके अलावा नंदिनी (खेड़ी तगान), सृष्टि (बड़सु), नीतीश (मकसूदाबाद), दिव्या व माही (भूपखेड़ी), विष्णु (मोहिद्दीनपुर) का चयन किया गया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग कुलदीप जैन (नोडल संकुल शिक्षक नावला), एसआरजी विनीत पंवार, एआरपी शैलेन्द्र, अजय शर्मा, अजीत कुमार, धर्मवीर, अमीर आजम, निकिता और नवनीत ने दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे जिनमें विनोद, सिद्धार्थ रघुवंशी, देवेंद्र शर्मा, राजदीप, बृजपाल, बेगराज, धीरज, राजीव, हरीश, नेहा, नीति, मीनू, हरपाल, योगेश, रमेश, राजेंद्र और आनंद शामिल रहे।आयोजन के दौरान चयनित छात्रों को प्रमाणपत्र और स्टेशनरी सामग्री भेंट की गई जबकि सभी प्रतिभागियों को रजिस्टर, पेन और फल वितरित किए गए। चयनित विद्यार्थियों की सूची जनपद स्तर पर डायट को भेजी जाएगी।

## लिव-इन रिलेशनशिप में वांछित गिरफ्तार

**खतौली।** थाना रतनपुरी पुलिस ने लिव-इन रिलेशनशिप के मामले में वांछित चल रहे युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी दूसरे समाज की महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहा था। जानकारी के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर के निर्देश पर चलाए जा रहे वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अंतर्गत थाना रतनपुरी पुलिस टीम ने 183/2025 धारा 87/351(3) बीएनएस में नामजद आरोपी 42 वर्षीय सनव्वर पुत्र इकबाल राजपूत निवासी ग्राम रियावली थाना रतनपुरी, जिला मुजफ्फरनगर को भनवाड़ा तिराहे के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस रिकार्ड के अनुसार, सनव्वर दूसरे समाज की महिला से लिव-इन रिलेशनशिप बनाकर रह रहा था। जब इस मामले की भनक हिन्दू संगठन को लगी तो उन्होंने इसका कड़ा विरोध किया था।

# कार्यशाला में छात्रों को दिया गया तकनीकी ज्ञान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में बी.सी.ए./ बी. एस. सी. (सी.एस.) विभाग के इन्फोटेन्मेंट क्लब द्वारा डेटा साइंस, ए. आई. और एम.एल.पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित । एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के बी.सी.ए./बी. एस. सी. (सी.एस.) विभाग के इन्फोटेन्मेंट क्लब द्वारा आज ष्डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए.आई.) एवं मशीन लर्निंग (एम.एल.) विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरागत रूप से माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। दीप प्रज्ज्वलन का कार्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल, बी.सी.ए. विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव तायल तथा कार्यक्रम संयोजक अंकुर अग्रवाल, सोनू प्रकाश के संस्थापक एवं सी.ई. ओ), अमन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. मित्तल ने कहा कि तकनीकी शिक्षा में निरंतर हो रहे बदलावों को अपनाना ही आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

उन्होंने बताया कि डेटा साइंस, ए.आई. और एम. एल. भविष्य की तकनीक हैं और इनका ज्ञान विद्यार्थियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ने में सक्षम बनाएगा।

बी.सी.ए. विभागाध्यक्ष डॉ. सजीव तायल ने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियाँ छात्रों को सैद्धांतिक ज्ञान से आगे बढ़कर व्यावहारिक समझ और औद्योगिक अनुभव प्रदान करती हैं। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे इस अवसर का पूरा लाभ उठाएँ और विषय विशेषज्ञों द्वारा साझा किए जाने वाले ज्ञान को आत्मसात करें।

कार्यक्रम के संयोजक अंकुर अग्रवाल ने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों को नवीनतम तकनीकों से परिचित कराना और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना है। उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित किया कि वे इस अवसर को केवल एक सत्र न मानें बल्कि इसे अपने करियर निर्माण की मजबूत नींव बनाएं। इसके बाद के संस्थापक एवं सी.ई.ओर सोनू प्रकाश ने विद्यार्थियों को डेटा साइंस के महत्व और इसके विभिन्न अनुप्रयोगों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि आज के समय में हर क्षेत्र- चाहे वह शिक्षा हो, स्वास्थ्य सेवा कृषि, बैंकिंग, ई-कॉमर्स या सरकारी नीतियाँकृडेटा साइंस पर आधारित हो चुका हैं। उन्होंने डेटा संग्रहण, विश्लेषण, पैटर्न पहचान और निर्णय लेने की प्रक्रिया को समझाया और उदाहरणों के माध्यम से स्पष्ट किया कि कैसे डेटा साइंस आज के डिजिटल युग की धुरी बन चुका है।

## चलती बस से मजदूर को फेंका, गंभीर रूप से घायल

**खतौली।** कोतवाली क्षेत्र के गांव केलावड़ा निवासी एक मजदूर को चलती बस से धक्का देने का मामला सामने आया है। हादसे में मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित ने बस कंडक्टर के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, राकेश पुत्र हरिराम निवासी केलावड़ा मजदूरी करने के लिए गांव से निकला था। वह जवान काटे से पमनावली चौकी तक जाने के लिए एक प्राइवेट बस में सवार हुआ। आरोप है कि रास्ते में कंडक्टर ने उससे किराया मांगा। मजदूर ने आर्थिक तंगी के चलते किराया न होने की बात कही। इस पर कंडक्टर ने उससे गाली-गलौज की और चलती बस से धक्का दे दिया। अचानक धक्का लगने से राकेश सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर कंडक्टर के खिलाफ तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# पीडब्ल्यूडी के चिन्हिकरण से पुरकाजी के व्यापारियों में रोष, चेयरमैन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** लोक निर्माण विभाग द्वारा भूराहेड़ी में 60 फुट ओर कस्बा पुरकाजी के बीच में 55 फुट पर निशान लगाए जाने से व्यापारियों और किसानों के आक्रोश पनप रहा है इसी के विरोध में पुरकाजी चेयरमैन जहीर फारूकी के नेतृत्व में व्यापारियों और किसानों की संयुक्त बैठक नगर पंचायत पुरकाजी सभागार में आयोजित हुई जिसमें मुख्य अतिथि भाकियू राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी नेपाल सिंह ने तथा संचालन मोनू प्रधान ने किया लोक निर्माण विभाग द्वारा पुरकाजी में तोड़फोड़ की कार्यवाही करने पर चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि पुरकाजी में बाईपास बन चुका है कोई तोड़फोड़ नहीं होनी दी जायेगी आंदोलन के लिए तैयार हैं।



पुरकाजी नगर पंचायत सभागार में व्यापारियों एवं किसानों के संयुक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि पुरकाजी बाईपास बन चुका है अब पुरकाजी में को लोक निर्माण विभाग कहा जहाज उड़ाना चाहता है पहले अलीगढ़ सीता. पुर शाहजहांपुर में सड़क चौड़ी करे उसके बाद पुरकाजी में नम्बर आयेगा चौधरी राकेश टिकैत ने पुरकाजी चेयरमैन जहीर फारूकी के कार्यो की प्रशंसा करते हुए कहा कि चार पांच और नगर पंचायतें फारूकी को सौंप दो उनका भी उद्धार कर देगा पुरकाजी में सड़क चौड़ीकरण के नाम पर किसी का एक कौना भी बिना सहमति के टूटने नहीं देंगे पुरकाजी में कोई भी अनावश्यक हस्तक्षेप ना करे वरना आंदोलन झेलने के लिए तैयार रहे विकास शर्मा जिला पंचायत सदस्य चरथावल ने कहा कि लोक निर्माण विभाग ने चरथावल में भी तानाशाही दिखाई थी लोगों के पूरे जीवन की कमाई के मकान और दुकानों को तोड़ने का निशान लगाया था लेकिन हमने तानाशाही नहीं चलने दी चेयरमैन पुरकाजी जहीर फारुकी ने कहा कि लोक निर्माण विभाग द्वारा भूराहेड़ी से पुरकाजी की तरफ मात्र पांच पांच फुट सड़क चौड़ी की जा रही है लेकिन भूराहेड़ी में 60 फुट और पुरकाजी में 55 फुट पर निशान लगाकर व्यापारियों और किसानों का उत्पीड़न करने का लक्ष्य है हम गलत कार्यवाही नहीं होने देंगे जिलाध्यक्ष नवीन राठी ने कहा कि लोक निर्माण विभाग मनमर्जी से निशान लगा रहा है।

मनमर्जी नहीं चलने दी जायेगी इस मौके पर योगेश शर्मा पूर्व जिलाध्यक्ष, दीपक माहेश्वरी, निर्दोष जैन, लाला नवीन कुमार, संदीप गोयल, रॉबिन गोयल, वंश अग्रवाल, सुखपाल बेदी, धर्मेंद्र मित्तल, कपिल मित्तल, संजीव गोयल, अकील खान, इरशाद फरीदी, वीरेंद्र टाइप वाले, डॉक्टर पंकज, पप्पू कर्नवाल, संजीव खुलकर, रेवती रमन, अंकित गोयल, हाजी सलीम , अफसर प्रधान, मोहित, विकास, आदि किसान मौजूद रहे।

## राम वनवास, दशरथ मरण व राम केवट संवाद की लीला का मंचन

**भोपा।** जूनियर हाई स्कूल के प्रांगण में युवा रामलीला कमेटी के तत्वावधान में आयोजित श्री रामलीला में कलाकारों ने राम वनवास, दशरथ मरण व राम केवट संवाद की रामलीला का मनोहारी मंचन किया। भोपा में अंग्रेजी शासन काल से श्री रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। कमेटी के संरक्षक अमरपाल सैनी , अध्यक्ष अनिल कांत शर्मा, डायरेक्टर शुभम शर्मा व तरूण प्रधान के संयोजन में बुधवार की रात्रि में राम वनवास, दशरथ मरण व राम केवट संवाद की रामलीला का मनोहारी मंचन किया गया। जिसमें श्रीराम का किरदार भानु शर्मा व लक्ष्मण का किरदार आशीष सैनी ने किया। जनेश्वर वालिया ने दशरथ तथा मनोज शर्मा ने सुमंत का रोल अदा किया। केवट का अभिनय तरूण धीमान ने किया। रामलीला को देखने के लिए आस पास के गांवों से भी अनेक लोग पहुंचे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात रहा।

## साहिल सौंधी की पार्टी में नहीं होती अश्लीलता

**बुढ़ाना।** बीते शनिवार को हुई डांडिया पार्टी बहुत ही हिट रही। जिसको लेकर दिल्ली पार्टी के किंग साहिल सोंधी भी चर्चाओं में आ गये हैं। इनकी पार्टी में एक खास बात तो है। इसमें अश्लीलता का जरा सा भी मिश्रण नहीं होता। यही कारण है कि इस पार्टी में संभ्रांत परिवार के लोग भी शामिल होकर अपनी दिन भर की टेंशन दूर करते हैं। अब अगली पार्टी नई दिल्ली की न्यू फेंड्स कालोनी में आगामी 04 अक्टूबर को होने जा रही है। जिसका नाम टेक्नो नाइट दर्द ए डिस्को रखा गया है। जिसका इंतजार सभी को बेसब्री से है। हैंगओवर नाइट्स पार्टी जिसके आनर खुद साहिल सौंधी और उनकी हमसफर गोलू है जो पार्टी की तैयारियों में पूरी तरह से व्यस्त हैं। हैंगओवर नाइट्स के मीडिया पार्टनर की जब इस पार्टी के संबंध में साहिल सौंधी से बातचीत हुई तो उन्होंने बताया कि हमारी पार्टी में दिल्ली के जाने माने लोग आयेंगे और जय स्पेशल ढोल, रंग बिरंगे लहंगे व चुनरी से सजी लड़कियां जो कि डांस करेंगी और पार्टी में चार चांद लगाएंगी। उन्होंने पिछली पार्टी का पूरा कार्यक्रम जब सोशल मीडिया पर वायरल किया तो उनकी डिमांड बढ़ गयी। अब सुरक्षा को देखते हुए उन्होंने देर रात तक आने वाले कपल्स की एंट्री बंद कर दी है।

## रायपुर नंगली अंडरपास पर प्रकाश व्यवस्था की मांग

**खतौली।** रायपुर नंगली गांव स्थित नेशनल हाईवे अंडरपास पर प्रकाश व्यवस्था न होने से आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। मंगलवार देर रात अंधेरे के कारण हुए हादसे में तीन लोगों की मौत के बाद क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है।हादसे से व्यथित भारतीय किसान यूनियन (भाकिय) के एनसीआर महामंत्री सचिन चौधरी एवं ग्राम प्रधान रायपुर नंगली चौधरी आशुतोष तालियान ने बुधवार को मुजफ्फरनगर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा से मुलाकात की। ग्रामीणों का कहना है कि प्रकाश व्यवस्था न होने के कारण लंबे समय से हादसे हो रहे हैं। इस संबंध में कई बार शीर्ष अधिक. ।रियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि समस्या का समाधान प्राथमिकता पर कराया जाएगा।

# स्नातक वोट बनाने को भाजपाइयों ने कालेजों में बांटे फॉर्म

**बुढ़ाना।** सहारनपुर और मेरठ मण्डल में आगामी समय में होने जा रहे विधान परिषद शिक्षक स्नातक के चुनाव को लेकर कस्बे में बृहस्पतिवार को भाजपाईयों ने कालेजों में पहुंचकर स्नातक वोट बनाए जाने के लिए फार्म बांटे और उनको फार्म भरने का तरीका बताया।

कार्यकर्ताओ ने अनेक विद्यालयों में वोट बनवाने के लिए छात्र छात्राओं, शिक्षक व शिक्षिकाओं से सम्पर्क कर उनको वोट बनवाने के लिए जागरूक किया। यहां भूमि विकास बैंक बुढाना के चेयरमैन और शिक्षक स्नातक एमएलसी के विधानसभा बुढ़ाना क्षेत्र के संयोजक विनोद सैनी, शिक्षक एमएलसी के बुढ़ाना मण्डल संयोजक मुकेश शर्मा, शिक्षक एमएलसी बुढ़ाना मण्डल के सह संयोजक पुनीत शर्मा और सोशल मीडिया संयोजक मौहम्मद शाहिद आदि उपस्थित रहे। दूसरी और मण्डल महामंत्री मुकेश शर्मा के



आवास पर भारतीय जन संघ के संस्थापक पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली अर्पित की गई। यहां पर मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओ ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों और राष्ट्र प्रथम की भावना से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से भूमि विकास बैंक बुढाना के चेयरमैन विनोद सैनी, पूर्व सभासद मुकेश शर्मा, सोशल मीडिया संयोजक मौहम्मद शाहिद, भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष पुनीत शर्मा, लोकेश, प्रवेश कुमार व मोनू आदि भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थित रही।

# स्वच्छता की सेवा थीम पर छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा एवं मुख्य विकास अधिकारी कण्डारकर कमलकिशोर देशभूषण के निर्देशन में जिला गंगा समिति, स्वच्छता ही सेवा की थीम स्वच्छ उत्सव के अंतर्गत विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया जिसमे धार्मिक एवं पर्यटक स्थल शुकतीर्थ में गंगा घाट/तट पर विभिन्न स्कूल के छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर सफाई कराई गई, जिसमे गंगा के किनारे से कचरा, विसर्जित पूजा सामग्री, सिंगल यूज़ प्लास्टिक, कपड़े आदि एकत्रित किया गया जिससे कि भारत की जीवन रेखा गंगा निर्मलता एवं अविरलता के साथ बह सके। डॉ राजीव कुमार द्वारा छात्राओं को स्वच्छता ही सेवा, स्वच्छ उत्सव तथा जनपद से होकर गुजरने वाली/ बहने वाली नदियों गंगा, सोलानी/ बाण गंगा, काली नदी व हिंडन नदी व जलीय जीवों के विषय में जानकारी दी गई। जिला परियोजना अधिकारी हर्ष कुमार द्वारा गंगा को निर्मल, अविरल रखने हेतु, उक्त अभियान में शामिल विद्यार्थियों को गंगा स्वच्छता शपथ दिलाई गई। उक्त कार्यक्रम में महर्षि शुकदेव इंटर कॉलेज, स्वामी कल्याण देव इंटर कॉलेज एवं श्री शुकदेव संस्कृत माध्यमिक विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं द्वारा प्रतिभाग कर विशेष स्वच्छता अभियान में प्रतिभाग कर श्रमदान किया गया । उक्त विशेष स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन राजीव कुमार प्रभागीय निद. ेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग/ सदस्य सचिव जिला गंगा समिति के मार्गदर्शन में डॉ राजीव कुमार एवं जिला परियोजना अधिकारी हर्ष कुमार द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में गंगा सेवा समिति के महामंत्री महकार सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

## भाकियू नेता ने दोनों ओर से विद्युत लाइनों को कराया ऊंचा

**बुढाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत सफीपुर पटी लुहसाना रोड के मौहल्ला रिलायंस टावर वाली गली और उसके बराबर वाली गली मे करीब कई दशकों से बिजली की तैंतीस केवी लाइन बस्ती के घरों के ऊपर से गुजर रही थी। जिस पर शिकायत होने के बाद भी कोई जनप्रतिनिधि ध्यान नहीं दे रहा था। इस लाइन से बस्ती में समय समय पर कई बड़े हादसे भी हो गये थे। जब इस बात का पता भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के बुढ़ाना नगर अध्यक्ष और ग्राम पंचायत सफीपुर पट्टी के प्रधान पद के उम्मीदवार इसरार अहमद को पता लगा तो उन्होंने आज बृहस्पतिवार के दिन इस सबंध में विद्युत अधिकारियों से बातचीत की तो उन्होंने मौके पर विद्युत टीम भेजी। जहां पर कर्मचारियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर उक्त विद्युत लाइन को काफी प्रयास के बाद दोनों ओर से ऊंचा कर सभी को राहत देने का कार्य किया। सभी क्षेत्रवासियों ने भाकियू नगर अध्यक्ष इसरार अहमद के इस विकासशील कार्य की काफी सराहना की ओर भविष्य में कंधे से कंधा मिलाकर चलने का आश्वासन दिया। इस संबंध में जब भाकियू नगर अध्यक्ष इसरार अहमद से बात हुई तो उन्होंने बताया कि वे अपने गांव सफीपुर पटी क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के निस्तारण के लिए हर समय तैय्यार हैं।

# कार्यालय जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर

पत्रांक संख्या-337/नाजिर सदर-प्रदर्शनी

दिनांक-25.09.2025

## ( अल्पकालीन निविदा सूचना )

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 14-10-2025 से 07-11-2025 तक (25दिन) डिस्ट्रिक्ट एग्जीबिशन कमेटी मैदान में ट्रेड फेयर मेला-2025 का आयोजन किया जायेगा। प्रदर्शनी मैदान में ट्रेड फेयर मेले के ठेके के लिए मोहरबन्द टैण्डर आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक ठेकेदार अपने टैन्डर 03-10-2025 को जिला पंचायत सभागार कलेक्ट्रेट मुजफ्फरनगर में रखे सील्ड बक्से में दोपहर 02:30 बजे से 03 बजे अपरान्ह तक डाल सकते है। टैण्डर उसी दिन/स्थान पर 3 बजे निविदादाताओं की उपस्थिति में जिला पंचायत सभागार कलेक्ट्रेट मुजफ्फरनगर में खोलें जायेगे। टेन्डर की जमानत धनराशि को केवल बैंक ड्राफ्ट द्वारा जमा किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट डिस्ट्रिक्ट एग्जीबिशन कमेटी (Payble At Muzaffarnagar) के नाम होना चाहिए। ठेका स्वीकृत होने उपरान्त 03 दिवस में ठेके की सम्पूर्ण धनराशि बैंक ड्राफ्ट एंव आर.टी. जी.एस. रुप में जमा करनी होगी अन्यथा की दशा में सम्बंधित ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए जमा धनराशि जब्त कर ली जायेगी। टैन्डर की अन्य शर्ते डिस्ट्रिक्ट एग्जीबिशन कमेटी मुजफ्फरनगर कलेक्ट्रेट कार्यालय में देखी जा सकती है। ठेके के निर्धारित धनराशि पर जी.एस.टी. एंव अतिरिक्त सरकारी टैक्स अतिरिक्त के रूप में नियत अवधि में जमा करने का दायित्व सम्बंधित ठेकेदार का होगा। टैन्डर सम्बंधी शर्ते एंव टेन्डर फार्म दिनांक 03-10-2025 प्रातः 11 बजे तक किसी भी कार्यालय दिवस/समय में डिस्ट्रिक्ट एग्जीबिशन कमेटी कलेक्ट्रेट मुजफ्फरनगर कार्यालय से टेन्डर फार्म मूल्य जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र0 सं0 | ठेके का नाम | जमानत धनराशि | टैन्डर फार्म का निर्धारित मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1. | डिस्ट्रिक्ट एग्जीबिशन कमेटी प्रदर्शनी मैदान में ट्रेड फेयर मेला-2025 का ठेका | तीस लाख रूपये मात्र | 15,000/- |

**( पंकज प्रकाश राठौर )**
**नगर मजिस्ट्रेट/प्रभारी अधिकारी**
**डिस्ट्रिक्ट एग्जीबिशन कमेटी**
**मुजफ्फरनगर।**

## नाम परिवर्तन सूचना

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या **6587/27/07/2011** में गलती से नाम **ABDULADIYAN** अंकित कराया गया था, जबकि उसका वास्तविक नाम **ABDUL ADIYAN RANA** है, और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जाएगा। नाम संशोधन हेतु शपथपत्र विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

निवेदक :-
**IZHARUL HAQUE S/O**
**ABDURRAHEEM**
H.NO. 786/5, MEERUT
ROAD, NEW RANA
HOUSE, SUJRU,
MUZAFFARNAGAR-
251003.

### छपार टोल प्रकरण में आया नया मोड़........

## भाकियू नेताओं का पूर्व प्रमुख को खुला समर्थन

**बुढ़ाना।** छपार टोल प्रकरण को जाट वर्सेज त्यागी बनाने का प्रयास करने वाले मांगेराम त्यागी के विरुद्ध भारतीय किसान यूनियन के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने बैठक में त्यागी समाज के कई भाकियू नेता भी शामिल हुए। जिन्होंने मांगेराम त्यागी पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रशासन से उनके विरुद्ध जांच की मांग कर डाली और कहा कि वे इस मामले को तूल ना दें नहीं तो सारी पोल पट्टी खोलकर रख दी जाएगी। बताया जाता है कि ब्लाक क्षेत्र के पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने छपार कस्बे में स्थित टोल का ठेका लिया हुआ है। गत दिवस टोल पर तैनात दो लोगों के साथ मारपीट हो गयी थी। जिसमें आरोपियों ने टोल के डिप्टी मैनेजर का अपहरण कर उनको मेरठ जनपद क्षेत्र में ले जाकर मार डाला था। मैनेजर की लाश भी मिल गयी थी तो पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने मृतक मैनेजर के हत्याओं की गिरफ्तारी व मृतक के आश्रितों के लिए मुआवजे की मांग कर टोल पर पंचायत की थी। तब मौके पर पहुंचकर सदर सीओ डाक्टर रवि शंकर सिंह ने काफी जद्दोजहद के बाद मामले को शांत कर पंचायत समाप्त कराकर तीन फरार हत्यारों को गोली मारकर पकड़ लिया था। मांगेराम त्यागी मांग कर रहे थे कि टोल पर उनके आदमी रखे जाएं नहीं तो जो हम चाहेंगे यहां पर वो होगा। उन्होंने वहां पर वहीं के लोगों को भड़काया तो दोनों तरफ से तनाव बना गया। अगर सीओ डाक्टर रवि शंकर फुर्ती ना दिखाते तो कोई बड़ा मामला जरुर बनता। मांगेराम त्यागी का यहां पर दोहरा चेहरा भी दिखा जिसमें उन्होंने भूनी टोल पर भी धरना प्रदर्शन कर कहा था कि भुनी और आसपास के लोग टोल पर नहीं रखे जाएंगे लेकिन छपार टोल पर वे लोकल के आदमियों को क्यों रखने पर अडे हैं। मांगेराम त्यागी के कुछ आदमियों की जो ओडियो वायरल हो रही है जिसमें वे प्रमुख विनोद मलिक से उम्मीद कर रहे हैं कि पूर्व की तरह उनको खर्चा मिलेगा यहां तक प्रमुख को धमकी दिए जाने की भी बात ओडियो में स्पष्ट रुप से सुनाई दे रही है। ये मामला उसी दिन खत्म हो गया था जिस दिन टोल पर कुछ घंटे शांतिपूर्ण तरीके से पंचायत चली लेकिन मांगेराम त्यागी ने राजनिति कर मामले को तूल दे दिया। इसी विरोध में आज डाक बंगले पर जो पंचायत में भाकियू कार्यकर्ता शामिल हुए और मांगेराम को कड़े शब्दों में निंदा की। यहां भाकियू जिला संगठन मंत्री, अंकुर बालियान, नगराध्यक्ष इसरार अहमद, नगर उपाध्यक्ष लविश जांगिड, प्रदीप सैनी हबीबपुर सीकरी, अनिल सैनी, अरविंद सैनी, राहुल सैनी, पिंटू, बाबूराम प्रधान जैतपुर, सुला चौधरी, इमरान चौधरी, आशु राणा, सुला चौधरी व ठाकुर तमशीर आदि भाकियू कार्यकर्ता मौजूद थे।

## गंग नहर में कूदी पूर्व प्रधान की पुत्रवधु का शव बेलडा नहर में मिला

**■ पुलिस ने पहचान कराकर शव पोस्टमार्टम को भेजा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** निरगाजनी गंग नहर में कूदी गांव रहमतपुर के पूर्व प्रधान की पुत्रवधु व क्षेत्र के प्रसिद्ध हलवाई की पत्नी का शव गुरुवार दोपहर को बेलडा पुल के पास नहर में मिला। पुलिस ने शव को गंग नहर से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव रहमतपुर निवासी पूर्व प्रधान संतरपाल के बेटे प्रसिद्ध हलवाई बालेंद्र उर्फ कन्हैया की पत्नी मो. निका देवी मंगलवार की दोपहर अपनी छोटी बेटी 10 वर्षीय जिया के साथ दवा लाने को कहकर निरगाजनी गंग नहर झाल पर पहुंची और गंग नहर में कूद गई जबकि बेटी ने मां को रोकने का प्रयास किया तो उसने बेटी को पीछे धक्का देकर नहर में छलांग लगा दी थी। जिसके बाद से परिजन, गोताखोर व मेरठ से पीएसी बचाव दल गंग नहर में मोटर बोट की सहायता से महिला की तलाश कर रहे थे।

गुरुवार दोपहर को बेलडा पुल के पास नहर में महिला का शव दिखाई दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को गंग नहर से बाहर निकलवाया। जिसकी पहचान ससुर संतरपाल व भाई गगन ने मोनिका के रूप में की। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया।

## गंगा घाट पर स्वच्छ उत्सव के तहत छात्रों ने की सफाई

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में जिला गंगा समिति द्वारा स्वच्छता ही सेवा की थीम स्वच्छ उत्सव के अंतर्गत विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर गंगा घाट पर विभिन्न स्कूल के छात्र - छात्राओं के साथ मिलकर साफ सफाई की। जिसमे गंगा के किनारे से कचरा, विसर्जित पूजा सामग्री, सिंगल यूज़ प्लास्टिक, कपड़े आदि एकत्रित किया गया।



जिला गंगा समिति के बैनर तले महर्षि शुकदेव इंटर कालेज मोरना, स्वामी कल्याण देव एस डी इंटर कालेज एवं श्री शुकदेव संस्कृत माध्यमिक विद्यालय के अनेक छात्र एवं छात्राए गुरुवार की सुबह स्वच्छता ही सेवा के नारों का जय घोष करते हुए गंगा घाट पहुंचे तथा साफ- सफाई कर गंगा के किनारे से कचरा, विसर्जित पूजा सामग्री, सिंगल यूज़ प्लास्टिक, कपड़े आदि एकत्रित किया गया। जिला परियोजना अधिकारी हर्ष कुमार ने गंगा को निर्मल, अविरल रखने हेतु विद्यार्थियों को गंगा स्वच्छता शपथ दिलाई गई। बाल कल्याण समिति के सदस्य डॉ राजीव कुमार ने जिले में बहने वाली नदियों गंगा, सोलानी, बाण गंगा, काली नदी व हिंडन नदी व जलीय जीवों के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग के राजीव कुमार व श्री गंगा सेवा समिति के महामंत्री डा. महकार सिंह, मैंनेजर देवेंद्र आर्य ने भी संबोधित किया।

## दिनदहाड़े महिला से की ठगी कर ठग हुआ फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** थाना क्षेत्र के गांव हेबतपुर मे दिनदहाडे महिला से साढ़े चार हजार रुपये की ठगी की वारदात से क्षेत्र मे हड़कंप मच गया वही ठगी करने वाला आरोपी ठगी करके फरार हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव हेबतपुर मे एक युवक कपड़े बेच रहा था और वह गांव की गलियों मे घूम रहा था आरोप हे की गांव की ही एक महिला को उक्त युवक ने नकली पायल को असली पायल बताकर एक युवक द्वारा महिला से साढ़े चार हजार रुपए ठग लिए गए महिला द्वारा उक्त युवक द्वारा दी गयी पायल को अन्य गांववासियो को दिखाया गया तो वह पायल नकली साबित हुई पायल के नकली होने से महिला के होश उड़ गए और महिला व गांववा. सियो द्वारा नकली पायल देने वाले युवक की तलाश की गयी जिसके बाद उक्त युवक का कोई अता पता नहीं चल पाया ठगी गयी महिला स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत आशा हे और महिला द्वारा ऐसी ठगी पर रोक लगाने की मांग की हे जिससे की भविष्य मे ठगी का शिकार अन्य कोई महिला न हो सके वही इस तरह की ठगी करने वालों का एक गिरोह क्षेत्र मे बताया जा रहा हे और यह किसी भी महिला को अपना शिकार बना सकता है।

## रालोद से अलग हुए पूर्व नेताओं ने की घर वापसी

**खतौली।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) की राजनीतिक गतिविधियों में एक और महत्वपूर्ण मोड़ देखने को मिला है। त्रिलोक त्यागी, राष्ट्रीय महासचिव संगठन रालोद, दिलनवाज खान, प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ रालोद, दिलप्रीत सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष, तासीर हसन, प्रदेश महासि. चव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, विनय कुमार, काजी फसीह अख्तर समेत रालोद के अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में कई पुराने नेता और कार्यकर्ता पार्टी में पुनः घर वापसी कराने आए। पार्टी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में रियाज सिद्दीकी, नौशाद, अनवर, राजू, रियाजउद्दीन और शादाब कुरेशी जैसे नेता उपस्थित रहे। इस अवसर पर वकील मंसूरी एवं पूर्व सभासद ने भी रालोद में दोबारा वापसी की, जिन्होंने नए और पुराने नेताओं को पार्टी के संगठनात्मक एवं लोकतांत्रिक दृष्टिकोण से जोड़ने का महत्व बताया। त्रिलोक त्यागी ने इस मौके पर कहा कि रालोद का उद्देश्य केवल राजनीति नहीं



है, बल्कि समाज के हर वर्ग के हितों को संरक्षित करना और विकास के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि पुराने नेताओं का घर वापसी करना पार्टी की मजबूती और संगठनिक एकजुटता का प्रमाण है। प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, दिलनवाज खान ने कहा कि पार्टी में सभी वर्गों के लोगों का स्वागत है और संगठन में हर नए सदस्य की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने उपस्थित नेताओं से अपील की कि वे अपने क्षेत्रों में जनता के साथ संपर्क बढ़ाएं और पार्टी की नीतियों एवं योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाएं। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश महासि. चव तासीर हसन ने कहा कि नेताओं और कार्यकर्ताओं का मिलन पार्टी की राजनीतिक मजबूती को और अधिक बढ़ाएगा। उन्होंने सभी उपस्थित नेताओं का अभिनंदन किया और आगामी विधानसभा व लोकसभा चुनावों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।कार्यक्रम में उपस्थित सभी नेताओं ने मिलकर पार्टी के लिए एकता और सामूहिक प्रयास का संकल्प लिया। रालोद में इस प्रकार की घर वापसी से पार्टी को नई ऊर्जा मिली है और स्थानीय राजनीति में इसके सकारात्मक असर की उम्मीद जताई जा रही है।

## न्यू वैल्किन स्कूल में क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** न्यू वैल्किन पब्लिक स्कूल में गुरुवार को नवीन शिक्षण प्रक्रिया एवं अनुप्रयोग' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों में शिक्षण के अभिनव तरीकों का विकास करना तथा कक्षा - कक्ष में उनके प्रभावी अनुप्रयोग की समझ को बढ़ाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रबंधक समिति एवं रिसोर्स पर्सन मेघा आहूजा, मनीष दीक्षित (रीजनल मेनेजर), गौरव अग्रवाल द्वारा मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलन से हुआ। विद्यालय की परंपरा के अनुसार अतिथियों का स्वागत फूलो का गुलदस्ता एवं बैज लगाकर किया।



मेघा आहूजा ने शिक्षण के बदलते स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज शिक्षा केवल ज्ञान हस्तांतरण तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में रचनात्मक, चिंतनशीलता और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों को नवीन शिक्षण तकनीक, छात्र केंद्रित पद्धति तथा कक्षा में नवाचार पूर्ण तरीकों के उपयोग की जानकारी दी। प्रयोगात्मक गतिविधियों को शामिल करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यशाला के दौरान शिक्षकों को इंटरएक्टिव गति. विधियों के माध्यम से यह बताया कि किस प्रकार पढ़ाई को अधिक रोचक प्रभावशाली आनंददायक और परिणामदायक बनाया जा सकता है। इस कार्यशाला में विद्यालय के सभी शिक्षकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया ।प्रशिक्षण रिसोर्स पर्सन ने शिक्षण की आधु. निक तकनीक को डिजिटल माध्यमों ,गतिविधि पर आधारित अधिगम तथा विद्यार्थी केंद्रित पद्धतियों की विस्तृत जानकारी दी। विद्यालय के प्रबंधक समिति ने रिसोर्स पर्सन मेघा आहूजा को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। सभी शिक्षकों को धन्यवाद दिया।

### कोर्ट के आदेश का पालन कराने की पहल......

## पुलिस की ग्रामीणों से जाति के बोर्ड हटाने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विगत दिवस उत्तर प्रदेश सरकार को सख्त निर्देश दिए थे कि जाति को बढ़ावा देने वाली हर चीज पर रोक लगाई जाए। जिसको लेकर बुढ़ाना कोतवाली की परासौली पुलिस चौकी पर चौकी क्षेत्र के लगभग सभी गांवों के जिम्मेदार ग्रामीणों को आमंत्रित कर चौकी इंचार्ज सोनू कुमार ने एक आवश्यक बैठक की। जिसमें उन्होंने कहा कि आपके किसी भी वाहन, घर, दुकान या सार्वजनिक स्थान पर जाति लिखे शब्द साइन बोर्ड, बैनर या दीवार पर हैं तो उसे तुरंत मिटा दें यानि कि गाड़ियों और सार्वजनिक जगहों से जाति का नाम पूरी तरह से हटा दें। इसके लिखने से एक दूसरे की जातियों में जो तनाव बढ़ रहा है वह भविष्य के लिए ठीक नहीं है। संविधान का सम्मान करना ही सच्ची देशभक्ति है। जाति लिखना संविधान के खिलाफ है। इससे समाज में भेदभाव और गलत सोच बढ़ती ही जा रही है। जिस पर सभी ग्रामीणों ने ईंचार्ज को आश्वस्त किया कि वे क्षेत्र में लगे जाति शब्द वाले बोर्डों को हटा देंगे। यहां पर आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को भी शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने की भी अपील की गयी। यहां बाबू अंसारी, आसिफ, अन्नू राजपुर, मोनू सैनपुर, तेलूराम कश्यप, राहुल दुर्गनपुर, दीपक बिराल आदि मौजूद रहे।

### संक्षिप्त समाचार

## ऑनलाईन किया जा सकता है आवेदन

**मुजफ्फरनगर।** अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार ने बताया कि साधारण मिट्टी के खनन/परिवहन हेतु भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा minemitra portal विकसित किया गया है। इस पोर्टल पर मोबाइल फोन, कम्प्यूटर, लैपटॉप अथवा जन सेवा केन्द्र पर जाकर वांछित प्रविष्टियां एवं आवश्यक दस्तावेज (खसरा, खतौनी, आधारकार्ड, सहखातेदारों का सहमति पत्र) के साथ आवेदन किया जा सकता है। किसानों के निजी उपयोग हेतु 100 घन मीटर तक कोई भी रॉयल्टी या आवेदन शुल्क की आवश्यकता नही है अर्थात निःशुल्क अनुमति प्राप्त की जा सकती है।

सूचित किया जाता है कि किसानों द्वारा निजी उपयोग हेतु अनुमति प्राप्त होने के उपरान्त प्राप्त पंजीकरण प्रमाण पत्र/खनन अनुज्ञा पत्र मिटी के परिवहन हेतु प्रयोग किये जाने वाले वाहन पर चस्पा किये जाने के उपरान्त ही मिटी परिवहन किया जाये। पंजीकरण प्रमाण पत्र/खनन अनुज्ञा पत्र की एक प्रति वाहन चालक/स्वामी द्वारा अपने पास सुरक्षित रखी जाये तथा जांचकर्ता अधिकारी द्वारा मांगे जाने पर प्रस्तुत की जाये।

## गुरुकुल रतनपुरी में माँ कुष्मांडा की पूजा-अर्चना से गूंजे वैदिक मंत्र

**खतौली।** गुरुकुल रतनपुरी परिसर में चतुर्थ नवरात्रि पर पंच कुण्डीय महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। श्रीराम जानकी सेवा समिति द्धरजि.ऋ के तत्वावधान में चल रहे नवरात्रि अनुष्ठानों के अंतर्गत प्रतिदिन की भांति शनिवार को भी भक्तिमय वातावरण में यज्ञ व पूजा-अर्चना संपन्न हुई। महायज्ञ में आज के मुख्य यजमान रहे ख्र मनोज प्रधान मंडावली, विकास जैन द्धनोएडाऋ, विजयपाल प्रजापति (खतौली), अभिषेक गर्ग (नोएडा), तरसपाल चेयरमैन (रतनपुरी), राजेंद्र मित्तल (भनवाड़ा), राहुल कुमार (सरधन), मुकेश ठाकुर द्धरतनपुरीऋ, बबलू ठाकुर (रतनपुरी) व प्रवीण टेंट (कैलाश नगर)। समिति के अध्यक्ष व संरक्षक आचार्य अनिरुद्ध शर्मा के मार्गदर्शन में यज्ञाचार्य श्रद्धेय अत्रि जी महाराज ने माँ कुष्मांडा की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि देवी दुर्गा के नौ रूपों में माँ कुष्मांडा को ब्रह्मांड की सृजनकर्ता माना जाता है। उनकी आराधना से भक्तों को मानसिक शांति, सुख, समृद्धि और आरोग्यता का आशीर्वाद प्राप्त होता है। अत्रि जी महाराज ने कहा कि माँ कुष्मांडा की आरती करने से मन को शांति मिलती है, तनाव से मुक्ति मिलती है, जीवन में सुख-समृद्धि आती है और आरोग्यता प्राप्त होती है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जय भगवान त्यागी, दीपक शास्त्री, आचार्य विनीत, विशाल भारद्वाज, संकित शर्मा, गौरव, अमन, श्याम सोम, विपिन, प्रवेश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण भक्तजन उपस्थित रहे। गुरुकुल प्रांगण पूरे दिन देवी भजनों और वैदिक मंत्रोच्चार से गूंजता रहा।

## मिनी स्टेडियम की समस्या एसडीएम से बताई

**जानसठ ।** नगला मंदौड़ स्थित भारतीय इंटर कॉलेज और उसके सामने बने मिनी स्टेडियम को लेकर अंकित बालियान व विनित त्यागी ने क्षेत्रवासियों के साथ एसडीएम जानसठ राहुल देव भट से मुलाकात की है। उन्होंने उन समस्याओं से अवगत कराया, जो पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के बाद उत्पन्न हुई हैं। इससे पहले, इन समस्याओं के संबंध में जिलाधिकारी व पूर्व में जानसठ तहसील पर रहे एसडीएम को भी एक प्रार्थना पत्र दिया गया था।और धरना प्रदर्शन भी किया था लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला है। अंकित बालियान व विनित त्यागी ने नवागंतुक एसडीएम राहुल देव भट को बताया कि छभ्प् द्वारा निर्मित राजमार्ग की ऊंचाई 7 से 8 फीट बढ़ जाने के कारण कॉलेज और स्टेडियम दोनों का प्रवेश मार्ग और पानी की निकासी पूरी तरह से बाधित हो गई है। इसका सीधा असर न सिर्फ छात्रों की पढ़ाई पर पड़ रहा है, बल्कि 15-20 गांवों के युवा भी खेलकूद से वंचित हो गए हैं। तथा क्षेत्र में दुर्गंध के कारण बीमारी उत्पन्न हो रही है। छात्रों के साथ साथ ग्रामीण भयंकर बीमारी की चपेट में आ रहें हैं उन्होंने छात्रों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई। सड़क पार करते समय होने वाली दुर्घटनाओं का हवाला देते हुए, उन्होंने एक फुट ओवर ब्रिज और दोनों तरफ यात्री शेड के निर्माण की मांग की। इस दौरान, अंकित बालियान ने बताया कि इस कूड़े के कारण गांव में 10 से 15 लोग बीमारी की चपेट हैं। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सुरक्षा को देखते हुए इसे तत्काल हटाने की अपील की।इस दौरान अंकित बालियान, विनीत त्यागी समेत कई स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन को चेताया और कहा कि यदि शीघ्र समस्या का समाधान नहीं हुआ तो शीघ्र ही आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## कृषक गोष्ठी मेले का आयोजन

**रामराज।** सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड रामराज के प्रांगण में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत कृषक गोष्ठी एवं मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को शरदकालीन गन्ना बुआई, ट्राइकोडर्मा के प्रयोग, कीट एवं रोग नियंत्रण की जैविक व रासायनिक विधियों, नवीन गन्ना प्रजातियों, उर्वरक प्रबंधन, सूक्ष्म पोषक तत्वों के प्रयोग तथा सिंचाई प्रबंधन से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।चीनी मिल टिकौला द्वारा किसानों को दी जाने वाली सुविधाएं जैसे जैव उर्वरक, कीटनाशकों पर अनुदान, नवीन गन्ना प्रजातियों के बीज इत्यादि की जानकारी भी दी गई। वहीं सहकारी गन्ना विकास समिति द्वारा फार्म मशीनरी बैंक, उर्वरक तथा कीटनाशक उपलब्ध कराने जैसी सुविधाओं पर भी प्रकाश डाला गया। गन्ना विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं शोध केंद्रों पर शरदकालीन गन्ना प्रजातियों के बीज की उपलब्धता पर भी चर्चा हुई। गोष्ठी की अध्यक्षता पूर्व प्रधान ग्राम मोड खुर्द अरसद ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चीनी मिल टिकौला यूनिट हेड हिमांशु कुमार मंगलम रहे। इसके अलावा गन्ना किसान संस्थान के प्रभारी रामबरन सिंह, गन्ना शोध केंद्र मुजफ्फरनगर के वैज्ञानिक डॉ. एस.पी. सिंह, केवीके चित्तौड़ा की कृषि वैज्ञानिक डॉ. रीना, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक टिकौला सौवीर सिंह, सचिव प्रभारी सुभाषचंद्र यादव, गन्ना प्रबंधक विकास चीनी मिल टिकौला दिनेश अग्रहरी सहित गन्ना विकास परिषद टिकौला व चीनी मिल का समस्त फील्ड स्टाफ मौजूद रहा।

## पुरूषोत्तम श्रीराम के चरित्र का अनुसरण जरूरी : भीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री रामलीला भवन नई मंडी में 99वॉ श्री रामलीला महोत्सव मे चौथे दिन श्री रामलीला मंचन का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी एवं उधमी भीम कंसल, सतीश गोयल टिहिरी स्टील द्वारा भगवान विष्णु जी तथा श्री रामायण जी की आरती व दीप प्रज्वलित कर किया गया कमेटी के अध्यक्ष संजय मित्तल मंत्री अशोक गर्ग ने अपनी पूरी कमेटी के साथ अतिथियों का पटके पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भीमसेन कंसल ने कहा कि हम सबको मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के चरित्र का अनुसरण करना चाहिए मथुरा से आई श्री गिरिराज लीला संस्थान के कलाक. ारों द्वारा फुलवारी लीला का भव्य मंचन किया गया जिसमें गुरु विश्वामित्र अपने



यज्ञ को सफल करने व राक्षसों का वध करने हेतु प्रभु श्री राम एवं लक्ष्मण जी को साथ लेकर राजा जनक की पुष्प वाटिका में पहुंचे जहां प्रभु श्री राम को देखकर जानकी को आकर्षण हुआ, इस अवसर पर कैलाश चंद ज्ञानी, बृज गोपाल छारिया, राजीव अग्रवाल, उपेंद्र मित्तल, विदित गुप्ता, संजय जिंदल काका, विनोद संगल, अभिषेक कुच्छल, विवेक बंसल, डॉ प्रदीप जैन, शरद गोयल, विनय अग्रवाल, राजेश गोयल, रवि गोयल आदि उपस्थित रहे

## फोन का ज्यादा प्रयोग न करने का लिया गया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** आरती मैमोरियल पब्लिक स्कूल राजपुर छाजपुर में जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्घर्थियों ने कहा कि फोन का अधिक उपयोग परिवार व बच्चों के बचपन को प्रभावित कर रहा है।

स्कूल के विद्यार्थियों ने फोन के प्रयोग का विरोधाभास करते हुए आवाज उठाई। मंच पर सुंदर प्रस्तुतिकरण दिया। फोन के दुष्प्रभाव को स्लोगन के माध्यम से बताया गया। विद्यार्थियों ने कहा कि अभिभावक फोन का कम उपयोग कर अपने बच्चों को समय दें। जागरूकता अर्घभियान को सफल बनाने के लिए विद्यार्घर्थियों ने अध्यापकों से भी सहयोग मांगा। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन अशोक कुमार ने भी फोन के सदुपयोग



के बारे में जानकारी दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या कविता सिंह तोमर ने अभिभावको से निवेदन किया कि वे बच्चों के लिए उनके पास बैठकर अध्ययन कराएं। इस मौके पर स्कूल के प्रबंधक आदित्य राणा और विनीत राणा ने भी विद्यार्घर्थियों की बात को उचित बताया। कार्यक्रम में स्कूल का सभी स्टाफ मौजूद रहा। यहां पर सभी विद्यार्थियों ने खुद भी संकल्प लिया कि वे भी भविष्य में मोबाइल फोन का प्रयोग कम से कम समय के लिए ही करेंगे ताकि उनकी पढ़ाई प्रभावित ना हो सके।

## क्रांति सेना ने किया कराटे में कांस्य पदक जीतने वाली काव्या का स्वागत




**मुजफ्फरनगर।** क्रांतिसेना पदाधिकारियों ने आज पार्टी कार्यालय पर इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में काँस्य पदक जीतने वाली छह वर्षीय काव्या वत्स को ट्राफी ओर तलवार देकर सम्मानित किया, पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा ने कहा कि इतनी कम आयु में इतना बड़ा कार्य किया जाना बच्ची की बड़ी उपलब्धि होने के साथ साथ प्रेरणा देने वाला कार्य हैँ ललित मोहन शर्मा ने बच्ची को सम्मानित करते हुए बच्ची के उज्वल भविष्य की कामना की, इस अवसर पर छह वर्षीय बच्ची की माता रूचि शर्मा का भी माल्यार्पण कर उन्हें बधाई दी, इस अवसर पर, क्रांतिसेना मंडल अध्यक्ष शरद कपूर, जिलाध्यक्ष मुकेश त्यागी, शिवसेना जिला प्रमुख बिट्टू सिखेड़ा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पूनम चौधरी, महानगर अध्यक्ष देवेंद्र चौहान जिला उपाध्यक्ष संजीव वर्मा महानगर उपाध्यक्ष उज्वल पंडित चेतन देव विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे,

## छात्रों ने किया संसद भवन का शैक्षिक भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** सेंट जेवियर वर्ल्ड स्कूल, मीरापुर के तीस छात्रों और तीन शिक्षकों का दल हाल ही में भारतीय संसद की एक ज्ञानवर्धक शैक्षिक यात्रा पर गया।

इस अध्ययन भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था, न्यायपालिका, चुनाव प्रणाली और संसदीय कार्यप्रणाली की गहन जानकारी प्रदान करना था।

सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल के प्रधानाचार्य सजी वर्गीस द्वारा बताया गया कि यात्रा के दौरान छात्रों ने संसद भवन का प्रत्यक्ष अवलोकन किया और लोकसभा, राज्यसभा तथा सेंट्रल हॉल जैसे महत्वपूर्ण खंडों का भ्रमण किया। यहां उन्हें संसदीय कार्यों की प्रक्रिया, विधेयकों पर चर्चा और निर्णय लेने की प्रणाली को समझने का अवसर मिला। इससे छात्रों को लोकतंत्र की मूलभूत कार्यप्रणाली और देश की राजनीतिक संरचना के बारे में व्यवहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। शैक्षिक यात्रा केवल राजनी. तिक ज्ञान तक सीमित नहीं रही। छात्रों ने विभिन्न कला रूपों का भी अन्वेषण किया, जिनमें ब्लॉक पेंटिंग और कैलिग्राफी प्रमुख रहे। इन गतिविधियों ने उनकी रचनात्मकता को निखारा और कला के प्रति उनकी रुचि को और गहरा किया। वापसी के बाद छात्रों ने अपने अनुभवों को विद्यालय के अन्य साथियों के साथ साझा किया। इससे उन छात्रों को भी संसद और लोकतंत्र की कार्यप्रणाली के बारे में उपयोगी जानकारी मिली, जो इस यात्रा में शामिल नहीं हो सके। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने छात्रों की जिज्ञासा और उत्साह की सराहना की तथा इस शैक्षिक यात्रा को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी का आभार व्यक्त किया। यह भ्रमण छात्रों के लिए न केवल यादगार अनुभव रहा बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु एक महत्वपूर्ण प्रेरणा भी साबित हुआ।

## अजय पंवार के भतीजे देव पंवार अलीगढ़ में प्रदेश स्तर पर खेलेंगे

**पुरकाजी।** मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव शकरपुर निवासी भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय पवार के भतीजे देव पंवार ने शतरंज में तहसील एवं जिला स्तर पर जीत दर्ज करते हुए अपना स्थान प्रदेश के लिए सुरक्षित किया है । उन्होंने बताया कि 8 अक्टूबर को अलीगढ़ में होने वाली प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे इसके लिए उनका चयन किया गया है। प्रदेश अस्तर के चयन होने पर परिवार एवं गांव में खुशी की लहर हैे परिजनों ने मिठाई बांट कर खुशी का इजहार किया

## रसूलपुर दभेड़ी में चला सफाई अभियान

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव रसूलपुर दभेडी में आज बृहस्पतिवार के दिन मदीना मस्जिद से लेकर प्राइमरी स्कूल तक सफाई अभियान चलाया गया। यह सफाई अभियान ग्राम प्रधान पद के उम्मीदवार जमील अहमद ठेकेदार और प्रमुख समाजसेवी इस्तकार अहमद के नेतृत्व में कई घंटों तक सफाई कर्मचारियों के द्वारा चलाया गया। जमील अहमद ठेकेदार ने बताया कि हमारे



गांव का रास्ता काफी दिनों से खराब था। आने जाने वाले ग्रामीणों, राहगीरों व मेहमानों को भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। यहां तक लड़कों के रिश्ते भी नहीं आ रहे थे। कुल मिलाकर सभी परेशान थे। स्कूली बच्चों का तो खासकर बरसात के चलते आने जाने में बहुत ही बुरा हाल रहा। इन्ही सब समस्याओं को देखते हुए हमने विगत दिवस ये ही निर्णय लिया था कि हम अपने गांव की साफ सफाई करवाकर इन सभी समस्याओं से सभी को निजात दिलवाएंगे और इसी को लेकर हमने आज गांव में साफ सफाई अभियान शुरु करवाया है ताकि किसी को भी असुविधा का सामना ना करना पड़े। यह अभियान लगातार जारी रखा जाएगा। इस दौरान साफ सफाई में सहयोग करने वालों में मुख्य रूप से मुरसलीन ठेकेदार, सना. ेवर राणा, जावेद राणा और अनीस अहमद आदि मौजूद थे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# इंस्टाग्राम पर अश्लील मैसेज, जान की धमकी

## युवती की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** थाना भवन थाने पहुंची एक युवती ने गांव के ही एक युवक पर इंस्टाग्राम पर अश्लील मैसेज करने तथा उसेटी को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। युवती की शिकायत पर पुलिस ने युवक हिरासत में ले लिया। उधार कुछ ग्रामीणों ने थाने पर पहुंच समझौते का प्रयास किया। परन्तु युवती ने समझौते से इनकार किया। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई में जुटी।

थाना भवन क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने मंगलवार को सोनेश पुत्र इंद्रराज निवासी रसीदगढ़ के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी।

युवती का आरोप है कि सोनेश उसकी मां को अपशब्द कहता है, इंस्टाग्राम पर गंदी-गंदी बातें लिखता है, गांव में उसका नंगा फोटो छपवाने की धमकी देता है तथा शिकायत करने पर उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी भी देता है। युवती की तहरीर के बाद पुलिस ने जांच करते हुऐ आरोपी युवक सोनेश को हिरासत में ले लिया। दूसरी ओर युवक को छुड़ाने के लिए आरोपी के स्वजन ग्रामीण थाने पर एकत्र हो गए और समझौते का प्रयास करने लगे। युवती और उसके परिजनों को काफी मनाने का प्रयास किया गया हालांकि, पीड़ित युवती ने समझौते से साफ इनकार करते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग पर अड़ी रही। अंततः पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सिविल इंजी. एंड सर्विसेज के कार्यालय पर ठेकेदारों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के करनाल रोड स्थित लक्ष्मी सिविल इंजीनियर एंड सर्विसेज के कार्यालय पर ठेकेदारों का धरना प्रदर्शन लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। बकाया भुगतान की मांग को लेकर ठेकेदार रात-दिन धरना प्रदर्शन करने को मजबूर है। वही कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर संजीव पटेल का कहना है कि ठेकेदारों का भुगतान किया जा रहा है, लेकिन दूसरे जिले के ठेकेदार आकर शामली के ठेकेदारों को बरगलाने का कार्य कर रहे है।

शहर के करनाल रोड स्थित लक्ष्मी सिविल इंजीनियर एंड सर्विसेज के कार्यालय पर ठेकेदारों का लगातार तीसरे दिन भी गुरूवार को धरना प्रदर्शन जारी रहा। धरने का नेतृत्व मुजफ्फरनगर निवासी ठेकेदार राहुल कुमार, निखिल कुमार, अमृतपाल ने किया, जिनके साथ 15 से 20 अन्य ठेकेदार भी शामिल हुए। ठेकेदारों का आरोप है कि कंपनी के जनरल मैनेजर



राजीव राय की देखरेख में ग्राम पंचायतों में पानी की टंकियों का निर्माण कार्य कराया गया था। इसके लिए विभिन्न ठेकेदारों को अलग-अलग कार्य का ठेका दिया गया और कार्य भी पूर्ण हुए करीब एक साल से अधिक समय हो गय है, लेकिन कंपनी ठेकेदारों का भुगतान नही कर रही है। उन्होने बताया कि इसमें करीब 12 ठेकेदार ऐसे है जिनका चार करोड से अधिक का भुगतान बकाया है। जिसके कारण ठेकेदार गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। ठेकेदार राहुल ने बताया कि कार्य में लगे श्रमिक लगातार मजदूरी की मांग कर रहे हैं, लेकिन भुगतान न होने से ठेकेदारों के पास देने के लिए पैसा नहीं है।कंपनी के लोगों पर डराने धमकाने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक बकाया भुगतान नहीं किया जाता, धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। वही कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर संजीव पटेल का कहना है कि ठेकेदारों का जो बकाया रूका है उसको देने के लिए 6 अक्टूबर तक का समय मांगा गया है, लेकिन कुछ मुजफ्फरनगर के ठेकेदार शामली के ठेकेदारों का बरगलाने का कार्य कर रहे है। जल्द ही आला अधिकारियों से वार्ता कर ठेकेदारों की समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

# काशी से आए रामानुज शास्त्री ने मां कुष्मांडा के स्वरूप का किया बखान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नवरात्र महोत्सव के चौथे दिन नगर के प्राचीन मंदिर जगन्नाथ जी बाला जी धाम मे आयोजित सत्संग मे काशी विश्वनाथ से आए पंडित रामानुज शास्त्री ने मां कुष्मांडा के स्वरूप और उनकी उपासना के महत्व का वर्णन करते हुए कहा नारी के भीतर छुपे स्वाभिमान व सामर्थ्य का प्राकट्य ही दुर्गा है। परम शक्ति सम्पन व परम वन्दनीय होने पर भी जब जब समाज में नारी के प्रति एक तिरस्कृत भाव रखा जाएगा, तब-तब नारी द्वारा अपना शक्ति प्रदर्शन का नाम ही श्दुर्गाश है। नवरात्रि में चौथे दिन देवी को कुष्मांडा के रूप में पूजा जाता है। अपनी मंद, हल्की हंसी के द्वारा अण्ड यानी ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इस देवी को कुष्मांडा नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि नहीं थी, चारों तरफ अंधकार ही अंधकार था, तब इसी देवी ने अपने ईषत् हास्य से ब्रह्मांड की रचना की थी। इसीलिए इसे सृष्टि की आदिस्वरूपा या आदिशक्ति कहा गया है। इन देवी की आठ भुजाएं हैं, इसलिए अष्टभुजा कहलाईं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष, बाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं। आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जप माला है। इन देवी का वाहन सिंह है और इन्हें कुम्हड़े की बलि प्रिय है।

संस्कृति में कुम्हड़े को कुष्मांड कहते हैं इसलिए इस देवी को कुष्मांडा। इस देवी का वास सूर्यमंडल के भीतर लोक में है। सूर्यलोक में रहने की शक्ति क्षमता केवल इन्हीं में है। इसीलिए इनके शरीर की कांति और प्रभा सूर्य की भांति ही दैदीप्यमान है। इनके ही तेज से दसों दिशाएं आलोकित हैं। ब्रह्मांड की सभी वस्तुओं और प्राणियों में इन्हीं का तेज व्याप्त है। अचंचल और पवित्र मन से नवरात्रि के चौथे दिन इन देवी की पूजा-आराधना करना चाहिए। इससे भक्तों के रोगों और शोकों का नाश होता है तथा उन्हें आयु, यश, बल और आरोग्य प्राप्त होता है। यह देवी





अत्यल्प सेवा और भक्ति से ही प्रसन्न होकर आशीर्वाद देती हैं। पवित्र मन से पूजा करने वाले को सुगमता से परम पद प्राप्त होता है।

विधि-विधान से पूजा करने पर भक्त को कम समय में ही कृपा का सूक्ष्म भाव अनुभव होने लगता है। ए देव आधियों-व्याधियों से मुक्त करती हैं और उसे सुख-समृद्धि और उन्नति प्रदान करती हैं। अंततः इस देवी की उपासना में भक्तों को सदैव तत्पर रहना चाहिए।। कार्यक्रम मे सुनिता अग्रवाल अनिता गोयल किरण गर्ग शिल्पी विंदल सरोज देवी कमलेश रानी सोनिया गर्ग सोनिया गोयल निधी गर्ग शिल्पी गोयल आदि मौजूद रहे।

**शामली।** शारदीय नवरात्र के चौथे दिन देवी मंदिरों में भक्तों ने मां कूष्मांडा की पूजा अर्चना की। मां कूष्मांडा को सृष्टि की उत्पत्ति और जीवन के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दिन भक्तगण मां के दरबार में पहुंचकर विशेष विधि-विधान से पूजा करते हैं।

गुरूवार को नवरात्र के चौथ दिन देवी मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालु पहुंचे। शहर के अटठे वाला देवी मंदिर के पुजारी शिवम शर्मा ने बताया कि मां कूष्मांडा को अंडा, यानी ब्रह्मांड की देवी माना जाता है। भक्तगण इस दिन विशेष फल, मिठाई, और फूल चढ़ाते हैं। श्रद्धालु भजन-कीर्तन कर रहे हैं। इस दिन मां कूष्मांडा की कृपा से स्वास्थ्य, धन और समृद्धि की प्राप्ति होती है। भक्तों का मानना है कि मां के स्मरण से हर मुश्किल का हल निकलता है। इस अवसर पर विभिन्न मंदिरों में विशेष आयोजन किए गए हैं, जहां महिलाओं ने एकत्र होकर माता की आरती की। श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख शांति की कामना की।

## एक नजर

### थानाभवन निवासी मुजम्मिल डॉक्टरेट मानद उपाधि से हुए सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** दिल्ली के होटल रेडिसन ब्लू में आयोजित मानक उपाधि कार्यक्रम में थाना भवन निवासी समाजसेवी, मानवता वेलफेयर ट्रस्ट के चेयरमैन मुजम्मिल को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। ए सम्मान उनके द्वारा किए गए सामाजिक और उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया। इसी के साथ इस मानद उपाधि को प्राप्त करने के बाद थानाभवन निवासी मुजम्मिल डॉक्टर कहलाएंगे। उन्होंने इस सम्मान को प्राप्त करने के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि ए उपाधि मैं थानाभवनवासियों को समर्पित करता हूं, क्योंकि उन्हीं के प्यार और भरोसे से आज कस्बे के इस बेटे को ए मुकाम हासिल हुआ है।

### श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर पंचायत द्वारा किसान इंटर कॉलेज, मेला ग्राउंड रोड एवं बूढ़ा बाबू पार्क पर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत एक तारीख एक घंटा एक साथ श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे किसान इंटर कॉलेज, मेला ग्राउंड रोड एवं बूढ़ा बाबू पार्क पर सामूहिक रूप से श्रमदान किया गया एवं वृक्षरोपण किया गया और किसान इंटर कॉलेज से मेला ग्राउंड, मौव नबीपुरा, दयाल आश्रम से निकलकर बूढ़ा बाबू पार्क तक स्वच्छता रैली निकली गई। उक्त कार्यक्रम में अध्यक्षा महोदया मति मुशयदा, चेयरमैन पति हाजी राव जमशेद, सभी सभासदगण, सभी SVPS सदस्य, स्वच्छ सारथी कलब के सभी सदस्य एवं छात्र - छात्राओ, SBM ब्रांड अम्बेसेडर इमरान राजा, एवं नगर पंचायत के सभी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### महिला बैडमिंटन का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरूवार को शहर के आरके पीजी कॉलेज में महिला वर्ग की बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रोफेसर मनमोहन कृष्ण जैली ने किया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की 12 छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के परिणाम में नेहा ने स्वर्ण पदक, शगुन ने रजत पदक और खुशी ने कांस्य पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में क्रीड़ा समिति के सदस्य डॉ. दर्शना सिंह, डॉ. गायत्री त्रिपाठी तथा क्रीड़ा समिति सचिव डॉ. प्रवीण अहमद उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन डॉ। सौरव कुमार पांडे ने किया। उन्होंने विजेता छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।

### मारपीट कर नकदी छीन कर ले जाने का आरोप, पुलिस जांच मे जुटी

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी मियां निवासी इमरान पुत्र साजिद ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि वह सोमवार की को जनपद बागपत के ग्राम टांडा से पैंतालीस हजार रूपए की नगदी लेकर अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही पीड़ित गांव खेड़ा कुर्तान के पास पहुंचा तो आरोप है कि बाग के निकट खड़े प्रवेज, आलिम व आसिफ ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ पीड़ित को रोक लिया और लाठी डंडों से मारपीट करनी शुरू कर दी। आरोप है की पांचों लोगों ने छीना झपटी करते हुए पीड़ित की जेब में रखी पैंतालीस हजार रूपए की नगदी छीन ली और मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि दो पक्षों में मारपीट हुई है। रूपए छीनने की बात सामने नहीं आई है। मामले की जांच कार्रवाई की जाएगी।

# छात्राएं घबराए नहीं: वीरेंद्र कसाना

## एंटी रोमियो दल की टीम ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में किया जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** एंटी रोमियो दल की टीम ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह कसाना के नेतृत्व में किसान इण्टर कॉलिज में पहुंचकर मिशन शक्ति-5.0 अभियान के तहत छात्राओं को जागरूक किया। टीम ने छात्राओं को किसी भी विषम परिस्थिति का डटकर मुकाबला करने हेतु प्रेरित किया।

गुरुवार को एंटी रोमियो स्क्वायड की टीम सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह कसाना के नेतृत्व में नगर के मेरठ-करनाल मार्ग पर स्थित किसान इण्टर कॉलिज में पहुंची। जहां पर टीम ने विद्यालय की छात्राओं को मिशन शक्ति के पांचवे चरण के अंतर्गत चलाए जा रहे अभियान के बारे में जागरूक किया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि छात्राओं को किसी भी परिस्थिति में घबराना नहीं है। हर परिस्थिति में डटकर मुकाबला करें। कोई भी समस्या हैं, तो हेल्पलाइन नंबरों पर सूचना दें। पुलिस फौरन कार्यवाही सुनिश्चित करेगी। उन्होंने बताया कि छात्राएं आपात स्थिति में शासन द्वारा जारी किए गए डायल-112 व 1090 समेत अन्य महिला हेल्पलाइन नंबरों पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं, जिसपर तत्काल सहायता की जाएगी। इस दौरान एंटी रोमियो दल प्रभारी एसआई यूसुफ खान, महिला हेड कांस्टेबल रेखा व सोनिया आदि मौजूद रही।

# तीतरवाड़ा: दो पक्षों में संघर्ष, क्रॉस केस दर्ज

**कैराना।** पुलिस ने गांव तीतरवाडा में दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष में पिता-पुत्रों समेत 14 लोगो के खिलाफ विभिन्न धाराओं के अंतर्गत क्रॉस केस दर्ज किया है। विगत मंगलवार रात्रि क्षेत्र के गांव तीतरवाडा में महीपाल व जयकुमार पक्ष के बीच किसी बात को लेकर खूनी संघर्ष हो गया था, जिसमें जयकुमार पक्ष की शर्मिष्ठा, महेन्द्री व सोमपाल तथा महीपाल पक्ष के मोहित आदि घायल हो गए थे। घायलों को उपचार हेतु कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया था। जहां पर चिकित्सकों ने गम्भीर रूप से घायल शर्मिष्ठा को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया था। शर्मिष्ठा मेरठ के अस्पताल में भर्ती है। जहां पर उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं, पुलिस ने सोमपाल की तहरीर पर पंकज, जसवीर, मनीष, मोहित, संदीप व राजू तथा मनीष की तहरीर पर फेकी, जॉनी, अश्वनी, ओमपाल, धानु, जयकुमार, सोमपाल व सोनू के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# खेत पर काम करने गई महिलाओं के साथ दबंगों ने की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना में खेत पर काम कर रही तीन महिलाओं पर गांव के ही कई लोगों ने लाठी डंडा से हमला कर दिया। हमले में तीनों महिला घायल हो गई। पीड़ित महिलाओं ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी महिला जास्मीन पत्नी कालू ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि गांव के ही नूरा का परिवार पीड़िता के परिवार से रंजिश रखता है। मंगलवार को पीड़िता अपनी सास हफीजन व देवरानी गुलफसा के साथ खेत पर कार्य कर रही थी। आप है किसी बीच नूर अपने पुत्र सादिक, शाहिद व तालीब के साथ खेत पर पहुंचा और गाली गलौज करने लगा। विरोध किया तो आरोप है कि चारों लोगों ने पीड़िता और पीड़िता की सास व देवरानी पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। हमले में तीनों महिलाएं घायल हो गई। शोर शराबा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते थे फरार हो गए। पीड़िता ने अपना और अपने परिवार की महिलाओं का डॉक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गौरतलब है एक दिन पूर्व नूरा परिवार के लोगों ने भी मारपीट करने का आरोप लगाया था।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रुपये देने के बावजूद मकान का बैनामा वापस नहीं किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** तहसील के गांव भंभेडी शाहपुर में साहूकार ने ब्याज पर रूपए देकर मकान का बैनामा करा लिया बाद में रूपए वापस देने के बावजूद भी मकान का बैनामा वापस नहीं किया तथा मकान खाली करने की धमकी दे रहा है इस संबंध में पीड़ित द्वारा उप जिला अधिकारी को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई है।

गांव भंभेडी शाहपुर निवासी दीपचंद, संदीप, अक्षय पुत्र मैनपाल का आरोप है कि हमारे पिताजी द्वारा गांव के साहूकार जादो राम उर्फ नगरी पुत्र मंगत सिंह से रुपये 35000, 3 प्रतिशत मासिक ब्याज की दर पर लेकर अपना मकान गिरवी रखा था इसके पश्चात हमारे पिता की मृत्यु हो गई बाद में साहूकार ने पंचायत की जिसमें उसने रकम मूलधन व ब्याज के कुल 95000 रू होना बताया तथा 120000 रूपए और हमारे ऊपर निकाल दिए जिसमें बाद में पंचायत कर हमने उसके रूपए वापस कर दिए तथा रिहायशी मकान का बैनामा वापस करना तय हो गया।

1 सितंबर 2025 को जब साहूकार बैनामा वापस करने तहसील में गया तो रजिस्ट्री कार्यालय से भाग आया तथा हमें फिर मकान खाली करने की धमकी दी गई। इस संबंध में पीड़ितों द्वारा उप जिला अधिकारी संदीप त्रिपाठी को शिकायतकर कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायत करने वालों में दीपचंद ,मोहर सिंह, चंपत राय, भोपाल सिंह, सुरेश कश्यप ,रामपाल आदि शामिल रहे।

# पीएम ने दी जीएसटी में सभी को राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद प्रभारी मंत्री दिनेश खटीक गत बुधवार देर रात भाजपा नेता एवं लघु उद्योग भारती के मंडल अध्यक्ष अंकित गोयल के आवास पर पहुंचे। इस दौरान शहर के उद्यमियों और व्यापारियों ने शॉल ओढ़ाकर व बुके भेंट कर उनका सम्मान किया। व्यापारियों को संबोधित करते हुए मंत्री दिनेश खटीक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीएसटी में भारी कटौती कर सभी वर्गों को राहत दी है। आम जनमानस के जीवन में जरूरी वस्तुएं सस्ती हो गई हैं और जीएसटी व्यवस्था को सरल बनाया गया है।

उन्होंने सभी से स्वदेशी वस्तुएं अपनाने की अपील करते हुए कहा कि इससे देश की अर्थव्यवस्था और मजबूत होगी। अंकित गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा जीएसटी कम



करके देशवासियों को दीपावली का तोहफा दिया गया है।

उन्होंने बताया कि जल्द ही शामली के व्यापारियों की मीटिंग जीएसटी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से कराई जाएगी, ताकि सभी को नई नीतियों की जानकारी दी जा सके। इस दौरान व्यापारियों ने अपनी समस्याओं को लेकर ज्ञापन भी सौंपा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र निर्वाल, वेद प्रकाश आर्य, अशोक बंसल, आलोक जैन, अनुज गर्ग, आशीष अग्रवाल, अमित जैन, राहुल जैन, राहुल गोयल, अनुराग जैन, संजीव कुमार, सुखमाल गुप्ता, विशाल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# बाइपास से चीनी मिल तक का मार्ग खस्तहाल, एसडीएम को ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** झिंझाना ऊन थाना भवन मार्ग तथा ऊन बाईपास से चीनी मिल तक मार्ग की हालत खराब है झिंझाना ऊन थाना भवन मार्ग का टेंडर करीब 5 वर्ष पूर्व छोड़ा गया था लेकिन अभी तक मार्ग का निर्माण नहीं हो पाया है इसके अलावा बस स्टैंड से बाईपास तक का मार्ग खराब हालत में है उक्त तीनों मार्ग को बनवाने हेतु कई बार क्षेत्रवासी अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

इस संबंध में जन उत्थान सेवा समिति द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिला अधिकारी को सौंपा गया जिसमें मार्गो को बनवाने की मांग की गई अन्यथा 13 अक्टूबर से तहसील प्रांगण में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। झिंझाना ऊन थाना भवन मार्ग का टेंडर वर्ष 2021 में छोड़ा गया था लेकिन उक्त मार्ग का निर्माण नहीं हो पाया इस मार्ग को बनवाने के लिए जन उत्थान सेवा समिति द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया था जिसमें मंत्री बृजेश सिंह द्वारा नवंबर तक 2024 तक मार्ग बनवाने का आश्वासन दिया गया था लेकिन मार्ग का निर्माण नहीं हुआ बाद में ठेकेदार को एक वर्ष के लिए डीबार कर दिया गया लेकिन अभी तक मार्ग का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है इसके अलावा पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों द्वारा बस स्टैंड से ऊन बाईपास तक मार्ग के चौड़ीकरण तथा बाईपास से चीनी मिल तक मार्ग की हालत भी खराब है जिन्हें अधिकारियों द्वारा बनवाने का आश्वासन दिया गया था लेकिन वह भी आज तक नहीं बन पाए हैं।

इस संबंध में जन उत्थान सेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने तहसील में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिला अधिकारी संदीप त्रिपाठी को सोपा गया जिसमें 11 अक्टूबर तक तीनों मार्गों का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो समिति के कार्यकर्ता 13 अक्टूबर से धरना प्रदर्शन करेंगे ।ज्ञापन देने वालों में सुखपाल भार्गव, सुशील कुमार, सत्यवान चौधरी ,भास्कर चौधरी ,जग रोशन आदि रहे।




## सवाल भरोसे का तो जवाब शाह टाइम्स

खबरे छुपाता नहीं, छापता है

शाह टाइम्स समाचार पत्र में विज्ञापन, सूचना व समाचार आदि छपवाने के लिए संपर्क करें।

| | |
|---|---|
| नसीम सैफी ( जिला प्रभारी ) | मो. 9027988482 |
| महताब शानू (सिटी इंचार्ज, विज्ञापन प्रभारी) | मो. 9045469122 |
| समीउल्लाह खान संवाददाता जलालाबाद | मो. 97192 15832 |
| मेहरबान कुरैशी संवाददाता झिंझाना | मो. 70176 76898 |
| विकास चौधरी संवाददाता ऊन | मो. 90587 92330 |
| सालिम अंसारी संवाददाता कैराना | मो. 95577 79014 |
| इकराम राणा संवाददाता थानाभवन | मो. 87559 37209 |
| मोहसीन रहमानी संवाददाता कांधला | मो. 79003 00510 |
| इंशाद राणा संवाददाता चौसाना | मो. 97565 62666 |
| विकास कौशिक छायाकार शामली | मो. 74178 08041 |
| गुलफाम सैफी संवाददाता शामली | मो. 90589 78815 |

Email: shahtimesshamli4@gmail.com

कार्यालय

पता- ओम प्लाजा मार्किट निकट इंडियन बैंक जनपद शामली

# मुठभेड़ में एक गोकश घायल, तीन गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** स्थानीय पुलिस के साथ हुई एक मुठभेड़ में गोली लगने से एक गोकश घायल हो गया जबकि तीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मिली जानकारी के मुता. बिक पुलिस को बुधवार रात करीब दस बजे मुखबिर से सूचना मिली कि सीडकी झबरेड़ा मार्ग पर गांव डंघेडा के निकट कुछ गोकश एक गोवंश का वध करने वाले है। सूचना पर पंहुची पुलिस ने बताए गए स्थान की घेराबंदी की जिस पर गो. कशों ने पुलिस को अपनी ओर आता देख पुलिस टीम पर फायर कर दिया और भागने लगे।

पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक गोकश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। घेराबंदी करके पुलिस ने घायल गोकश सहित चार को गिरफ्तार कर लिया। एक गोकश अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गया। पुलिस ने उनके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, दो खोखा तथा एक जिंदा कारतूस व गोकशी के उपकरण एंव एक जिंदा गौवंश बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में घायल गोकश ने अपना नाम जाहिद पुत्र शाहिद तथा अन्य ने साजिद, महकार तथा राशिद निवासी गण गांव नोजली दनियालपुर थाना नागल बताया।

घायल गोकश जाहिद पर पूर्व में भी गोकशी के कई मामले दर्ज है। फरार गौकश की गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस दबिश दे रही है।

# टक्कर में दर्जनभर सवारियां घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** हाइवे पर नील गाय के अचानक सामने आने से कार चालक द्वारा ब्रेक मारने पर पीछे से आ रहे आटो ने कार में टक्कर मार दी आटो सवार दर्जनभर लोग घायल हो गए।

नानौता के दिल्ली सहारनपुर हाईवे स्थित दरियापुर के समीप हाईवे पर नील गाय सामने आने से शिफ्ट कार चालक ने अचानक ब्रेक मार दिए पीछे से आये टेम्पू ने कार में टक्कर मार दी टेम्पू में सवार दर्जनभर लोग घायल हो गए कुछ घायलो को लोगों द्वारा सहारनपुर ले जाया गया तथा सगुन 16 परूल 15 उदय 12 वहीं करीब 42 वर्षीय महिला प्रवेश 40 वर्षीय अनुज 38 वर्षीय धीरज 26 वर्षीय कासिफ को पुलिस व राहगीरों कि मदद से नानौता सीएचसी लाया गया जहां कुछ घायलों को गंभीर हालत देखते हुए चिकित्सको ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया तथा खबर लिखे जाने तक कुछ का इलाज नानौता सीएचसी पर चल रहा था।

# सरकार की पहल का मिलेगा लाभ: जसवंत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि मोदी सरकार ने जीएसटी कर प्रणाली को पारदर्शी और सरल बनाया है जिससे छोटे, मध्यमवर्गीय व्यापारियों, किसानों और आम जनता को राहत मिली है।

यूपी सरकार में संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने नगर भृमण कर व्यापारियों से संवाद किया और जीएसटी रिफॉर्म के बारे में विस्तार से बताया। राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में वन नेशन वन टैक्स की अवधारणा को साकार कर व्यापार जगत को नई दिशा दी है।जीएसटी कर प्रणाली को पारदर्शी और सरल बनाया गया है जिससे छोटे,मध्यमवर्गीय व्यापारियों, किसानों व आम जनता को भारी लाभ मिलेगा और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्देश्य भारत को एक एकीकृत राष्ट्रीय बाजार के रूप में स्थापित करना है ताकि देश पूर्ण रूप से विकसित बन सके। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विजयपाल सिंह ने कहा कि मोदी सरकार के इस ऐतिहासिक कदम से जटिल प्रक्रिया समाप्त हुई है और व्यापार करना सुगम हुआ है। इससे कर संग्रह में पारदर्शिता बढ़ी है और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ये उपहार उन्नति के नए अवसर प्रदान करेगा।

इस दौरान पूर्व चेयरमैन अनिल अग्रवाल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख नक्षत्र पँवार, प्रमोद कौशिक,भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हैदर पँवार, डॉ किरनपाल सिंह, अनिरुद्ध सैनी, मुर्तजा प्रधान,दीपक सैनी, सचिन पँवार,योगी ओमवीर सिंह आदि काफी लोग मौजूद रहे।

# लोहे के जाल को लेकर आई अनियमितता सामने



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** नगर पंचायत में लोहे के जाल को लेकर गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। आरोप है कि ठेकेदार ने टेंडर और कानूनी प्रक्रियाओं को नजरअंदाज कर मनमानी की है। नियमानुसार, नए लोहे के जाल लगाने के बाद पुराने जाल नगर पंचायत में जमा किए जाने चाहिए या उनकी सार्वजनिक नीलामी होनी चाहिए। लेकिन छुटमलपुर में यह प्रक्रिया पूरी तरह ठप है। पुराने जाल का कोई रिकॉर्ड नहीं रखा जा रहा, और ठेकेदार इन्हें बेचकर निजी मुनाफा कमा रहा है। इस मामले में नगर पंचायत प्रशासन की उदासीनता भी सवालों के घेरे में है।

स्थानीय निवासी इस घोटाले से आक्रोशित हैं। डॉ. मंसूब ने बताया कि पुराने जाल नगर पंचायत में जमा होने चाहिए, लेकिन ठेकेदार राजिक इन्हें अपने घर ले जाता है और बाद में लोहे के व्यापारियों को बेच देता है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या कार्यकारी अधिकारी को इसकी जानकारी नहीं, जिन्होंने राजिक के खिलाफ नगर पंचायत कार्यालय में नोटिस लगवाया था? डॉ. मंसूब ने आगे खुलासा किया कि राजिक, जिसे नगर पंचायत में आने से प्रतिबंधित किया गया था, वही ठेकेदार पुराने जाल फतेहपुर ले जाकर बेच रहा है। यह नगर पंचायत की संपत्ति के दुरुपयोग का स्पष्ट मामला है।

स्थानीय लोग इस मामले की गहन जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि ठेकेदार की मनमानी और प्रशासन की चुप्पी से नगर पंचायत की संपत्ति का नुकसान हो रहा है। लोगों ने मांग की है कि पुराने जाल की नीलामी की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाए और इस तरह के दुरुपयोग पर रोक लगे।

प्रशासन की ओर से अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिससे लोगों का गुस्सा और बढ़ रहा है। इस मामले में पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। अब सवाल यह है कि क्या प्रशासन इस घोटाले की जांच कर दोषियों को सजा देगा, या यह मामला भी अनदेखा कर दिया जाएगा? स्थानीय निवासियों की नजर प्रशासन के अगले कदम पर टिकी है।

# आईआईएमटी में मनाया फार्मासिस्ट डे




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी उमाही कोटा में फार्मासिस्ट डे मनाया गया।

इस अवसर पर संस्थान की निदेशिका डॉ. अंजू वालिया ने अपने संबोधन में कहा कि फार्मासिस्ट समाज का एक अहम स्तंभ हैं। वे न केवल दवाओं की जानकारी रखते हैं, बल्कि मरीजों की सेहत सुधारने में भी उनकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है। आज के समय में जागरूकता की सबसे ज्यादा जरूरत फार्मास्यूटिकल सेक्टर में है । दवाओं का सही उपयोग फार्मासिस्ट की सलाह और डॉक्टर की प्रिस्क्रिप्शन से ही होना चाहिए। प्रिंसिपल फार्मेसी डॉ. नेहा त्यागी ने कहा कि फार्मेसी के क्षेत्र में रिसर्च की अपार संभावनाएँ हैं। छात्रों को इस दिशा में गंभीरता से प्रयास करने चाहिए।

संचालन श्रुति धीमान ने किया। इस अवसर पर वासिफ राव, मोहम्मद असद, आफाक अहमद आदि उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य शिविर लगाया

**नकुड़।** आर. एन. टैगोर विद्या पीठ इंटर कॉलेज में सेवा पखवाड़ा के तहत स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक जी के भाई विकेश चौधरी ने फीता काटकर किया।

शिविर में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें स्वस्थ रहने के प्रति जागरूक किया गया। श्री विकेश चौधरी ने बच्चों से कहा कि नियमित हेल्थ चेकअप कराना और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना बेहद जरूरी है। पीजीआई पिलखनी से पहुँचे डॉ. मुकीम और डॉ. ऋषि की टीम ने बच्चों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। प्रबंधक चंद्र शेखर मित्तल ने भी स्वास्थ्य संबंधी टिप्स दिए। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अशोक कुमार, अर्चना गुप्ता, भीष्म सिंह, सत्यम मित्तल, रामवीर सिंह, गगनद. ीप, रंजना शर्मा, अनुज समसपुर, अनुज रोशनपुर, इमरान निजामी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# सुप्रीम कोर्ट गाइड लाईन का पालन करें: अक्षय



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ।** थाना अध्यक्ष अक्षय शर्मा एंटी रोमियो टीम के साथ जय जनता इंटर कॉलेज दामोदराबाद बिहारीगढ़ पहुंचे वहां छात्र-छात्राओं को सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान की जानकारी दी।

थानाध्यक्ष अक्षय शर्मा ने उत्तर प्रदेश शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में शामिल महिला सशक्तिकरण के बारे में जानकारी दी इसके साथ ही नशा मुक्ति अभियान के बारे में जागरूक किया उन्होंने सड़क सुरक्षा के अंतर्गत हेलमेट लगाने की अपील करते हुए कहा कि आम आदमी की सुरक्षा के साथ-साथ समाज की में जाति भेदभाव प्रचार और विभाजनकारी गतिविधियों पर रोक लगा दी गई है थानाध्यक्ष अक्षय शर्मा ने कहा कि किसी भी जाति विशेष को महिमा मंडित करने हेतु पोस्टर बैनर या स्लोगन लगाना प्रतिबंधित है अब भविष्य में किसी भी वाहन अथवा दीवार पर कोई जाति सूचक शब्द स्लोगन या स्टीकर लगाना वैध होगा ऐसा पाए जाने पर व्हीकल एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई होगी

# खाटू श्याम की भजनों पर रात तक झूमते रहे श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** गांव पटनी में तीसरे श्री श्याम जन्मोत्सव पर भव्य संकीर्तन का आयोजन किया गया। संकीर्तन में देर रात तक श्रद्धालु बाबा खाटूश्याम के भजनों पर झुमते रहे।

बुधवार रात्रि को गांव पटनी में श्री श्याम शरण परिवार के तत्वाधान संकीर्तन का आयोजन किया गया। संकीर्तन का शुभारंभ मंच संचालक अनिल अनुरागी द्वारा हनुमान चाली. सा प्रस्तुत करने से हुआ। उसके बाद विधायक मुकेश चौधरी जोत प्रज्वलित की।

मुकेश चौधरी ने कहा कि इस दुनिया में हारे का सहारा केवल खाटू श्याम ही है। मेरठ से पधारे गायक अक्षित वशिष्ठ ने अपने भजनों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने भर दे रे भर दे रे श्याम मेरी झोली भर दे तथा साथी हमारा कौन बनेगा, तुम ना सुनोगे तो कौन सुनेगा आदि भजन सुन कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

सहारनपुर के गायक शिवा गर्ग ने राजस्थानी भजन कीर्तन की है रात आज थानो आनो है, अपना वजन निभानो है तथा हरे के सहारे आजा, तेरा दास पुकारे आजा भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को भक्ति का रसपान कराया। आयोजन में राजेंद्र गोयल, नितिन गोयल, प्रमोद सैनी, तेजपाल सैनी, मुकेश शर्मा, बालकृष्ण शर्मा, हरीश पंवार, नवनीत सैनी, इंस्पेक्टर कपिल देव, संजीव कुमार सहित अनेक श्रद्धालु शामिल रहे।

# टिकैत के आगमन की तैयारियों को अंतिम रूप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने फतेहपुर डाक बंगले में एक अहम बैठक का आयोजन किया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य 27 सितंबर को यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी गौरव टिकैत के बेहट तहसील के नंदपुर जौडियो में आगमन की तैयारियों को अंतिम रूप देना था।

इस अवसर पर संगठन ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों में व्यापक जनसंपर्क और पंचायतें आयोजित कीं, जिनमें अल्लीवाला, चौदाहेड़ी, हलवाना, नौसारेहड़ी, चौबारा, सरदाहैडी, सभालकी, इब्राहीमपुर, कमाली, गुडम्ब, भैसराऊ और गंदेवड़ा शामिल रहे। इन पंचायतों के माध्यम से किसानों के बीच एकजुटता और संगठन की गतिविधियों को लेकर जागरूकता बढ़ाई गई।

बैठक की अध्यक्षता केहर सिंह ने की, जबकि संचालन का दायित्व मजोज कमाली ने निभाया। इस दौरान यूनियन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने किसानों के हितों, उनकी समस्याओं और संगठन के आगामी कदमों पर गहन चर्चा की। बैठक में रामभरत सोनू, अनूप प्रधान, इकराम, नदीम अंसारी, सचिन चौधरी, इमरान, भ्रवाज चौधरी, सोधवीर सिंह, पदम सिंह और मजे हिम जैसे प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संगठन ने किसानों के अधिकारों और उनकी बेहतरी के लिए निरंतर प्रयासों को दोहराया। इस आयोजन ने क्षेत्र में किसान एकता को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया।

# एक पेड मां के नाम लगाया



**बेहट।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय जयंती के मौके पर क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और मातृत्व को सम्मान देने के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया।

गुरुवार को सामाजिक वानिकी प्रभाग बेहट द्वारा वृहद वृक्षारोपण जन अभियान के तहत मनाए जा रहे सेवा पर्व और पंडित दीन दयाल उपाध्याय जयंती के पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए वन दरोगा विपिन सिंघवाल ने कहा कि जिस तरह मां हमें जीवन देती हैं। इस दौरान कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने पौधे रोपित किए। इस मौके पर ममता रानी प्रधानाचार्य वैशाली चौहान अध्यापक सोहेल खान, वन रक्षक सचिन, नरेश, लेखराज, राजेंद्र, भारत भूषण अजय, वीरभान अभिषेक आदि मौजूद रहे।

# व्यापारियों के बीच पहुंचे अक्षित गोयल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कस्बे के व्यापारी नेता वशिष्ठ गुप्ता के आवास पर पहुंचने पर एमएलसी दिनेश गोयल के सुपुत्र अक्षित गोयल का व्यापारियों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान एमएलसी स्नातक चुनाव पर चर्चा हुई और सभी स्नातक मतदाताओं से समर्थन की अपील की गई।

गुरुवार को कस्बे में पहुंचने पर एमएलसी दिनेश गोयल के सुपुत्र अक्षित गोयल का दिनेश सिंघल ने अग्रवाल समाज की ओर से व वशिष्ठ गुप्ता ने पूरे व्यापारियों की ओर से पटका पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान आने वाले स्नातक एमएलसी के चुनाव को लेकर चर्चा हुई। उनके साथ सहारनपुर से आए हिमांशु गर्ग ने सबको चुनाव के बारे मे बताया।

अक्षित गोयल ने कहा कि हम सबका साथ सबका विकास में विश्वास रखते हैं, हमारे घर के दरवा. जे जनता के लिए हर समय खुले हुए हैं। वशिष्ठ गुप्ता अध्यक्ष व्यापार मंडल ने कहा कि एमएलसी दिनेश गोयल को पिछली बार भी सभी वर्गों का सहयोग मिला था अबकी बार रिकॉर्ड तोड़ मतों से विजयी होंगे। इस अवसर पर अंशुल सिंघल, संयम गुप्ता, टीपू सिंघल, सभासद सत्प्रकाश रूहेला, दिनेश सिंघल, मोहम्मद वाजिद, मोहम्मद जावेद, अंकित गर्ग सिद्दीकी, मोहम्मद फैजान, दीपक सिंघल, अमित चौधरी,दीपक गर्ग, आशु गर्ग, तुशांक गर्ग, गौरव गुप्ता, मुंशी माज सलामत, अमित गर्ग आदि मौजूद रहे।

## बाइक सवार की मौत

**गंगोह।** दो बाईकों की हुई भिडंत में सडक दुर्घटना में एक बाईक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। उक्त दुर्घटना शेरमउ मिल के पास घटित हुई।

आलिम पुत्र महबूब (50) निवासी ग्राम घाटमपुर गुरुवार सुबह अपनी पत्नी फिरदौस के साथ बाइक पर पास के ही गांव धलापडा जाने के लिए घर से निकला था। जब वे शेरमऊ रोड पर पहुंचे तो इस दौरान सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उसकी टक्कर हो गई। दुर्घटना में दोनों बाइकों पर सवार सभी सड़क पर गिरकर घायल हो गए। पुलिस राहगीरों की मदद से आलिम और उसकी पत्नी को गंगोह सीएचसी लेकर पहुंची। वहां चिकित्सक ने जांच के बाद आलिम को मृत घोषित कर दिया जबकि उसकी पत्नी को गंभीर हालत मे रेफर कर दिया गया है। दूसरे घायल बाइक सवार प्रेमलता व बलविंदर दोनों पति पत्नी निवासी रादौर हरियाणा के बताए गए हैं।

# 156 घंटे के अभियान का शुभारंभ



**बेहट।** नगर पंचायत बेहट चेयरमैन अब्दुर रहमान उर्फ शालु भैया ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत 156 घंटे का विशेष अभियान का शुभारंभ किया।

नगर पंचायत कार्यलय पर चेयरमैन अब्दुर रहमान उर्फ शालू भैया ने स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमें अपने आसपास का वातावरण स्वच्छ रखना चाहिए। गंदगी के चलते विभिन्न संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा रहता है। जिसे बचाव हेतु हमें अपने आसपास के क्षेत्र में निरंतर साफ सफाई के प्रति जागरूक होना बहुत जरूरी है। इस मौके पर सभासद मास्टर जमील, सभासद सत्य प्रकाश , सभासद फरहान, सभासद शाहनवाज गुल्लू , बाबु ओम प्रकाश, बाबु हिदायत चौधरी, सफाई नायक राकेश बिरला आदि मौजूद रहे।

# सफाई कर्मी हित में देंगे प्रस्ताव: महीपाल



**बेहट।** प्रदेश सरकार के अनुसूृ. चत जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य महीपाल वाल्मीकि ने कहा कि वे सफाईकर्मचारियों के हितों के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजेंगे जिससे उनकी समस्याओं का समाधान तो होगा ही साथ ही कई सुविधाएं भी मिलेगी।

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य महीपाल वाल्मीकि गुरुवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत ब्लाक सड़ोली कार्यालय पहुंचे और सफाई कर्मचारियों की समस्याएं सुनी। इस के बाद उन्होंने कर्मचारियों के साथ ब्लाक परिसर और गांव में स्वच्छता अभियान चलाया।इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। उनका प्रयास है कि सभी कर्मचारियों को इन योजनाओं का लाभ मिले। कहा कि वे जल्द ही एक प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजेंगे जिसमें कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश दिए जाने, सर्दी और गर्मी की अलग अलग वर्दी दिए जाने, सभी कर्मचारियों के पक्के मकान, राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनवाए जाने तथा साथ ही यदि किसी सफाई कर्मचारी की मृत्यु हो जाती है तो उसके दाह संस्कार का खर्चा सरकार वहन करे। इस दौरान बी डी ओ योगेन्द्र कुमार, ऐ डी ओ प्रदीप पुंडीर, सचिव विकास कुमार, सुमित राणा शरीफ अहमद शुभम् विवेक कुमार नरेन्द्र धीरज कुमार जनेश कुमार आदि कर्मचारीगण के अलावा प्रधान सुभाष चौधरी मोहन सैनी विजय सैनी मौजूद रहे।

# रामलीला में केवट लीला व सीताहरण का मंचन



**गागलहेड़ी।** कस्बे में आयोजित श्रीराम लीला मंचन में दशरथ मरण, केवट लीला का मंचन किया गया। दशरथ अमित वर्मा के भावपूर्ण अभिनय ने दर्शकों की आंखे नम की, सुशांत सहगल ने केवट का चरित्र बखूबी निभाया।

गुरुवार रात्रि सब्जी मंडी के निकट स्थित मंच पर निर्देशक राज. ेश कपिल व सह निर्देशक सूरज धीमान के निर्देशन में दशरथ मरण लीला का मार्मिक मंचन किया गया। दशरथ का अभिनय कर रहे वरिष्ठ कलाकार अमित वर्मा ने भावपूर्ण अभिनय कर दर्शकों की आंखे नम की। केवट सुशांत चेलों गौरव घोलू व आर्यन ने कॉमेडी के तड़के के साथ श्रीराम, सीता व लक्ष्मण को गंगा पार कराया। झांकी निर्देशक सतीश रोिं. हला के निर्देशन में राधा कृष्ण की झांकी ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर किया।संगीत गोविंद, अंकुर व प्रकाश व ध्वनि व्यवस्था काका व सुधीर की रही।

आयोजन में अध्यक्ष महेंद्र धीमान, सतीश आढ़ती, अश्वनी मित्तल मुकेश गोयल बड़ूली, सुभाष आढ़ती, अभिषेक बर्मन, मुकुल पाल एडवोकेट, राजेश सैनी, बिजेंद्र यादव, सुरेंद्र कश्यप, कुलदीप कश्यप, सुधीर, रोि. हत गुप्ता, ऋषिपाल, हिमांशु, गौरव घोलु, मोंटू शर्मा आदि का सहयोग रहा।

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर के पीठ मैदान में एकता मंच पर आयोजित श्रीराम लीला मंचन में सीता हरण की लीला का बहुत ही सुंदर मंचन किया गया।

बुधवार रात्रि की लीला में मुख्य अतिथि के रूप में पहुँची समाज सेविका रेणु माँ ने कहा कि वह हमेशा से ही समाज के बीच रहकर प्रभु भगति व समाज की सेवा कर धर्म लाभ कमा रही है, और प्रभु राम जी को अपना ईष्ट मानती है। लीला का उदघाटन डॉ विमल शर्मा, सोनू सैनी व डॉ मुकेश सैनी के द्वारा सयुक्त रूप से किया गया। गणेश आरती अतर सिंह, प्रमोद सैनी व माँ जगदम्बा आरती कुलदीप, सतीश व नवनीत, एवं प्रभु श्री रामचन्द्र की आरती जयदीप ठेकेदार, राज भारती व दीपक सैनी ने की। वहीं लीला में श्रीगुरु रविदास युवा शक्ति मोहल्ला कांजीमल खेड़ेवाला ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर श्रीराम लीला कमेटी के संस्थापक संतोष अग्रवाल, अध्यक्ष मनदीप सैनी, दीपक, हिमांशु, सन्दीप, पप्पन, सुनेश, रोहित, कृष्ण, कन्हिया, अंकित, सचिन, मांगेराम, जयपाल सैनी आदि मौजूद रहे। संचालन आक. ाश काशी द्वारा किया गया।

# छात्राओं को महिला सुरक्षा साइबर धोखेबाजी की दी जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल में मिशन शक्ति के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस ने छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर फ्राड एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के संबंध में जानकारी दी।

सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल प्रागण में आयोजित मिशन शक्ति के अंतर्गत कार्यक्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी अभितेष सिंह व महिला थाना प्रभारी सविता चौधरी, शेफाली त्यागी ने छात्राओं से सीधा संवाद करते हुए कहा कि छात्राओं को आत्मनिर्भर व जागरूक बनाना ही मिशन शक्ति का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वह अपने अधिकारों को जानें और जरूरत पडने पर बिना संकोच मदद लें। उन्होंने साइबर फ्राड की विस्तार से जानकारी देते हुए सुरक्षा संबंधित आवश्यक बिन्दुओं को समझाया।





बताया कि मोबाइल फोन पर आने वाला कोई भी संदेश जांच किए बिना नहीं खोलना चाहिए। कहा कि साइबर क्राइम होने पर सेल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर जानकारी दें। पुलिस टीम ने छात्राओं से किसी भी प्रकार की समस्या आने पर हेल्पलाइन नंबरों 1090 पर संपर्क करने की सलाह दी। विद्यालय संरक्षक हरि सिंह सैनी, प्रधानाचार्य रूपेश कुमार सैनी, उपप्र. बंधिका अनिता सैनी, शिवकुमार सैनी, वंदना ध्रुव, सुनिता चौधरी, सुनिता तोमर आदि छात्राएं व स्कूल का स्टाफ शामिल रहे।

**उधर,** तल्हेड़ी बुजुर्ग स्थित आदर्श इंटर कालेज व पीएमसी जूनियर हाईस्कूल में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस ने छात्राओं को महिला सुरक्षा और विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के संबंध में जानक. ारी दी। महिला उपनिरीक्षक सुधा व कांस्टेबल राखी ने छात्राओं से संवाद कर छात्राओं को आत्मनिर्भर व जागरूक बनाना ही मिशन शक्ति का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वह अपने अधिकारों को जानें और जरूरत पडने पर बिना संकोच मदद लें। इस दौरान छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। पुलिस टीम ने उन्हें महिला सुरक्षा से जुड़े नए कानूनों की जानकारी दी और किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090, 112, 181 आदि पर संपर्क करने की सलाह दी।

# व्यापारियों से राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने किया सीधा संवाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** व्यापारियों एवं उद्यमियों से उत्तर प्रदेश सरकार में व्यवसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने सीधे संवाद के दौरान 22 सितंबर से लागू हुई नई जीएसटी दरों से उद्यमियों और व्यापारियों को लाभ की जानकारी दी।

इंडस्ट्रीयल एरिया में उद्यमी विजय गिरधर के प्रतिष्ठान में मंत्री कपिल देव अग्रवाल का उद्यमियों ने स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त कहा कि देश की विकास दर लगातार बढ़ रही है। कहा कि कम की गई जीएसटी दरों से व्यापार को नई ऊर्जा मिलेगी। कहा कि जीएसटी की प्रणाली से व्यापार मजबूत होने से व्यापारी नई ऊंचाईयों को छुएंगे। इस दौरान भाजपा जिला मीडिया प्रभारी नितिन गुप्ता ने मंत्री कपिल देव अग्रवाल को जीएसटी दरों में बदलाव से व्यापारियों की स्थिति से अवगत कराया। कार्यक्रम में आईआईए चेयरमैन विजेश कंसल, लघु उद्योग भारती के पूर्व नगर संयोजक अंकुर कंसल, हेमंत गिरधर, दीपक राज सिंघल, निखिल अग्रवाल, मनमोहन गर्ग, पंकज गुप्ता, यशराज सिंघल और कुणाल गिरधर सहित उद्यमी और व्यापारी शामिल रहे।



# मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नारी सशक्त, सशक्त परिवार अभियान के तहत विशाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें रोगियों की जांच कर नि:शुल्क औषधी वितरित की गई।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित शिविर का उद्घाटन पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डा. प्रवीण कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। सीएमओ डा. प्रवीण कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में किसी न किसी कारणवश तनाव की समस्याएं बढ़ती जा रही है। यह समस्या बहुत साधारण स्तर से शुरू होकर बाद में जटिल हो जाती है और मानसिक रोग का रूप ले लेती है। इससे बचने के लिए जीवन शैली में सुधार लाने और नियमित रूप से योग को अपनाने की जरूरत है। चेयरमैन विपिन गर्ग ने कहा कि स्वस्थ महिला ही सशक्त परिवार की नींव है। इसलिए महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना चाहिए। सरकारी अस्पताल की प्रभारी डा. रियंका चौधरी और डा. सुखपाल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान उत्कृष्ट कार्यो के लिए सीएमओ डा. प्रवीण को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अजय गांधी, विपिन त्यागी, राजेश अनेजा आदि अतिथियों के अलावा सीएचसी से डा. आशुतोष, डा. संजीव कुमार, पूरन सिह रांगड, देवेंद्र कुमार, मोती लाल, पूनम त्यागी, भूप सिंह, पंकज कुमार आदि शामिल रहे।



# पोस्टर व स्लोगन के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**देवबन्द।** विश्व फार्मेसी दिवस पर जामिया कॉलेज ऑफ फार्मेसी में आयोजित कार्यक्रम में फार्मेसिस्ट की भूमिका पर प्रकाश डालने के साथ ही छात्रो द्वारा पोस्टर प्रेजेंटेशन स्लोग्न प्रतियोतिगा के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।

विश्व फार्मेसी दिवस पर जामिया कॉलेज ऑफ फार्मेसी में आयोजित कार्यक्रम का कॉलेज के सचिव डा. अनवर सईद ने उद्घाटन करने के उपरांत कहा कि फार्मेसिस्ट की भूमिका केवल दवाई वितरित करने तक सीमित नहीं हैं बलकि वह मरीजो के जीवन की गुणवत्ता सुधारने के लिए समर्पित रहते हैं। प्राचार्य प्रोफेसर डा. मौहम्मद शारीम ने कहा कि फार्मेसिस्ट केवल दवाओं के विशेषज्ञ ही नही बलके समाज को स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका होती हैं। उन्होने फार्मेसी की भूमिका, दवा, सुरक्षा, मरीजो को सही प्रामर्श एवं हैल्थ केयर सेंटर में फार्मेसिस्ट की जिम्मेदारी की जानकारी दी। इस मौके पर डा. मौहम्मद फुरकान, आयशा प्रवीन, मौहम्मद फैजी, आसिफ, रूपा लांबा, अजय राणा, सचिन कुमार, संजय जिंदल, सुधीर आदि छात्र शामिल रहे।




# स्वरूपनख मोह, खर दूषण वध लीला का मंचन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्री विष्णु कला मण्डल के तत्वावधान में आयोजित रामलीला में बीति रात स्वरूपनखा मोह, खर दूषण वध लीला का बड़ा मनोहारी मंचन किया गया। जिसे देख दर्शक भाव विभोर हो गए।

राम जी लक्ष्मण व सीता सहित पंचवटी पर आते है, तभी वहां पर घूमती घूमती स्वरूपनखा भी आ जाती है। स्वरूपनखा उनसे छेड़छाड़ करती है। इस छेड़छाड़ से परेशान होकर लक्ष्मण जी स्वरूपनखा की नाक काट देते है। स्वरूपनखा अपनी सहायता के खर व दूषण को बुलाती है, वे भी राम के हाथों मारे जाते है। फिर स्वरूपनखा रावण के दरबार मे जाती है। रावण दरबार बर्खास्त करके सोच में पड़ जाता है। राम का अभिनय अजय प्रजापति, लक्ष्मन का सागर कश्यप, सीता का शिवम सैनी, स्वरूपनखा का लक्ष्मण सैनी, खर का सतबीर सैनी, दूषण का दीपक सैनी, तथा रावण का भरत शर्मा नेशानदार अभिनय किया। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष नितिन गुप्ता, वरिष्ठ महामंत्री सचिन शर्मा, कोषाध्यक्ष गगन मित्तल, सहकोषाध्यक्ष निखिल अग्रवाल, महामंत्री अमन मित्तल, मुख्य निर्देशक अशोक शर्मा, निर्देशक बलवीर सैनी,विपिन गर्ग, जितेंद्र कश्यप, हिमांशु होरा, अरुण गोयल, सतीश महेश्वरी, आदि शामिल रहे।



# माता का व्रत रख श्रद्धालुओं ने की परिवार की खुशहाली की कामना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** शारदीय नवरात्र के चौथे दिन मां दुर्गा के चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने माता का व्रत रख अपने परिवार की खुशहाली और विश्व शांति की कामना की।

गुरुवार को श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर में मां कूष्मांडा की पूजा अर्चना के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतार लगनी शुरू हो गई थी। पं. सतेंद्र शर्मा ने बताया कि मां की कांति और आभा सूर्य के समान है। देवी के कूष्मांडा स्वरूप ने ही सृष्टि का विस्तार किया। बताया कि मां का यह स्वरूप अन्नपूर्णा का है। शाकुंभरी रूप धर देवी ने शाक से

**देवी के कूष्मांडा स्वरूप ने ही सृष्टि का किया हैं विस्तार: शर्मा**

धरती को पल्लवित किया और शताक्षी बनकर असुरों का संहार किया। यह प्रकृति और पर्यावरण की अधिष्ठात्री हैं। कूष्मांडा देवी की आराधना के बिना जप और धन सम्पर्ण नहीं होते। माता के इस रूप में तृप्ति और तुष्टि दोनों हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं को सच्चे मन से मां की भक्ति करने की शिक्षा दी।

# पालिकाध्यक्ष को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** भगवान वाल्मिकी शोभायात्रा के दौरान साफ-सफाई कराये जाने के साथ ही छायाचित्र को पुन: सौंदर्यकरण कराये जाने के लिए पालिकाध्यक्ष को ज्ञापन दिया।

भगवान वाल्मिकी शोभायात्रा कमेटी के पदाधिकारियो ने पालिक. ाध्यक्ष विपिन गर्ग को 4 सुत्रिय ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया हैं कि 8 अक्टूबर को परंपरागत निकलने वाली भगवान वाल्मिकी शोभायात्रा से पूर्व भगवान वाल्मिकी चौक व भगवान वाल्मिकी के छायाचित्र का पुन: सौंदर्यकरण कराये जाने के साथ ही पालिका के सफाई कर्मचारियों का वेतन 5 अक्टूबर से पहले दिलाया जाए। ज्ञापन में यह भी मांग की गई हैं कि निकलने वाली शोभायात्रा के दिन कर्मचारियों को आधे दिन का अवक. ाश दिये जाने के साथ ही वाल्मिकी बस्ती की गलियों में प्रकाश व सफाई व्यवस्था कराई जाये। ज्ञापन देने वालो में अध्यक्ष राजेश टांक, विशेष सहयोगी राहुल वाल्मिकी, कोषाध्यक्ष सुनील, उपाध्यक्ष अविनाश, प्रचार मंत्री सन्नी, रोहित, वासू राज, सुधीर भारद्वाज, सुनील मुआने आदि शामिल रहे।



# छात्रों ने दिखाया दौड़ में खूब दमखम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** एचएवी इंटर कालेज में चल रही तीन दिवसीय तहसील स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता संपन्न हुई। अंतिम दिन विभिन्न कालेजों के छात्रों ने दौड़ समेत कई प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए खूब दमखम दिखाया।

एचएवी इंटर कालेज प्रागण में तीन दिवसीए प्रातियोगिता के अंतिम दिन पांच हजार मीटर सीनियर वर्ग दौड़ में लाला पूरणचंद साहनी मैमोरियल इंटर कॉलेज नूरपुर का कक्षा 11 का छात्र निखिल प्रथम, एचएवी इंटर कालेज का कक्षा 12 का छात्र रितिक द्वितीय और भारतीय इंटर कालेज तल्हेड़ी बुजुर्ग का कक्षा 12 का छात्र विशेष कुमार तृतीय स्थान पर रहा। जबकि तीन हजार मीटर दौड़ के अलावा चक्का फेंक, भाला फेंक व गोला फेंक में एचएवी इंटर कालेज और भायला इंटर कालेज के छात्रों का प्रदर्शन बेहतरीन रहा। प्रधानाचार्य हेम सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इस दौरान विजेता छात्रों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। खेल शिक्षक विजेंद्र कुमार, शिवओम त्यागी, अमरीश त्यागी, रविंद्र चौधरी, पंकज शर्मा, अमित कुमार, सुखसागर सिंह, कपिल त्यागी, अभिषेक सैनी, मनोज शर्मा, कपिल राणा आदि शामिल रहे।



# कुंडल लूटने वाले दो बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तितावी।** स्थानीय पुलिस ने कुंडल लूटने वाले दो बदमाशों को मुठभेड़ के दौरान पीतल का मजा चखाते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों बदमाशों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

गुरुवार प्रात:5 बजे तितावी पुलिस एक सूचना के आधार पर बघरा से अमीरनगर की तरफ जाने वाले रास्ते पर द्धहाईवे की तरफ ऋ चेकिंग कर रही थी तभी एक बाइक पर दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने जब उन्हें रुकने का इशारा किया तो उक्त बाइक सवार भागने लगे। पुलिस ने पीछा करते हुए उन्हें ललकारा तो बाइक सवार युवकों ने पुलिस टीम फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की तो दोनों बदमाशों के पैरों में लगी जिससे वह वहीं पर गिर पड़े। पुलिस में दोनों को अपने कब्जे में ले लिया। पकड़े गए बदमाशों के पास से एक बाइक सहित दो तमचे 315 बोर, 4 जिन्दा कारतूस व 2 खोका कारतूस और 1 सोने का कुंडल बरामदकिया। बदमाशों ने अपने नाम शावेज पुत्र इल्यास निवासी शेर नगर मुजफ्फरनगर व आकिल पुत्र इरशाद निवासी गाजियाबाद बताया। सीओ फुगाना ने ने बताया कि पकड़े गए बदमाश कुछ दिन पूर्व रविंद्र पुत्र सुरेंद्र शर्मा की पत्नी रेखा के कान से सोने का कुंडल खींच कर उक्त बदमाश फरार हो गए थे। जब उक्त लोग बाइक से शामली वापस अपने घर लौट रहे थे।पुलिस ने दोनों घायल बदमाशों को अस्पताल में भर्ती कराया तथा कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी।

# Eps 95 पेंशनर्स ने पेंशन बढ़वाने को डीएम को पीएम के नाम ज्ञापन सौंपा

**मुजफ्फरनगर।** आज गुरुवार को मचे 95 पेंशनर्स ने ईपीएफओ से मिनिमम पेंशन बढ़वाने के लिए डीएम उमेश मिश्रा को पीएम मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर नेशनल एजिटेशन कमेटी मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष रोहिताश सिंह वर्मा ने डीएम से कहा कि ईपीएफओ पेंशनर्स का पैसा दबाए बैठा है और मिनिमम पेंशन 1000 रूपए दे रहा है। इस पेंशन में आज के दौर में दो बुजुर्गों का जीवन गुजारा नहीं हो रहा है। वे न तो दो समय की रोटी खा रहे है और न ही बुढ़ापे में बिमारियों का इलाज करवा रहे है। इसलिए मिनिमम पेंशन 7500 रूपए और इसे महंगाई से जोड़ा जाए तथा दो बुजुर्गों को मुफ्त इलाज मिले। उन्होंने कहा कि देश में 78 लाख ऐसे लोग हैं जिन्हें ईपीएफओ से पेंशन मिलती है। इन लोगों का मचे पेंशन फंड में प्रत्एक व्यक्ति का एक लाख से लेकर 10 लाख रूपए तक जमा हैं फिर भी ईपीएफओ कहता है कि उसके पास पैसा नहीं है। उन्होंने डीएम से कहा कि 78 लाख लोगों का पैसा कहां गया, इसलिए ईपीएफओ झूठ बोल रहा है। इसलिए इनकी पेंशन बढ़ाई जाए। इस पर डीएम साहब ने कहा कि मैं आपका ज्ञापन पीएम मोदी को भेज रहा हूं। इस मौके पर मुजफ्फरनगर और मेरठ के करीब 20 पेंशनर्स मौजूद थे।

# तकनीकी ज्ञान विद्यार्थियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में सक्षम बनाएगा: मित्तल

**मुजफ्फरनगर।** एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में बीसीए एवं बीएससी (सीएस) विभाग के इन्फोटेन्मेंट क्लब के तत्वावधान में डेटा साइंस, एआई और एमएल पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के प्रागण में आयोजित बीसीए एवं बीएससी (सीएस) विभाग के इन्फोटेन्मेंट क्लब द्वारा डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एवं मशीन लर्निंग (एम. एल.) विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ परंपरागत रूप से माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने कहा कि तकनीकी शिक्षा में निरंतर हो रहे बदलावों को अपनाना ही आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि डेटा साइंस, एआई और एमएल भविष्य की तकनीक हैं और इनका ज्ञान विद्यार्थियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ने में सक्षम बनाएगा। डॉ. सजीव तायल ने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियाँ छात्रों को सैद्धांतिक ज्ञान से आगे बढ़कर व्यावहारिक समझ और औद्योगिक अनुभव प्रदान करती हैं। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे इस अवसर का पूरा लाभ उठाएँ और विषय विशेषज्ञों द्वारा साझा किए जाने वाले ज्ञान को आत्मसात करें। कार्यक्रम के संयोजक अंकुर अग्रवाल ने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों को नवीनतम तकनीकों से परिचित कराना और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना है। उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित किया कि वे इस अवसर को केवल एक सत्र न मानें बल्कि इसे अपने करियर निर्माण की मजबूत नींव बनाएं। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने भी विषय विशेषज्ञों से अनेक प्रश्न पूछे और अपने विचार साझा किए। कुछ छात्रों ने डेटा साइंस और ए.आई. में अपनी रुचि व्यक्त करते हुए कहा कि इस कार्यशाला ने उनकी समझ को और गहरा किया है तथा करियर को लेकर स्पष्टता प्रदान की है। कार्यशाला के दौरान छात्रों को प्रायोगिक गति. विधियों के माध्यम से डेटा सेट का विश्लेषण, मॉडल निर्माण और मशीन लर्निंग के प्रारंभिक प्रयोग भी कराए गए। इससे छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। कार्यशाला में कार्यक्रम संयोजक अंकुर अग्रवाल, सोनू प्रकाश, चंदना दीक्षित, वैभव वत्स निरंकर शर्मा, हिमांशु शर्मा, मोहि. हत गोयल, हर्षिता, अनुज गोयल, हर्षित, रॉबिन मलिक, रजत शर्मा, राहुल शर्मा, प्रशांत गुप्ता, सतीश, अमित, पवन बलियान और लवी वर्मा शामिल रहे।



# क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

**धामपुर।** आरएसएम इंटर कॉलेज धामपुर के मैदान में पूर्वी क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ कोतवाल राजेश कुमार सिंह और विद्यालय के प्रधानाचार्य ओमप्रकाश यादव ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण कर किया। इसके बाद क्षेत्र के 18 विद्यालयों के खिलाड़ी परेड की शक्ल में निकले, जिसे मुख्य अतिथि ने सलामी दी।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया।

400 मीटर दौड़ की विभिन्न श्रेणियों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। सीनियर बालिका वर्ग 400 मीटर दौड़ में बेनीपुर कोपा की डिंपल प्रथम, धामपुर जीजीआईसी की अर्पिता द्वितीय और गांधी इंटर कॉलेज मनकुआ की नीरज तृतीय रहीं। जूनियर बालिका वर्ग में सुहानी प्रथम, मनु द्वितीय और आयशा तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं सब जूनियर बालिका वर्ग में आरएसएम धामपुर की अंजली जोशी ने पहला स्थान हासिल किया, मिताली (आरएसएम) द्वितीय और गांधी इंटर कॉलेज की सुहानी तृतीय रहीं। बालक वर्ग में भी खिलाड़ियों ने जोरदार मुकाबला किया। सीनियर बालक वर्ग 400 मीटर में सतीश कुमार प्रथम, कशिश द्वितीय और मयंक तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग में सुधांशु जोशी ने बाजी मारी, पिंटू दूसरे और चमन तीसरे स्थान पर रहे। सब जूनियर वर्ग में रियान प्रथम, मौहम्मद अल्तमस द्वितीय और मौहम्मद इस्माइल तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के सफल संचालन में शिक्षकों और विद्यालय परिवार का विशेष योगदान रहा।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे ड्राइविंग लाइसेंस UP1120090002110 में मेरा नाम **एकान्त** दर्ज है। जबकि सही नाम **एकान्त चौधरी** है। अन्य दस्तावेजों में भी यही दर्ज है।

**एकान्त चौधरी** पुत्र श्री कर्ण सिंह, शीतलाखेडा, नागल, सहारनपुर।

**सूचना**

मेरा इकरारनामा संख्या 6608/2023 दिनांक 05-07-2023 विक्रेता के नाम विशाल भारद्वाज पुत्र सतीश शर्मा, क्रेता का नाम रविंद्र कुमार पुत्र हुक्म सिंह गुम हो गया है। जिस किसी व्यक्ति को मिले कृपया मोबा. इल 9837187068 पर संपर्क करें।

रविंद्र कुमार पुत्र हुक्म सिंह
निवासी ग्राम भंगेड़ी महावतपुर
तहसील रुड़की जिला हरिद्वार।

# विंडीज के खिलाफ टीम इंडिया घोषित

● **वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में गिल कप्तान, जडेजा उपकप्तान, 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में होगा पहला टेस्ट**

**मुंबई, वार्ता।** वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में देवदत्त पड़िक्कल की वापसी हुई है, जबकि उनके कर्नाटक टीम के साथी करूण नायर को बाहर कर दिया गया है। चोट से उबर रहे )षभ पंत की जगह अब रवींद्र जडेजा टीम के उपकप्तान हैं, जबकि नारायण जगदीशन ने दूसरे विकेटकीपर के रूप में अपनी जगह बरकरार रखी है। वह इंग्लैंड दौरे के आखिरी टेस्ट के लिए भारतीय टीम से पहली बार जुड़े थे। शुभमन गिल पहली बार घरेलू मैदान पर टेस्ट कप्तानी करेंगे।

इससे पहले उन्होंने इस साल इंग्लैंड में कप्तान के तौर पर डेब्यू किया था। उनके साथ बुमराह भी टीम में हैं और उन्हें एशिया कप के बाद घरेलू सीरीज के लिए आराम नहीं दिया गया है। बाकी टीम लगभग वैसी ही है, जैसी इंग्लैंड में थी, लेकिन तीसरे सलामी बल्लेबाज विकल्प के रूप में अभिमन्यु ईश्वरन को नहीं चुना गया है। ज़रूरत पड़ने पर यह भूमिका टीम के अतिरिक्त विकेटकीपर जगदीशन निभा सकते हैं। भारत के अंतिम एकादश की संरचना हालांकि इंग्लैंड की तुलना में काफी अलग दिख सकती है, क्योंकि इस बार तेज गेंदबाजी से ज्यादा स्पिन पर जोर दिया जाएगा और इसके लिए टीम में जडेजा के साथ-साथ कुलदीप यादव, वॉशिंगटन सुंदर के साथ अक्षर पटेल टीम में हैं। बड़े फॉर्मेट में यह अक्षर की वापसी है। तेज गेंदबाजी में भारतीय टीम के साथ इंग्लैंड गए अर्शदीप सिंह, आकाश दीप और अंशुल कंबोज को जगह नहीं मिली है। अंशुल और आकाश अब ईरानी कप में रेस्ट ऑफ इंडिया की तरफ से खेलते दिखेंगे। तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में टीम में एकमात्र विकल्प नीतीश कुमार रेड्डी का है, जो इंग्लैंड दौरे पर तो गए थे, लेकिन चोट के कारण बीच दौरे से वापस आ गए थे। वह फ़िलिहाल ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दूसरे अनाधिकृत टेस्ट में भारत ए टीम का हिस्सा हैं।

शार्दुल ठाकुर इंग्लैंड दौरे के बाद बाहर हो गए हैं। भारत और वेस्टइंडीज के बीच दो टेस्ट मैच होंगे। पहला 2 अक्तूबर को अहमदाबाद में और दूसरा 10 अक्तूबर को दिल्ली में खेला जाएगा। यह 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की भारत की दूसरी सीरीज होगी। भारत का अभियान इंग्लैंड में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी सीरीज से शुरू हुआ था, जहां भारत ने पांच टेस्ट की सीरीज 2-2 से ड्रॉ की थी। पांच टेस्ट में उपलब्ध अधिकतम 60 में से 28 अंक हासिल करने के बाद भारत डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में 46.67 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका उनसे ऊपर हैं, जिनके पास क्रमशः 100 और 66.67 प्रतिशत अंक हैं।



### वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की टेस्ट टीम

शुभमन गिल कप्तान, यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, देवदत्त पड़िक्कल, ध्रुव जुरेल, रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, नीतीश रेड्डी, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप और एन जगदीशन



## एशिया कप में भारत ने अब तक 12 कैच छोड़े

**दुबई, वार्ता।** भारत ने भले ही एशिया कप के फाइनल में जगह बना ली है लेकिन कैच छोड़ना उसके लिए कुछ चिंता की बात है जो आगे चलकर उसके लिए नुकसानदायक हो सकती है। इस एशिया कप में, भारत ने अब तक 12 कैच छोड़े हैं, जो किसी भी टीम द्वारा सबसे ज्यादा हैं। उनकी कैचिंग क्षमता 67.5 प्रतिशत है जो हांगकांग चीन के बाद दूसरे सबसे खराब है। चार कैच वरुण चक्रवर्ती की गें. दबाजी पर छूटे हैं। वरुण ने बांग्लादेश के खिलाफ मैच के बाद साफ शब्दों में कहा कि इस टीम को आने वाले विश्व कप तक एक मिशन के लिए चुना गया है। इसलिए हमें अपनी फीलल्डग में सुधार करना होगा और निश्चित रूप से फीलल्डग कोच के पास कहने के लिए बहुत कुछ होगा। मुझे लगता है कि पिछले मैच में उन्होंने ज्यादा कुछ नहीं कहा था, लेकिन मुझे लगता है कि इस मैच के बाद आज के बाद उनके पास कहने के लिए बहुत कुछ होगा। इसके पीछे कई कारण हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### आर. अश्विन सिडनी थंडर के साथ जुड़ेंगे

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय ऑफ स्पिनर आर अश्विन ने आगामी बिग बैश लीग (बीबीएल) सीजन के लिए सिडनी थंडर के साथ करार किया है। इस ऐतिहासिक कदम के साथ वह इस प्रतियोगिता में खेलने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन जाएंगे। डब्ल्यूबीबीएल में भारत की कई महिला खिलाड़ी हिस्सा ले चुकी हैं, लेकिन बीसीसीआई के नियमों के कारण भारतीय पुरुष टीम वैश्विक लीग में भाग नहीं ले सकते। भारत के पूर्व अंडर-19 कप्तान उन्मुक्त चंद और भारत के पूर्व घरेलू खिलाड़ी निखिल चौधरी, दोनों ने हाल के वर्षों में बिग बैश लीग (बीबीएल) में खेला है, लेकिन चंद अमेरिका के नागरिक हैं, जबकि चौधरी अब ऑस्ट्रेलिया में स्थानीय खिलाड़ी के रूप में खेलते हैं और उन्होंने इसी महीने तस्मानिया के लिए लिस्ट ए में पदार्पण किया है।

### अय्यर लाल गेंद वाले क्रिकेट से दूर, भारत ए के कप्तान नियुक्त

**मुंबई, वार्ता।** श्रेयस अय्यर ने पीठ में बार-बार होने वाली ऐंठन के कारण छह महीने के लिए लाल गेंद वाले क्रिकेट से दूरी बना ली है, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ आगामी एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारत ए टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। बीसीसीआई ने आज पुष्टि की कि पीठ की सर्जरी से उबर रहे अय्यर को ईरानी कप के लिए नहीं चुना गया है, लेकिन वह 30 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक कानपुर में होने वाले सीमित ओवरों के क्रिकेट में टीम की कप्तानी करेंगे। बोर्ड ने बताया कि अय्यर ने हालांकि यूनाइटेड किंगडम में सर्जरी के बाद अपनी रिकवरी अच्छी तरह से की है, लेकिन लंबे प्रारूप में खेलते समय उन्हें जकड़न और ऐंठन की शिकायत हुई थी।

● **बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 चैंपियनशिप** ●

## तन्वी, चांगमाई भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे



● **तन्वी और चांगमाई इस बार अंडर-17 वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशियाई अंडर-15 चैंपियन तन्वी पत्री और पूर्व चैंपियन बोर्निल चांगमाई 21-26 अक्टूबर, 2025 तक चीन के चेंगदू में होने वाली बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 चैंपियनशिप के लिए 36 सदस्यीय भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे।

तन्वी और चांगमाई इस बार अंडर-17 वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगे क्योंकि भारतीय दल पिछले दो सफल अभियानों को आगे बढ़ाने की उम्मीद कर रहा है। भारत ने 2024 में एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता था, और 2023 में एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता था, दोनों संस्करण चेंगदू में आयोजित किए गए थे। भारतीय टीम का चयन हाल ही में संपन्न हुए योनेक्स-सनराइज अश्विनी गुप्ता मेमोरियल अखिल भारतीय सब जूनियर (अंडर-15 और अंडर-17) रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट 2025 में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। यह टूर्नामेंट 13 से 21 सितम्बर, 2025 तक हरियाणा के पंचकुला में आयोजित किया गया था। इसमें कुछ स्थापित सितारों के साथ-साथ कुछ नए चेहरे भी शामिल हैं। भारतीय बैडमिंटन संघ के महासचिव, संजय मिश्रा ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में महाद्वीपीय चैंपियनशिप में भारत की लगातार सफलता हमारे जूनियर विकास कार्यक्रम की मजबूती को दर्शाती है। इस टीम में कई होनहार खिलाड़ी हैं जो पदक जीतने की क्षमता रखते हैं, जो टीम की गहराई और प्रतिभा को दर्शाता है। इस टीम में, शरयु अंडर-15 की तीनों श्रेणियों में भाग लेंगी।

## BCCI ने फरहान व हारिस रउफ के खिलाफ ICC में शिकायत की





● **मामला एशिया कप सुपर-4 के मैच से जुड़ा है, जो दुबई में रविवार को खेला गया था**

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पाकिस्तान के क्रिकेटरों हारिस रऊफ और साहिबजादा फरहान के खिलाफ उनके ऑन-फील्ड हावभाव को लेकर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) में आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई है।

यह मामला एशिया कप सुपर फोर के मैच से जुड़ा है, जो दुबई में पिछले रविवार को खेला गया था। जानकारी के अनुसार बीसीसीआई ने बुधवार को ईमेल के जरिए यह शिकायत दर्ज कराई और आईसीसी को यह प्राप्त हो चुकी है। अगर फरहान और रऊफ ने इन आरोपों से इनकार किया, तो इस मामले पर आईसीसी की सुनवाई हो सकती है। उन्हें मैच रेफरी रिची रिचर्डसन के सामने पेश होना पड़ सकता है, जो टूर्नामेंट में दूसरे मैच रेफरी हैं, जबकि पहले रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट हैं। फ़रहान का अर्द्धशतक पूरा करने के बाद का जश्न और रऊफ का बाउंड्री पर फ़ील्डिंग करते समय दर्शकों की ओर इशारा करना, यही दो घटनाएं मानी जा रही हैं, जिन पर बीसीसीआई ने शिकायत दर्ज कराई है। ये दोनों घटनाएं उस दिन से सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में हैं। भारत के सहायक कोच रायन टेन डेशकाटे ने मंगलवार को हारिस के उकसाने वाले इशारों पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि सबसे पहले मैं यह कहना चाहूंगा कि जिस तरह से हालात की वजह से खिलाड़ियों पर दबाव डाला गया है, उसमें अपने व्यवहार को नियंत्रित करना बहुत मुश्किल होता है।

मैंने हारिस की कुछ हरकतें देखीं, लेकिन वह हमारे चिंता का विषय नहीं है। जैसा कि मैंने पहले भी कहा, हमें इस बात पर बहुत गर्व है कि हमारे खिलाड़ियों ने मैदान पर खुद को किस तरह संभाला। उन्होंने मैदान पर अपने बल्लों से जवाब दिया। हो सकता है कि दूसरी टीमों को हमारी कुछ बातों से दिक्कत रही हो, लेकिन हमारी ओर से हमें इस बात पर गर्व है कि हमारे खिलाड़ियों ने खुद को किस तरह संभाला।

## सिनर-इगा का ध्यान चाइना ओपन में बेहतर प्रदर्शन पर





**बीजिंग, वार्ता।** पुरुषों में शीर्ष वरीयता प्राप्त जैनिक सिनर और महिलाओं में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियाटेक ने बुधवार को चाइना ओपन से पहले अपनी उम्मीदें साझा कीं और बीजिंग में अपने समय और अनुभव का आनंद लेने की उम्मीद जताई। एक महीने पहले यूएस ओपन के फाइनल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज से हारने वाले सिनर ने कहा कि एक बार फिर टूर्नामेंट में वापसी करना बहुत अच्छा है।

यूएस ओपन के बाद, शरीर अच्छी स्थिति में है। दिमाग भी। यूएस ओपन के बाद कुछ अच्छा समय बिताया। इतालवी खिलाड़ी का सामना गुरुवार को राउंड ऑफ 32 में क्रोएशिया के दुनिया के 97वें नंबर के खिलाड़ी मारिन सिलिच से होगा। ष्ज़ाहिर है, किसी भी टूर्नामेंट में पहला राउंड कभी आसान नहीं होता। लेकिन हर लिहाज से, मैं फिर से वापसी करके बहुत खुश हूं। उम्मीद है कि अच्छा टेनिस खेल पाऊंगा। हम खुद को बेहतरीन तरीके से तैयार करने की को. शिश करते हैं। ज़ाहिर है, मैं यहां चीन में फिर से खेलने के लिए बहुत उत्सुक हूं, और देखते हैं कैसा रहता है। रविवार को डब्ल्यूटीए 500 कोरिया ओपन में रूस की एकातेरिना एलेक्ज़ेंड्रोवा को 1-6, 7-6(3), 7-5 से हराने वाली स्वियाटेक ने अपनी जीत पर कहा कि आमतौर पर मैं बस अच्छा महसूस करती हूं और फिर जीत जाती हूं। लेकिन फाइनल की शुरुआत में मैं अच्छा महसूस नहीं कर रही थी, और फिर मैं वाकई में स्थिति बदल सकती थी। मुझे लगता है कि इस टूर्नामेंट की यही सबसे अच्छी बात है। वर्तमान में दूसरे स्थान पर काबिज़ स्वियाटेक अभी भी आर्यना सबालेंका से 2,700 से ज्यादा अंकों से पीछे हैं। हालांकि, सबालेंका चोट के कारण चाइना ओपन से हट गई थीं। पोलिश स्टार ने जोर देकर कहा कि रैंकिंग उनकी प्राथमिकता नहीं है। स्वियाटेक ने कहा कि मैं पहले से ही जानती हूं कि रैंकिंग के बारे में सोचना कोई मायने नहीं रखता, चाहे आप नंबर 2 हों या नंबर 1। यह बस संख्याओं की बात है।

### मुलर ने खाचानोव को हराया, वांग शियायू ने मुख्य ड्रॉ में पहली जीत दर्ज की

**बीजिंग, वार्ता।** फ्रांस के एलेक्जेंडर मुलर ने चाइना ओपन में बड़ा उलटफेर कर एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए पुरुष एकल के पहले दौर में पांचवीं वरीयता प्राप्त कारेन खाचानोव को हरा दिया। यहां नेशनल टेनिस सेंटर के डायमंड कोर्ट पर बुधवार को खेले गए मुकाबले में मुरल ने खाचानोव को दो घंटे 37 मिनट तक चले मैच में 6-4, 6-7(5), 6-4 से हराया। मैच की शुरुआत में विश्व के 10वें नंबर के खिलाड़ी खाचानोव ने दूसरे सेट के टाईब्रेक में 4-2 की बढ़त गंवा दी, जबकि मुलर ने अगले छह में से पाच अंक हासिल कर निर्णायक सेट के लिए मजबूर कर दिया। अंतिम सेट में फ्रांसीसी खिलाड़ी ने शुरुआती गेम में सर्विस तोड़ी, लेकिन नौवें गेम में फिर से अटैक किया और अपनी सर्विस बरकरार रखते हुए दो घंटे 37 मिनट में जीत पक्की कर ली।

## लीसा काइटली बनी मुंबई इंडियंस महिला टीम की मुख्य कोच

● **अपने शानदार खेल करियर और शीर्ष वैश्विक लीगों में कोचिंग के अनुभव के साथ लीसा एमआई टीम में बेजोड़ अनुभव और दूरदर्शिता लेकर आएंगी**



**मुंबई, वार्ता।** मुंबई इंडियंस ने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर और दो बार की विश्व कप विज. ेता लीसा काइटली को आज अपनी महिला टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया। 1997 और 2005 में ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप विजेता टीमों का हिस्सा रहीं काइटली महिला क्रिकेट की सबसे सम्मानित कोचों में से एक हैं। अपने शानदार खेल करियर और ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और शीर्ष वैश्विक लीगों में कोचिंग के अनुभव के साथ, वह मुंबई इंडियंस टीम में बेजोड़ अनुभव और दूरदर्शिता लेकर आएंगी।

मुंबई इंडियंस महिला टीम पहले से ही डब्ल्यूपीएल के इतिहास की सबसे सफल टीम है, जिसने केवल तीन सीजन में दो चैंपियनशिप जीती हैं। 2023 और 2025 में वह डब्ल्यूपीएल विजेता रही है। इस मौके पर खुशी जाहिर करते हुए नीता एम- अंबानी ने कहा कि हमें मुंबई इंडियंस परिवार में लीसा काइटली का स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है। लीसा ने अपने जुनून से क्रिकेट की कई पीढ़ियों को प्रेरित किया है। उनका आगमन मुंबई इंडियंस के लिए एक रोमांचक व नया अध्याय है क्योंकि हम और ऊंचा उड़ने के लिए तैयार हैं। लीसा काइटली ने कहा कि मुंबई इंडियंस में शामिल होना सम्मान की बात है, एक ऐसी टीम जिसने डब्ल्यूपीएल में कई मानक स्थापित किए हैं। मैं टीम के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं ताकि हम अपनी सफलता को और आगे बढ़ा सकें और मैदान के अंदर और बाहर नई पीढ़ी को प्रेरणा देते रहें। काइटली, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड दोनों महिला टीमों की कोच रही हैं। वह इंग्लैंड की पूर्णकालिक मुख्य कोच बनने वाली पहली महिला थीं। उन्हें डब्ल्यूबीबीएल, द हंड्रेड और डब्ल्यूपीएल में फ्रेंचाइजी कोचिंग का भी अनुभव है, और हाल ही में उन्होंने पिछले महीने द हंड्रेड में नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स को महिला खिताब जितवाया था।

### भारतीय निशानेबाजों ने स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक जीते

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय निशानेबाजों ने गुरुवार को डा. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में महिलाओं की 50 मीटर प्रोन स्पर्धा में तीनों पोडियम स्थान हासिल कर आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप 2025 के अपने नए चरण के अभियान की शानदार शुरुआत की। पुरुष टीम इसी स्पर्धा में स्वर्ण पदक से चूक गई, लेकिन रजत और कांस्य पदक जीतकर भारत ने सीजन के दूसरे जूनियर आईएसएसएफ विश्व कप में पदक तालिका में शुरुआती बढ़त बना ली। अनुष्का ठोकुर ने महिलाओं की 50 मीटर प्रोन राइफल निशानेबाजी स्पर्धा में 621.6 अंकों के साथ स्वर्ण, हमवतन अंशिका ने 619.2 अंकों के साथ रजत और आध्या अग्रवाल ने 615.9 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। पुरुष वर्ग की स्पर्धा में, भारत के दीपेंद्र ने 617.9 अंक बनाए व कामिल नूरिया से स्वर्ण पदक चूक गए।

### 91 देशों के 150 स्थानों पर विकसित भारत दौड़-2025 का आयोजन

**नई दिल्ली, वार्ता।** राष्ट्र निर्माण हेतु सामूहिक प्रयास को प्रेरित करने के लिए पहली बार 91 देशों के 150 स्थानों पर विक. सित भारत दौड़-2025 का आयोजन किया जायेगा। युवा मामले और खेल मंत्रालय, विदेश मंत्रालय के सहयोग से, सेवा पखवाड़ा (17 सितम्बर से दो अक्टूबर) के हिस्से के रूप में 91 देशों में 150 से अधिक स्थानों पर विकसित भारत रन-2025 का आयोजन कर रहा है।

राष्ट्र निर्माण हेतु सामूहिक प्रयास को प्रेरित करने हेतु यह अनूठी वैश्विक पहल पहली बार शुरू की जा रही है। 'रन टू सर्व द नेशन' टैगलाइन के साथ, विकसित भारत रन, विश्वभर के प्रतिष्ठित और सुगम स्थानों पर तीन से पांच किलोमीटर की सामुदायिक दौड़ के रूप में आयोजित किया जा रहा है। अधिकांश दौड़ें 28 सितम्बर, 2025 को आयोजित होंगी। इस दौड़ में मैक्सिको सिटी के एंजेल ऑफ इंडिपेंडेंस, सूरीनाम के पारामारिबो में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल, सैन फ्रांसिस्को में गोल्डन गेट ब्रिज और विश्वभर के कई अन्य प्रतिष्ठित स्थानों और प्रसिद्ध स्मारकों को शामिल किया जाएगा। इसका उद्देश्य विदेशों में रहने वाले भारतीयों, स्थानीय समुदायों, छात्रों, पेशेवरों और भारत के मित्रों को एक साथ लाना है, ताकि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की पुष्टि हो सके। विकसित भारत रन-2025 भारत की सबसे बड़ी वैश्विक आउटरीच पहलों में से एक बनकर उभरेगी। यह न केवल एक फिटनेस और साम. ुदायिक गतिविधि है, बल्कि भारत के सेवा भाव, स्थिरता और समावेशिता के मूल्यों का एक वैश्विक उत्सव भी है। इसका उद्देश्य भारत और उसके प्रवासी समुदायों के बीच संबंधों को मजबूत करना है।

## भारतीय क्रिकेट के नए सिक्सर किंग 'अभिषेक'

● **जुलाई 2024 में हुए अभिषेक के टी-20 डेब्यू के बाद से सिर्फ ऑस्ट्रिया के करणबीर (99) और यूएई के वसीम (60) ने अभिषेक से ज्यादा छक्के लगाए है**



**नई दिल्ली, वार्ता।** सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा भारतीय क्रिकेट के नए 'सिक्सर किंग' बन गए हैं। अभिषेक ने अभी सिर्फ़ 21 टी-20 खेले हैं, लेकिन वह सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। अभिषेक शर्मा ने कुल 58 छक्के लगाए हैं। वह पहले ही भारत के लिए पुरुष टी-20 में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर हैं। जुलाई 2024 में हुए अभिषेक के टी-20 डेब्यू के बाद से सिर्फ ऑस्ट्रिया के करणबीर सिंह (99) और यूएई के मुहम्मद वसीम (60) ने अभिषेक से ज्यादा छक्के लगाए हैं। पूर्णकालिक देशों के खिलाड़ियों में संजू सैमसन दूसरे स्थान पर हैं, जिनके नाम 37 छक्के हैं। अभिषेक ने इस फार्मेट में 6.83 गेंदों में एक छक्का लगाया है, जो पुरुष टी-20 में 50 या उससे ज्यादा छक्के लगाने वाले 153 बल्लेबाजों में दूसरा सबसे अच्छा औसत है। जिब्राल्टर के केरोन स्टैग्नो का सबसे अच्छा औसत है, जो हर 6.61 गेंद पर एक छक्का लगाते हैं। अभिषेक का गेंद-प्रति-छक्का औसत पूर्णकालिक देशों में सबसे अच्छा है, जहां आंद्रे रसेल (7.21) दूसरे स्थान पर हैं। अभिषेक हर पारी में 2.76 छक्के लगाते हैं, जो 50 या उससे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों में दूसरा सबसे अच्छा है। करणबीर सिंह उनसे आगे हैं, जिन्होंने 36 पारियों में 113 छक्के लगाए और उनका औसत 3.14 है। अभिषेक के बाद एविन लुईस (2.13) पूर्णकालिक देशों से एकमात्र बल्लेबाज हैं, जिनके नाम प्रति पारी में दो या उससे ज्यादा छक्के हैं। एक टी-20 में अभिषेक ने पांच या उससे ज्यादा छक्के छह पारियों में लगाए हैं, जिसमें बुधवार को एशिया कप बांग्लादेश के खिलाफ मैच भी शामिल है। भारतीय खिलाड़ियों में सिर्फ़ रोहित शर्मा (13) और सूर्यकुमार यादव (9) ने अभिषेक से ज्यादा बार एक टी-20 में पांच या उससे ज्यादा छक्के लगाए हैं। अभिषेक ने पावरप्ले ओवरों में 32 छक्के लगाए हैं। पुरुष टी-20 की शुरुआती छह ओवरों में सिर्फ़ तीन भारतीय बल्लेबाज उनसे ज्यादा छक्के लगा पाए हैं। अभिषेक ने 23 छक्के बीच के ओवरों (7.16) में और तीन छक्के आखिरी ओवरों (17.20) में लगाए हैं। अभिषेक ने तेज गेंदबाजों के खिलाफ 246 गेंदों पर 33 छक्के लगाए हैं।

## ईरानी कप में पाटीदार होंगे कप्तान

**मुंबई, वार्ता।** बल्लेबाज रजत पाटीदार ईरानी कप में शेष भारत की टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि ऋतुराज गायकवाड़ उनके उपकप्तान होंगे। टीम में अभिमन्यु ईश्वरन और आकाश दीप शामिल हैं-दोनों ही भारत के हालिया इंग्लैंड टेस्ट दौरे का हिस्सा थे-और मैनचेस्टर टेस्ट में पदार्पण करने वाले अंशुल कंबोज भी शामिल हैं। उनके शामिल होने से स्पष्ट है कि वे 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होने वाली वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं। शेष भारत टीम (ईरानी कप): रजत पाटीदार (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़ (उप-कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन, आर्यन जुयाल (विकेट कीपर), यश ढुल, शेख रशीद, ईशान किशन (विकेट कीपर), तनुश कोटियन, मानव सुथार, गुरनूर बरार, खलील अहमद, आकाश दीप, अंशुल कंबोज, सारांश जैन।

## लियोनल मेसी के 'डबल' से इंटर मियामी की प्लेऑफ में जगह पक्की

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** लियोनेल मेसी ने दो गोल दागे और एक और गोल की नींव रखी जिससे इंटर मियामी ने बुधवार को न्यूयॉर्क सिटी को 4-0 से हराकर एमएलएस प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली। हाफटाइम से ठीक पहले, बाल्टासर ने मेसी की सटीक थ्रू बॉल पर दौड़कर गोल किया और शांति से शॉट को निचले-दाएं कोने में पहुंचा दिया। सर्जियो के डिफेंस को चकनाचूर कर देने वाले पास पर मेसी ने गोलकीपर मैट फ्रीज के ऊपर से एक चतुराईपूर्ण शॉट लगाकर बढ़त दोगुनी कर दी। इसके बाद, जस्टिन हाक द्वारा रोड्रिगो डी पॉल को गिराए जाने के बाद सुआरेज ने पेनल्टी को गोल में बदला।

# रालोद के सदस्यता अभियान को दें गति: त्रिलोक

## राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी, कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार व क्षेत्रीय अध्यक्ष चौ.योगेंद्र सिंह का किया स्वागत



■ जिलाध्यक्ष शाहजमां खान, महानगर अध्यक्ष भूषण चौहान व खेल प्रकोष्ठ राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ.नीरपाल सिंह ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रालोद के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी ने कहा कि राष्ट्रीय लोक. दल किसान मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की नीतियों पर चलने वाली पार्टी है, जो गांव, गरीब, किसान, मजदूर और हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि पार्टी के सदस्यता अभियान को गति दें और अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम करें।

रालोद के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी आज दिल्ली रोड स्थित एक बैंकट हॉल में मंडल स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। त्रिलोक त्यागी तथा विशिष्ट अतिथि कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, क्षेत्रीय अध्यक्ष चौधरी योगेंद्र सिंह का जिलाध्यक्ष शाह जमा खान, महानगर अध्यक्ष भूषण चौहान, प्रदेश महासचिव चौधरी धीर सिंह, प्रदेश सचिव अयूब हसन सहित अन्य पदाधिकारी ने बड़ी माल्यापर्ण कर स्वागत किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि पार्टी के सदस्यता अभियान को गति दें और अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ें। उन्होंने कहा कि सहारनपुर में रालोद को 2027जैसी ताकतवर स्थिति में लाना है।

कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार और राष्ट्रीय सचिव प्रबुद्ध कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के नेतृत्व में पार्टी लगातार प्रगति कर रही है और आज आठ राज्यों में संगठन मजबूती से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे जनता तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाएं।

इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष चौधरी योगेंद्र सिंह, रालोद खेल प्रकोश्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ.नीरपाल सिंह, मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर, जिला अध्यक्ष शाह जमा खान, ने संयुक्त रूप से कहा कि कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ हैं और उनका सम्मान सर्वोपरि है। पार्टी को मजबूत करने के लिए बूथ स्तर तक कमेटियां बनाई जाएं और सभी प्रकोष्ठों की मीटिंग नियमित रूप से आयोजित हों।

सम्मेलन में थाना भवन विधायक अशरफ अली खान, पूर्व विधायक दिल नवाज खान, मुजफ्फरनगर जिला अध्यक्ष संदीप मलिक, शामली जिला अध्यक्ष वाजिद अली, क्षेत्रीय महासचिव रमेश चौहान, महावीर सैनी एडवोकेट, क्षेत्रीय सचिव मनोज वर्मा, अंबेहटा चेयरमैन प्रतिनिधि नयीमुल हसन एडवोकेट, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी सलीम कुरैशी, नावेद अख्तर उर्फ बबली, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष प्रधान जसमेर सिंह, प्रधान मेहरबान चौधरी, यशवीर सिंह, नेत्रपाल सिंह, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रियंका सिंह, अंजुम त्यागी, रेखा धनगर, युवराज सिंह, भूरा मलिक, सोहन पाल, अरविंद झाल, विक्रांत जावला, विजय कौशिक, कृष्ण पाल राठी, चौधरी अर्जुन सिंह, अमरीश कुमार, मंजुल चावला, गजेंद्र चौधरी, दिनेश शर्मा, हरपाल वाल्मीकि, पदम सिंह, अनुज वर्मा, अरविंद चौधरी, अशोक मुखिया, नवीन प्रधान, संजीव प्रधान, नीरज पूनिया, हरेंद्र चौधरी, राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष पुनीत चौधरी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष हाजी शमीम अहमद, व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मंजुल चावला और प्रधान जसमेर सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।




# ग्लोकल यूनिवर्सिटी में मनाया आयुर्वेद दिवस



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर में 10वां आयुर्वेद दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. सुष्मिता के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने आयुर्वेद की महत्ता और इसकी वैश्विक उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात प्रतिकुलपति प्रोफेसर जॉन फिन्बे ने उद्घाटन संबोधन और आशीर्वचन प्रदान करते हुए आधुनिक जीवन में आयुर्वेद के बढ़ते महत्व और प्राकृतिक स्वास्थ्य संरक्षण पर जोर दिया। ग्लोकल विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी ने भी अपने उद्बोधक विचार साझा करते हुए कहा कि आयुर्वेद केवल चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने की समग्र शैली है। यह हमें शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का मार्ग दिखाता है और आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में स्वस्थ रहने का सबसे सरल उपाय प्रदान करता है।

छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, जागरूकता नाटिकाओं और शोध-पत्र प्रस्तुतियों के माध्यम से आयुर्वेद के सिद्धांतों और स्वास्थ्य संवर्धन की उपयोगिता को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। अंत में ग्लोकल विश्वविद्यालय के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन, कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी, प्रतिकुलपति प्रोफेसर जॉन फिनबे सहित अन्य संकाय सदस्यों ने इस कार्यक्रम में आयोजित सम्मान समारोह में कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वाले प्रतिभागियों और सहयोगियों को सम्मानित किया।

## तीन आरोपी गिरफ्तार

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने अदालत के आदेश पर अलग अलग मामलों के 3 आरोपीयों को अलग अलग जगह से गिरफ्तार किया है।

बृहस्पतिवार को थाना प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार की अगुवाई में पुलिस टीम ने 3 वारण्टी सलमान पुत्र निसार निवासी ग्राम माहेश्वरी कलां थाना चिलकाना, राजू पुत्र राज. ेश निवासी ग्राम बडगांव थाना चिल. काना व ऐजाज उर्फ ऐजाद पुत्र बाबू निवासी ग्राम दुमझेडा थाना चिलक. ाना को अलग अलग मामलों में इनके मकानों से गिरफ्तार किया है।

## चिलकाना पुलिस ने पकड़े दो पेड़ चोर

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने 2 शातिर आरोपी पेड चोरों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से 22 गट्टे पोपलर की लकडी व लडकी काटने के उपकरण एवं 1 पिक अप व बाईक बरामद किए गए हैं।

बृहस्पतिवार को थाना प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार की अगुवाई में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर चौकिंग के दौरान दबकोरा बेहट की तरफ से टोडरपुर वाले रास्ते पर घेराबन्दी करते हुए 2 शातिर आरोपी पेड़ चोरों अनिकेत पुत्र वेदपाल व अजय पुत्र शिवलाल निवासी ग्राम जिववाला थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

पुलिस पूछताछ पर आरोपियों ने बताया है कि वह दोनो व उनका तीसरा साथी मिलकर रात्रि के समय किसानों के खेतों में खड़े पेड़ चोरी से काट लेते हैं। गिरफ्तारी टीम में टोडरपुर चौकी इंचार्ज एसआई देवेन्द्र अधाना, कांस्टेबल नितिन धनकड़, गोपाल सोलंकी व हरिभान सिंह शामिल रहे

# मेयर ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा स्वच्छोत्सव 2025 के अंतर्गत आज दिल्ली रोड स्थित काशीराम कॉलोनी में 'एक दिन-एक घंटा, एक जगह' श्रमदान के साथ स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान में महापौर डॉ. अजय कुमार ने काशीराम कॉलोनी में सड़कों पर झाड़ू लगायी और पार्कों से कूड़ा बीनकर श्रमदान किया। उनके साथ अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीन शाह, जेडएसओ राजीव चौधरी सहित अनेक अधिकारियों व स्थानीय लोगों ने झाड़ू लगाकर व कूड़ा बीनकर स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया। महापौर, अधिकारियों व क्षेत्रीय लोगों ने स्वच्छता प्रहरी के रुप में सेल्फी भी ली।

अभियान के दौरान सड़कों, नालियों, पार्कों की साफ-सफाई, नालियों से पानी निकासी करने के अलावा पेड़ों की कटाई-छंटाई तथा पूरी कॉलोनी में फॉगिंग भी करायी गयी। महापौर ने विभिन्न स्थानों पर उग आयी घास तथा नालियों में जमा पॉलीथिन को लगातार साफ कराने पर जोर दिया। उन्होंने कॉलोनी में आज होने वाली सफाई की स्थिति लगातार बरकरार रखने के भी निर्देश दिए। महापौर ने झाड़ू लगाते हुए रुक-रुककर कॉलोनी के दुकानदारों और महिलाओं से सफाई व अन्य समस्याओं के सम्बंध में जानकारी ली। उन्होंने लोगों को अपने आसपास के परिवेश को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि केवल सरकार के भरोसे स्वच्छता नहीं हो सकती, प्रत्येक नागरिक को इसे अपनी जीवन शैली से जोड़कर पर्यावरण संतुलन में भी सहयोग करना होगा।

महापौर ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने स्वच्छता को स्वतंत्रता से भी अधिक महत्व देते हुए जीवन का अभिन्न अंग बनाने पर जोर दिया था। सरकार द्वारा गत 17 सितंबर से 2 अक्तूबर गांधी जयंती तक 'स्वच्छता पखवाड़ा' मनाया जा रहा है। इसमें महानगर में 156 घण्टे का सफाई महाअभियान चलेगा। डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन अभियान को और प्रभावी बनाया जाएगा। आज काशीराम कॉलोनी में श्रमदान के साथ स्वच्छता अभियान रखा गया था। उन्होंने कहा कि यदि हमें राष्ट्रपिता गांधी के स्वच्छता के सपने को पूरा करना है तथा प्रधानमंत्री मोदी के 2047 में विकसित राष्ट्र की संकल्पना को पूरा करना है तो एक स्वस्थ और स्वच्छ राष्ट्र बनाना होगा।

अभियान के अंतर्गत अधिशासी अभियंता जल वी बी सिंह, मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल व परमानंद, आईटीसी मिशन सुनहरा कल उमंग के मयंक पाण्डेय व फोर्स के मौ. अर्श सहित बड़ी संख्या में वालंटियर, मौहल्ला समितियों के पदाधिकारी राजेंद्र पाण्डेय आदि शामिल रहे।

# भाजपा को बढ़ाने में पं. दीनदयाल उपाध्याय का अहम योगदान: सुनील



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रदेश के सूचना प्रोद्योगिकी एवं इलैक्ट्रोनिक्स कैबीनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि पार्टी को आगे बढाने में पं. दीनदयाल उपाध्याय का अहम योगदान है।

कैबीनेट मंत्री आज भाजपा कार्यालय पर पं. दीनदयाल जयंती पर आयोजित गोष्ठी को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानववाद दर्शन और उनके राष्ट्रहितकारी विच. ारों पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए बताया के आज जिस पार्टी मे हम काम कर रहे है इस पार्टी को आगे बढाने मे पंडित दीनदयाल उपाध्याय का महत्वपूर्ण योगदान है जिसको कभी भुलाया नही जा सकता। पंडित दीनदयाल ने अपना पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया और पुरा जीवन राष्ट्र की चिंता करने मे लगा दिया पंडित दीनदयाल उपाध्याय का सपना था के सबसे पिछली पंक्ति मे खडे व्यक्ति को भी उसका हक मिले भर पेट भोजन मिले उसको सम्मान मिले उसको अधिकार मिले उसी सपने को आज देश प्रधान मंत्री ने पुरा करने लक्ष्य लिया हुआ है। संगोष्ठी मे जिला अध्यक्ष डॉ महेंद्र सैनी, विधायक देवेंद्र निम, विधायक मुकेश चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी, पूर्व विधायक बेहट नरेश सैनी , डीसीडीएफ वॉइस चेयरमैन विपिन चौधरी, जिला महामंत्री पवन सवई, राधेश्याम शर्मा, विरेंद्र पुंडीर, विजेंद्र ,जिला उपाध्यक्ष अजीत राणा, अजीत राणा, यशवंत राणा, जितेंद्र जागलान, जिला मंत्री विपिन भारती, सोहन मुखिया, अनुज राठी, जिला मीडिया प्रभारी विपिन चौधरी आदि सभी ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य, मंडल अध्यक्ष एव कार्यकर्ता कारण उपस्थित रहे।

## प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र वितरित

**चिलकाना।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बीआरसी तेलीपुरा में चल रहे एफएलएन प्रशिक्षण के छठें बैच के पांचवें दिवस एवं प्रशिक्षण समापन अवसर पर सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र वितरित किये गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डायट प्रवक्ता डॉ अजय कुमार ने कहा एफएलएन प्रशिक्षण शिक्षा को नई दिशा प्रदान करेगा। एआरपी प्रवीण चौधरी ने कहा नई नई तकनीकियों का शिक्षण में प्रयोग करे और हम सब दृढ़ संकल्प ले कि अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए प्रत्येक बच्चे को शिक्षित करने में अपना पूर्ण योगदान देंगे। एआरपी श्रीमती बृजेश, शिव कुमार एवं अमित कुमार ने सभी शिक्षकों से आह्वान किया कि वह गरीब और अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के बच्चों को शिक्षा देकर पुण्य कार्य करें। एसआरजी कपिल दुआ एवं सरफराज ने एफएलएन प्रशिक्षण के सफल आयोजन के लिए खंड शिक्षा अधिकारी संजय डबराल, एआरपी टीम व शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दृढ़ इच्छा शक्ति से ही हम अपने सपनो को साकार कर सकते हैं।

## प्रतियोगिता आयोजित

**चिलकाना।** हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत सुल्तानपुर के नव जनोदय इंटर कॉलेज में हिंदी सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

मंगलवार को आयोजित प्रतियोगिता में कक्षा छ: से बारह तक के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी की। हिंदी शिक्षक सवित कुमार ने कहा कि सुंदर लिखाई व्यक्तित्व की पहचान होती है। जिन बच्चों की लिखाई सुंदर होती है, परीक्षा में उनके नंबर भी अच्छे ही आते हैं।

उन्होंने कहा कि बच्चों को प्रारंभ से ही अपनी लिखावट सुधारने के प्रयास करने चाहिए। सुलेख प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 तक के बच्चे शामिल हुए। पुरस्कार प्राप्त करने वालों में वंशिका, आर्यन, नजफ, तमन्ना, प्रियांशी, निशा, अक्शा नाज, फलक, आर्यन, निखिल, अंशु सैनी, वंश, असवद, कशिश, वजीहा, अंशुल, इनाया, आर्यन, प्राची, आमिश, शगुन आदि शामिल रहे।

# जीएसटी बचत उत्सव अभियान का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के तत्वावधान में जीएसटी बचत उत्सव अभियान का भव्य आयोजन किया गया।

जोगियान पुल पर आज पूर्व सांसद राघव लखनपाल ने व्यापारियों से भेंट कर उन्हें स्वदेशी को बढ़ावा देने तथा विक. सित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सिद्ध करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने स्वयं दुकानों एवं प्रतिष्ठानों पर अभियान से संबंधित स्टीकर चस्पा किए तथा व्यापारी वर्ग से नए जीएसटी सुधारों के विषय में सार्थक चर्चा की। उन्होंने कहा कि 22 सितंबर से लागू हुए ये सुधार छोटे दुकानदारों और लघु उद्योगों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगे। उपभोक्ताओं की क्रय क्षमता बढ़ेगी, जिससे स्थानीय व्यापार और अर्थव्यवस्था दोनों को मजबूती मिलेगी।

इस अवसर पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के महानगर संयोजक शेखर ठकराल, मंडल संयोजक राहुल सिडाना, सुधीर मिगलानी, पप्पू प्रधान, अंतरिक्ष अरोड़ा, सिलाई मशीन एसोसिएशन के अध्यक्ष सुमित सड़ाना, कमल अरोड़ा, राजेश अरोड़ा, अजय चौजड़, डोंजी बत्रा, शुभम थरेजा, आनंद भाटिया, तनुज शर्मा, कुलदीप पंडित सहित बड़ी संख्या में व्यापारी बंधु उपस्थित रहे और अभियान को सफल बनाया।

# पंजाब बाढ़ पीडितों के लिए टिंकू अरोड़ा ने दिया सहयोग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सिंह ब्रदर्स वेलफेयर सोसाइटी और सिख यूथ फाउंडेशन के पदाधिकारियो और सदस्यों को पंजाब आपदा में सेवा और लगातार सहयोग करने के लिए वरिष्ठ सपा नेता और पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने सम्मानित किया। उन्होंने दोनों ही संगठनों को कंबल फोल्डिंग व नये कपडों का भी सहयोग बाढ पीडितों के लिये किया।

आज वार्ड 47 खालापार में आज सिंह ब्रदर्स वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारीयो को टिंकू अरोड़ा ने बड़ी संख्या में कंबल और फोल्डिंग का सहयोग किया और सिख यूथ फाउंडेशन के पदाधिकारीयो को नये कपड़ों का सहयोग नुमाइश कैंप में सिख यूथ फाउंडेशन के कार्यालय पर जाकर किया। टिंकू अरोड़ा ने बताया कि इससे पहले भी हमारे पास एकत्र हुई राशन सामग्री को हमने गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा को सौंपने का कार्य किया है और एक लाख रुपए की सहयोग राशि गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के पदाधिकारीयो और एक लाख रुपए की सहयोग राशि खालसा ऐड के नगर में कार्य करने वाले पदाधिकारीयो को गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में सौंपने का कार्य किया है। सिख यूथ फाउंडेशन के अध्यक्ष सरदार अमनदीप सिंह और सिंह ब्रदर्स वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष सरदार मनिंदर सिंह ने कहा कि अभिषेक टिंकू अरोड़ा हमारे समाज के प्रमुख सेवादार है और लगातार नगर की जनता और अपने सिख समाज की सेवा करने का कार्य करते हैं।

इस मौके पर सरदार अमनदीप सिंह, सरदार गोल्डी , सरदार गिनी, मंजीत सिंह, सरदार मनजोत सिंह, सरदार चरणप्रीत सिंह, दीपक सिंह मनचंदा, सरदार साहिब सिंह, सरदार सेबू सिंह, सरदार शेर सिंह, अमन सिंह पी, सरदार मंगा सिंह और अन्य सभी सेवादारों का सम्मान किया।

# स्वच्छता को जीवन में अपनाएं: सोनिका



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत विकास खण्ड बलियाखेड़ी कार्यालय में नई दिशा संकुल स्तरीय संघ ग्राम कोटा का वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी बलियाखेडी श्रीमती सो. निका चौधरी ने सभी उपस्थित दीदियों को स्वरोजगार अपनाने, शासकीय योजनाओं का नियमानुसार अधिक से अधिक लाभ उठाने तथा वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने गांव की अन्य महिलाओं को जागरूक बनाने का आह्वान किया।

इसके अतिरिक्त स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत खण्ड विकास अधिकारी श्रीमती सोनिका चौधरी एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य वीरेंद्र सिंह उर्फ पप्पू प्रधान ने स्वयं सहायता समूह की दीदियों के साथ विकास खण्ड प्रांगण में पौधारोपण किया। इस दौरान सभी को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई।

कार्यक्रम में आईटीसी की ओर से श्रीमती आफरीन अंसारी द्वारा सभी स्वयं सहायता समूह की दीदियों को वित्तीय साक्षरता संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर एलआईसी की ओर से शाखा प्रबंधक द्वारा बीमा सखी योजना की विस्तृत जानकारी दी गई।

# ट्रायल के लिए खिलाड़ी चयनित



**सहारनपुर।** खेल निदेशालय के तत्वाधान में पंडित दीनदयाल प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरुष प्रतियोगिता का ट्रायल डॉ भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन डीएसओ राहुल चोपड़ा, परवीन कुमार एवं फुरकान कुरैशी ने संयुक्त रूप से किया। फुरकान कुरैशी व भावना तोमर चयनकर्ता की भूमिका में उपस्थित रहे। चयन प्रक्रिया के बाद बताया गया कि प्रतियोगिता का मंडल स्तरीय ट्रायल 26 सितम्बर को आयोजित किया जाएगा, जिसमें पूरे मंडल से खिलाड़ियों का चयन कर एक टीम बनाई जाएगी। यही टीम आगे चलकर आजमगढ़ में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। कार्यक्रम में साजिद उमर, राजीव गोयल टप्पू, ललित, लाल धर्मेंद्र प्रताप, बृजेश सिंह, आदेश, जयंदर, सन्नी सहित आदि उपस्थित रहे।

# बायोमैट्रिक अपडेट कराएं: कोमल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कुमारी कोमल ने जानकारी देते हुए बताया है कि जनपद में कक्षा नर्सरी 1 से 12 तक संचालित समस्त परिषदीय विद्यालय, माध्यमिक विद्यालय, राजकीय विद्यालय, मान्यता प्राप्त (अनुदानित / गैर अनुदानित ) विद्यालयों आई.सी.एस.सी सी.बी.एस.ई एवं मदरसा विद्यालयों द्वारा यू डाइस प्लस पोर्टल पर सचिव स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आदेशानुसार भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण यूआईडीएआई के क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ से तथा महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश द्वारा यू डाइस 2025 - 26 में पंजीकृत विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के अनिवार्य आधार अपडेट हेतु निमानुसार करवाई अपेक्षित है।

उन्होंने बताया बच्चों के माता-पीताओं को अपने बच्चों की आयु 5 वर्ष और 15 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर अनिवार्य बायोमैट्रिक अपडेट एमबीयू कराई जाने की आवश्यकता के बारे में जागरूक किया जाए । जिसमें भारत सरकार के स्कूली साक्षरता विभाग में यूआइडीएआइ पोर्टल पर एक्टिव स्टूडेंट के अंतर्गत यह सुविधा प्रारंभ कर दी गयी है।

उन्होने कहा कि जिससे यूआईडीएआई द्वारा आयु मापदंड के आधार पर विद्यालयों से अनिवार्य बायोमैट्रिक अपडेट के लिए पात्र छात्रों की सूची प्राप्त कर सकेंगे । वही जनपद में संचालित समस्त प्रबंधन के विद्यालयों द्वारा यू डाइस पोर्टल पर हाल ही में शुरू की गई इस सुविधा का उपयोग करके बीएमयू के लिए पात्र छात्रों की पहचान की जाए तथा विद्यालय में आयोजित अभिभावक शिक्षक बैठकों पीटीएम में अथवा किसी अन्य उपयुक्त माध्यम से एमबीयू प्रिक्रिया के लिए अभिभावक को जागरुक भी किया जाए।

इसके अतिरिक्त कुमारी कोमल ने बताया यूआईडीएआई द्वारा चिन्हित छात्रों के संबंध में यदि आवश्यक हो तो एमबीयू के कार्य को पूर्ण करने के लिए यूआईडीएआई क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा जनपद विकासखंड स्तर पर विद्यालयों में लंबित एमबीयू शिविर भी आयोजित किये जा सकते हैं।

इसके अलावा उन्होंने कहा स्कूल में दाखिल प्रवेश परीक्षा अपार आईडी बनाने और छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करते समय आने वाली समस्याओं से भी बचाता है।

# सोनिया की नसीहत

भारत की विदेश नीति को लेकर कांग्रेस सरकार को घेरती रही है। गुरुवार को एक बार फिर कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अखबार में लिखे एक लेख के माध्यम से सरकार को विदेश नीति को लेकर फिर से घेरा है। विशेषकर फलस्तीन को लेकर। सोनिया गांधी का कहना है कि केंद्र सरकार की फलस्तीन नीति को मानवता और नैतिकता की उपेक्षा ही कहा जा सकता है। मोदी सरकार को जहां इस पूरे मामले में नेतृत्व करना चाहिए था, वहीं सरकार का रवैया पूरी तरह मौन धारण करने का है। अपने लेख में उन्होंने बेबाक तरीके से यह भी कह डाला कि व्यक्तिगत संबंधों का विदेश नीति में कोई स्थान नहीं होता, लेकिन यहां ऐसा ही दिखाई दे रहा है। सरकार का रुख देश के संविधानिक मूल्यों के बजाए मुख्य रूप से श्री मोदी और उनके बेंजामिन नेतन्याहू के बीच दोस्ती से प्रेरित लगता है। बात सही भी है। फलस्तीन को लेकर भारत की नीति हमेशा स्पष्ट रही है। सच तो यह है कि भारत ही वह पहला देश था जिसने फलस्तीन को लेकर अपनी आवाज बुलंद की थी। भारत दशकों पूर्व फलस्तीन को मान्यता दे चुका है। उसने 18 नवंबर 1988 को विधिवत रूप से आजाद देश की मान्यता दी थी। वह इस संदर्भ में यह सब कह रही हैं कि आज फ्रांस, ब्रिटेन, बेल्जियम, आस्ट्रेलिया जैसे देश फलस्तीन को मान्यता दे रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि आज जब 193 सदस्य देशो मे से 150 से अधिक देशों ने अब ऐसा कर दिया है तो इसमें भारत कहां है। जबकि भारत की भूमिका इसमें अग्रणी होनी चाहिए थी। सोनिया गांधी ने भारत सरकार पर यह कहकर भी आरोप लगाया कि व्यक्तिगत कूटनीति स्थायी नहीं हो सकती। इस संदर्भ में उन्होंने अमेरिका का हवाला भी दिया किस तरह भारत अमेरिका के मामले में सबसे अपमानजनक तरीके से विफल रहा है। सोनिया गांधी ही नहीं, अन्य बड़े नेता भी जो विदेश नीति के अच्छे जानकार हैं। वे इजरायल फलस्तीन को लेकर जो मौजूदा सरकार का रवैया है उससे जरा भी खुश दिखाई नहीं दे रहे हैं। समझना मुश्किल है कि आखिर भारत का झुकाव इजरायल के प्रति विशेष रूप से क्यों हो रहा है। जबकि सबसे ज्यादा हित हमारे मध्य पूर्व के देशों के साथ जुड़े हैं। यह ठीक है कि मोदी सरकार ने समय-समय पर मध्य पूर्व के देशों के साथ भी गर्मजोशी का इजहार किया है और उनसे सर्वोच्च सम्मान भी प्राप्त किया है, लेकिन धरातल पर वह रवैया दिखाई नहीं दे रहा है जिसकी आवश्यकता है। यह देखकर तो तब और भी आश्चर्य होता है जब अब तक इजरायल का समर्थन करते आ रहे देश भी अब इजरायल से दूर जाते दिखाई दे रहे हैं। कई यूरा.`पीय देशों ने तो अपनी सरकार के विरुद्ध ही फलस्तीन की आजादी को लेकर भारी प्रदर्शन किए हैं और वह जारी हैं। इटली में ही हमने हाल ही में देखा कि किस तरह जोरदार प्रदर्शन हुए। इस बात को कोई भी समझ सकता है जिस तरह इजरायल गाजा में नरसंहार कर रहा है और 65 हजार से अधिक लोगों की जान ले चुका है। जिनमें आधे से अधिक महिलाएं व बच्चे शामिल हैं। ऐसी सरकार का भला कौन बचाव कर सकता है। यही यूरोपीय देशों में देखने में आ रहा है। अब सवाल है कि क्या मोदी सरकार अपनी नीति में बदलाव करेगी।

## विदेश नीति व्यक्तिगत रिश्तों से तय नहीं होनी चाहिए



इजरायल-फलस्तीन संघर्ष पर भारत का रुख बहुत निराशाजनक रहा है, सरकार की गहरी चुप्पी मानवता और नैतिकता के साथ विश्वासघात है, यह सब भारत की पुरानी विदेश नीति से भी अलग है, इस मुद्दे पर भारत का रुख पीएम नरेंद्र मोदी और इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की निजी दोस्ती से प्रभावित दिखाई देता है, विदेश नीति व्यक्तिगत रिश्तों से तय नहीं होनी चाहिए, फ्रांस, ब्रिटेन, कनाडा, पुर्तगाल और आस्ट्रेलिया समेत दुनिया के 193 में से 150 से ज्यादा देश फलस्तीन को एक स्वतंत्र राज्य के रूप में मान्यता दे रहे हैं, दुनिया जब फलस्तीन को समर्थन दे रही है, तब भारत ने हाल ही में इजरायल के साथ निवेश समझौता किया और उसके दक्षिणपंथी मंत्री की मेजबानी भी की, जिसकी आलोचना पूरी दुनिया में हो रही है।

**-श्रीमती सोनिया गांधी, अध्यक्ष, कांग्रेस संसदीय दल**

# फलस्तीन से उसका अलगाव साबित करती है भारत की चुप्पी



फ्रांस ने यूनाइटेड किंगडम, कनाडा, पुर्तगाल और ऑस्ट्रेलिया के साथ मिलकर फलस्तीन को राज्य का दर्जा देने को मान्यता दी है। यह लंबे समय से पीड़ित फलस्तीनी जनता की वैध आकांक्षाओं की पूर्ति की दिशा में पहला कदम है। संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों में से 150 से अधिक देशों ने यह कदम पहले ही उठा लिया है। भारत ने इस मामले में बहुत पहले ही नेतृत्व दिखाया था, जब उसने 18 नवंबर 1988 को फलस्तीन राज्य को आधिकारिक रूप से मान्यता दी थी। यह कदम फलस्तीन मुक्ति संगठन (पीएलओ) को वर्षों तक समर्थन देने के बाद उठाया गया था। भारत का यह निर्णय हमारे विश्व दृष्टिकोण के अनुरूप था।

### अतीत में बुलंद आवाज

स्वतंत्रता से पहले भी भारत ने नस्लीय भेदभाव वाले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आवाज उठाई थी और उसके साथ व्यापारिक संबंध तोड़ दिए थे। अल्जीरिया की स्वतंत्रता की लड़ाई (1954-62) के दौरान भारत स्वतंत्र अल्जीरिया का मजबूत समर्थक था। 1971 में भारत ने आधुनिक बांग्लादेश बनाने के लिए हस्तक्षेप करते हुए नरसंहार को रोका था। वियतनाम युद्ध के दौरान भारत ने नैतिक स्पष्टता की आवाज उठाई और वियतनामी जनता के खिलाफ अमानवीय हिंसा का विरोध किया। आज भी भारत संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिक बलों में बड़े योगदानकर्ताओं में से एक है। भारत की विदेश नीति में शांति और सुरक्षा का संवर्धन संविधान में निहित निदेशक सिद्धांतों में से एक है। इजरायल-फलस्तीन के संवेदनशील मुद्दे पर भारत ने हमेशा संतुलित परंतु सैद्धांतिक रुख अपनाया है। मानवाधिकारों की रक्षा और शांति की स्थापना के लिए भारत प्रतिबद्ध रहा है। भारत पीएलओ को मान्यता देने वाला शुरुआती देशों में से था और 1974 में फलस्तीन के अधिकारों का समर्थन किया। भारत ने दो-राष्ट्र समाधान का समर्थन किया जिसमें इजरायल और फलस्तीन दोनों का शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व सुनिश्चित हो। भारत ने अनेक संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों में इजरायल के कब्जे और बस्तियों के विस्तार की निंदा की। साथ ही फलस्तीन को मानवीय और विकास संबंधी सहायता भी दी, जैसे शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में छात्रवृत्तियां, गाजा और वेस्ट बैंक में क्षमता-विकास।

### भारत की मौजूदा स्थिति

पिछले दो वर्षों में, विशेषकर अक्टूबर 2023 में इजरायल और फलस्तीन के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद, भारत ने अपनी भूमिका पीछे खींच ली है। हमास के हमलों और उसके बाद इजरायल की भारी सैन्य प्रतिक्रिया में हजारों फलस्तीनी नागरिक मारे गए और यह स्थिति नरसंहार जैसी बन गई। 55,000 से अधिक फलस्तीनी नागरिक मारे गए, जिनमें 17,000 बच्चे शामिल हैं।

गाजा की शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था नष्ट हो चुकी है। कृषि और उद्योग ध्वस्त हो चुके हैं। लोगों को भोजन, दवा और अन्य जरूरी चीजों से वंचित कर दिया गया है। यह सब उन्हें एक प्रकार की ष्भूख से मारनेष की नीति के तहत किया जा रहा है। इन क्रूर परिस्थितियों में लाखों लोग विस्थापित और निराशा में डूबे हैं। फिर भी, भारत की प्रतिक्रिया असमंजस और निष्क्रियता की रही है। हाल ही में नई दिल्ली में इजरायली वित्त मंत्री की मेजबानी की गई, जबकि उन्होंने फलस्तीनी नागरिकों के खिलाफ हिंसा का समर्थन किया था। यह भारत की ऐतिहासिक भूमिका और नैतिक स्थिति से भटकाव है।

### आगे की राह

भारत को फलस्तीन मुद्दे को केवल विदेश नीति का हिस्सा नहीं, बल्कि नैतिक और सभ्यतागत परीक्षा के रूप में देखना चाहिए। फलस्तीनी जनता लंबे समय से विस्थापन, कब्जा, भूमि की लूट और लगातार मानवाधिकार उल्लंघन झेल रही है। वे आत्मनिर्णय और न्याय के अधिकार के लिए संघर्ष कर रहे हैं। भारत के ऐतिहासिक अनुभव, नैतिक अधिकार और मानवीय मूल्यों को देखते



सोनिया गांधी

हुए भारत को बिना झिझक फलस्तीन के पक्ष में आवाज उठानी चाहिए। यह केवल इजरायल और फलस्तीन का संघर्ष नहीं है, बल्कि न्याय और मानवाधिकारों की सार्वभौमिक लड़ाई है। भारत की नेतृत्व क्षमता को उसी मूल्यों से प्रेरित होना चाहिए, जिनसे हमारी आजादी की लड़ाई और राष्ट्र का निर्माण हुआ था।

**( लेखक इंडियन नेशनल कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष हैं, व्यक्त विचार उनके निजी हैं )**

# बेंगलुरु में फैमिली संग मनाएं वीकेंड

**इस बार के वीकेंड पर अगर आप भी अपने दोस्तों, फैमिली या वाइफ के साथ इन जगहों पर घूमने के लिए जब सकते हैं। ऐसे में आज हम आपको बेंगलुरु की कुछ संडे स्पेशल जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर आप अपनी फैमिली के साथ एक्स्ट्रा टाइम बिता सकते हैं।**

बेंगलुरु में वीकेंड पर कुछ जगहें ऐसी हैं, जहां पर भीड़ बहुत ज्यादा रहती है। इन जगहों पर रविवार को अच्छी खासी चहल-पहल होती है। ऐसे में लोग अपने परिवार के साथ इन जगहों पर घूमने के लिए निकल जाते हैं। बारिश के मौसम में इन जगहों का नजारा बेहद खूबसूरत हो जाता है। ऐसे में इस बार के वीकेंड पर अगर आप भी अपने दोस्तों, फैमिली या वाइफ के साथ इन जगहों पर घूमने के लिए जा सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बेंगलुरु की कुछ संडे स्पेशल जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अपनी फैमिली के साथ क्वालिटी टाइम बिता सकते हैं।



**उल्सूर झील**

उल्सूर झील एमजी रोड के पास है। यह झील मात्र 2 किमी की दूरी पर है और यहां तक पहुंचने के लिए आपको करीब 10 मिनट का समय लगेगा। यह झील सुबह 6 बजे से रात 8 बजे तक खुला रहता है।

उल्सूर झील पुरानी और खूबसूरत झीलों में से एक है। यह झील 50 हेक्टेयर के क्षेत्र में फैली है। बारिश के मौसम में यहां पर लोगों को आना अधिक पसंद होता है, क्योंकि इस दौरान यहां पर हरा-भरा वातावरण और बोटिंग लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यह जगह बैंगलुरु के पास बेस्ट कपल स्पॉट माना जाता है।

**वीआर बेंगलुरु मॉल**

आप संडे का समय बिताने के लिए बेंगलुरु के वी आर बेंगलुरु मॉल भी जा सकते हैं। इस मॉल को शहर का सबसे बेस्ट और मॉर्डन मॉल्स में से एक माना जाता है। यहां पर पूरे सप्ताह लोगों की भीड़ होती है। रविवार को यहां पर सबसे ज्यादा चहल-पहल होती है।

प्रीमियम सुविधाओं और बेहतरीन ब्रांड्स के अलावा आपको मॉल के बाहर तरह-तरह के स्टॉल्स देखने को मिल जाएंगे। यहां पर आप सस्ते में खाने-पीने का सामान ले सकती हैं। फ्रेंड्स, फैमिली और कपल्स के लिए यह जगह फेवरेट हैंगआउट स्पॉट है। इस मॉल में बैठने की अच्छी जगह है और आप यहां पर समय बिता सकती हैं। वी आर बेंगलुरु मॉल सुबह 9 बजे से रात के 11 बजे तक खुला रहता है। यह मॉल व्हाइटफील्ड मेन रोड, देवसंद्रा इंडस्ट्रियल एस्टेट, महादेवपुर, बेंगलुरु में है।

**लालबाग बॉटनिकल गार्डन**

बता दें कि यह जगह परिवार के साथ घूमने के लिहाज से काफी अच्छी मानी जाती है। यही वजह है कि रविवार को यहां पर सबसे ज्यादा भीड़ देखने को मिलती है। वहीं लालबाग बॉटनिकल गार्डन में साल में 2 बार फूलों की भव्य प्रदर्शनी भी लगती है। वहीं 26 जनवरी और 15 अगस्त को यहां पर सबसे ज्यादा लोग आते हैं। यह गार्डन मावली बेंगलुरु में है। यह गार्डन सुबह 7 बजे से रात के 10 बजे तक खुला रहता है और यह बेंगलुरु की रोमांटिक जगहों में से एक है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जितना स्वस्थ होगा पर्यावरण, उतना बेहतर होगा स्वास्थ्य

**वर्ल्ड एनवायरमेंट हेल्थ डे पर विशेष**

हमारा पर्यावरण जितना स्वस्थ होगा, हमारा स्वास्थ्य भी उतना ही अच्छा होगा। इसका सीधा सा अर्थ है कि हम अपने स्वास्थ्य के लिए काफी हद तक पर्यावरण के प्रति उत्तरदाई हैं और इसलिए पर्यावरणीय स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी प्रमुख जिम्मेदारी है। दरअसल पर्यावरणीय स्वास्थ्य का मानव स्वास्थ्य से बहुत गहरा संबंध है। उत्तम स्वास्थ्य के साथ प्रकृति और पर्यावरण हमें भोजन, कपड़े इत्यादि जीवित रहने के लिए भी हर चीज प्रदान करते हैं, इसलिए न केवल स्वस्थ रहने के लिए बल्कि धरती पर जीवन का अस्तित्व बचाए रखने के लिए प्रकृति और पर्यावरण का ध्यान रखा जाना बेहद जरूरी है लेकिन गहन चिंता का विषय यही है कि अब प्रकृति के साथ मानव जाति द्वारा किए जा रहे खिलवाड़ के कारण ही वैश्विक पर्यावरण को गंभीर नुकसान हो रहा है, जिसका खामियाजा अब दुनिया के लगभग तमाम देश भुगत भी रहे हैं। विकास के नाम पर प्रकृति के साथ किए जा रहे भयानक खिलवाड़ के ही कारण धरती लगातार गर्म हो रही है।

चक्रवाती तूफानों का बढ़ता सिलसिला, बाढ़, सूखा, जंगलों में लगने वाली भीषण आग तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं में तेजी, ए सब पर्यावरण का स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण जलवायु में हो रहे बदलावों का ही परिणाम हैं। वैश्विक तापमान में निरंतर हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का बिगड़ता मिजाज समस्त मानव जाति के लिए गंभीर चिंता बनता जा रहा है। भारत के ही संदर्भ में देखें तो अब सर्दियां कम हो रही हैं और गर्म दिन बढ़ रहे हैं, बारिश के मौसम में भी कहीं सूखे जैसी स्थिति बनी रहती है तो कहीं चारों तरफ तबाही ही तबाही नजर आती है। इस वर्ष भी हिमाचल, उत्तराखण्ड, जम्मू कश्मीर, पंजाब, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश से लेकर देश के अनेक हिस्सों में जल तबाही का भयानक नजारा देखा जाता रहा है।

पर्यावरण को हो रहे गंभीर नुकसान की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करने, पर्यावरण की स्थिति के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने तथा लोगों को इसे और बदतर होने से रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 26 सितम्बर को एक विशेष थीम के साथ 'विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है। 2025 के विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस का विषय है 'स्वच्छ वायु, स्वस्थ लोग', जो स्वच्छ वायु और अच्छे स्वास्थ्य के बीच सीधे संबंध पर जोर देता है। प्रदूषकों से मुक्त वायु श्वसन संबंधी बीमारियों को सीमित करने और लोगों के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। 2024 में यह दिवस 'पर्यावरणीय स्वास्थ्य आपदा जोखिम न्यूनीकरण और जलवायु परिवर्तन शमन तथा अनुकूलन के माध्यम से लचीले समुदायों का निर्माण' थीम के साथ मनाया गया था जबकि 2023 की थीम थी 'वैश्विक पर्यावरणीय सार्वजनिक स्वास्थ्यरू हर दिन हर किसी के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए खड़ा होना' थीम के साथ मनाया गया था और 2022 की थीम थी 'सतत विकास लक्ष्यों के कार्यान्वयन के लिए



पर्यावरणीय स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करना', जिसका अर्थ था पर्यावरणीय स्वास्थ्य तंत्र को इस प्रकार मजबूत बनाया जाए ताकि लंबे समय तक पर्यावरण और मानव की लंबी उम्र तथा अच्छी सेहत के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। इस दिन पर्यावरण के कारण मनुष्यों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाई जाती है। प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग से उत्पन्न खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना अब पहले के मुकाबले ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है। दरअसल पर्यावरणीय परिस्थितियों को बिगड़ने से रोकने के लिए कुछ भी नहीं करके हम न केवल पर्यावरण को बल्कि स्वयं को भी खतरे में डाल रहे हैं क्योंकि हमारा स्वास्थ्य हमारे पर्यावरण से जुड़ा है और पर्यावरण को हो रहे निरंतर नुकसान से मानव जीवन को भी नुकसान झेलना पड़ता है। बढ़ते प्रदूषण और प्रकृति से खिलवाड़ के कारण ग्रीनहाउस प्रभाव, जलवायु परिवर्तन, शहरीकरण इत्यादि के कारण हमारे भोजन, पानी और वायु की गुणवत्ता पर सीधा प्रभाव पड़ता है, जिसके कारण लोगों को सांस लेने में तकलीफ, त्वचा संबंधी रोग सहित कई तरह की गंभीर बीमारियां भी हो रही हैं। पर्यावरण का स्वास्थ्य खराब होने से हमारा स्वास्थ्य भी खराब हो रहा है, जिसका सीधा असर हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ता है। ऐसी ही समस्याओं के मद्देनजर लोगों में पर्यावरणीय स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए 'इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एनवायरनमेंटल हैल्थ' आईएफईएच द्वारा 26 सितम्बर 2011 को विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस की शुरुआत की गई थी। इसकी शुरुआत 2011 में डेनपास, बाली इंडोनेशिया में हुए पर्यावरण स्वास्थ्य शिखर सम्मलेन और आईएफईएच की बैठक के दौरान हुई थी और इस दिन को दुनियाभर में चिन्हित करने का मुख्य उद्देश्य लोगों की भलाई और स्वास्थ्य की तरफ उनका ध्यान आकर्षित करना था। आईएफईएच वैज्ञानिक और तकनीकी अनुसंधान के आदान-प्रदान पर केन्द्रित है और इसका बड़ा हिस्सा वैज्ञानिक एवं तकनीकी के लिए कार्य करता है। पूर्ण रूप से पर्यावरण और स्वास्थ्य कार्यों को लेकर समर्पित आईएफईएच पर्यावरण स्वास्थ्य विज्ञान और प्रशासन से संबंधित विषयों पर



योगेश कुमार गोयल

चर्चा करता है और पर्यावरणीय स्वास्थ्य पर सूचना का आदान-प्रदान करता है। पर्यावरण सुरक्षा कार्यबल के समर्थन के साथ आईएफईएच स्वास्थ्य और हरित पुनर्प्राप्ति में सहयोग करता है। यह उन राष्ट्रीय संस्थानों के लिए एक महासंघ है, जो पर्यावरण स्वास्थ्य से संबंधित मुद्दों पर कार्य करते हैं। 2018 में इस फेडरेशन ने 40 देशों को पूर्ण सदस्यों के तौर पर जगह दी थी। आईएफईएच के अध्यक्ष सुजान पैक्सो के अनुसार दुनिया को यह समझने की आवश्यकता है कि पर्यावरण, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था के बीच एक गहन संबंध है। बहरहाल, यह समझना बहुत जरूरी है कि आखिर पर्यावरण स्वास्थ्य है क्या? किसी क्षेत्र विशेष के रासायनिक, भौतिक और सांस्कृतिक वातावरण को उसके पर्यावरणीय स्वास्थ्य के रूप में जाना जाता है और किसी क्षेत्र का पर्यावरणीय स्वास्थ्य वहां की वायु की खराब गुणवत्ता, पर्यावरण में विविधता का नुकसान, रासायनिक असमानताएं तथा ऐसे सभी कारक, जो किसी क्षेत्र के पर्यावरणीय स्वास्थ्य को बिगाड़ते हैं, से प्रभावित होता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# एक ही दिन में तीन घटनाओं से भड़के ट्रम्प

## संयुक्त राष्ट्र से जांच की मांग की, अमेरिकी सीक्रेट सर्विस भी शामिल होगी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में हुई तीन घटनाओं को ट्रिपल तोड़फोड़ की संज्ञा देते हुए उनके जांच की मांग की है जिसमें एस्केलेटर का खराब हो जाना भी शामिल है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर अपने एक पोस्ट में उस एस्केलेटर के अचानक बंद हो जाने का जिक्र किया, जिस पर वह और प्रथम महिला मेलानिया ट्रम्प जा रहे थे। दूसरी समस्या तब उत्पन्न हुई जब उनके भाषण के दौरान एक टेलीप्रॉम्प्टर में खराबी हो जाने से सभागार में एक ऑडियो समस्या आ गई। संयुक्त राष्ट्र के एक अधिकारी के अनुसार साउंड सिस्टम को इस तरह डिजाइन किया गया है कि लोग ईयरपीस के जरिए अनुवादित भाषण सुन सकें।

संयुक्त राष्ट्र ने पहले कहा था कि सुरक्षा तंत्र शायद ट्रम्प के वीडियोग्राफर की वजह से सक्रिय हुआ होगा, जो एस्केलेटर पर पीछे की ओर चल रहा था, जबकि टेलीप्रॉम्प्टर अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का था। ट्रम्प ने ट्रूथ सोशल पर तुरंत इन घटनाओं की आलोचना की और कहा कि वह संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को एक पत्र भेजकर तत्काल जांच की मांग कर रहे हैं। ट्रम्प ने लिखा कि कल संयुक्त राष्ट्र में एक बहुत ही शर्मनाक घटना घटी-एक नहीं, दो नहीं बल्कि तीन-तीन बेहद भयावह घटनाएं! यह महज संयोग नहीं था। यह संयुक्त राष्ट्र में तिहरी तोड़फोड़ थी। उन्हें खुद पर शर्म आनी चाहिए। ऐसा लिखते हुए ट्रम्प ने संयुक्त राष्ट्र को आलोचनाओं से थोप दिया। उन्होंने एस्केलेटर घटना के लिए जिम्मेदार लोगों की गिरफ्तारी की भी मांग कीं। उन्होंने 'टाइम्स' के एक लेख का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि संयुक्त राष्ट्र के कर्मचारियों ने एस्केलेटर बंद करके उनका मजाक बनाया था। ट्रम्प ने कहा कि यह पूरी तरह से तोड़फोड़ थी। एस्केलेटर पर लगे सभी सुरक्षा टेप, खासकर आपातकालीन स्टॉप बटन सुरक्षित रखे जाने चाहिए, जिसमें गोपनीय सेवाएं भी शामिल हैं।

संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वाल्टज ने भी राष्ट्रपति की मांग से पूरी सहमति जताते हुए उनके आह्वान को दो. हराते हुए कहा कि ये घटनाएं 'अस्वीकार्य' हैं। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि संयुक्त राज्य अमेरिका अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अपनी सुरक्षा या सम्मान के लिए किसी भी खतरे को बर्दाश्त नहीं करेगा। हम त्वरित सहयोग और निर्णायक कार्रवाई की अपेक्षा करते हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बुधवार को चिंता जताई कि किसी ने जानबूझकर एस्केलेटर रोक दिया होगा। घटना के बाद उन्होंने एक्स पर लिखा कि अगर संयुक्त राष्ट्र में किसी ने जानबूझकर राष्ट्रपति और प्रथम महिला के एस्केलेटर पर कदम रखते ही उसे रोक दिया है, तो उन्हें तुरंत बर्खास्त कर दिया जाना चाहिए और उनकी जांच की जानी चाहिए। गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि ट्रम्प के वीडियोग्राफर ने अमेरिकी राष्ट्रपति और उनकी पत्नी का वीडियो बनाते समय गलती से सुरक्षा फंक्शन चालू कर दिया होगा।



- ट्रम्प ने ट्रूथ सोशल पर तुरंत इन घटनाओं की आलोचना की
- ट्रम्प ने एस्केलेटर घटना के लिए जिम्मेदार लोगों की गिरफ्तारी की भी मांग की

### ट्रम्प प्रशासन बड़े पैमाने पर छंटनी की तैयारी में

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में ट्रंप प्रशासन के बजट कार्यालय ने संघीय एजेंसियों को बड़े पैमाने संभावित छंटनी की योजनाएं तैयार करने को कहा है। सीएनएन ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। इसमें कहा गया है कि यह कदम पिछली सरक. ारों के लागू किए गए शटडाउन प्रबंधन तरीकों से बिल्कुल अलग है और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और डेमोक्रेट्स के बीच चल रहे धन आवंटन विवाद के बीच एक बड़ा दबाव बनाने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। बजट कार्यालय के मेमो में लिखा गया है कि हम आशा करते हैं कि कांग्रेस के डेमोक्रेट्स शटडाउन को मजबूर नहीं करेंगे और ऊपर बताए गए कदम आवश्यक नहीं होंगे। संसदीय डेमोक्रेट्स सरकारी फंडिंग को नवम्बर तक जारी रखने के बदले कई रियायतें चाहते हैं। इनमें सबसे अहम मांग है कि अफोर्डेबल केयर एक्ट (ओबामाकेयर) की सब्सिडी को बढ़ाया जाए, जो इस साल के अंत में खत्म होने वाली है।



अहमदाबाद। 'स्वच्छ भारत अभियान' के तहत स्वच्छता अभियान में भाग लेते गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल।

## इजरायली हमलों में 80 से ज्यादा फलस्तीनी मारे गए

**गाजा।** गाजा पट्टी में हुए इजरायली गोलीबारी में 80 से अधिक फलस्तीनी मारे गए जिनमें से अधिकांश गाजा शहर में मारे गए। यह जानकारी बीबीसी ने स्थानीय अस्पतालों के हवाले से दी।

स्थानीय लोगों के अनुसार, गाजा शहर के मध्य दाराज में फिरास बाजार के निकट विस्थापित परिवारों को आश्रय देने वाली एक इमारत और तंबुओं पर बुधवार रात में हुए हमले में महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। इजरायली सेना ने कहा कि उसने दो हमास लड़ाकों पर हमला किया और हताहतों की संख्या उसकी अपनी जानकारी से मेल नहीं खाती। इस बीच, इजरायली टैंक और सैनिक शहर के मध्य भाग में आगे बढ़ते रहे जिसे इजरायल हमास का अंतिम गढ़ मानता है। सेना ने कहा कि जमीनी हमले का उद्देश्य हमास द्वारा अभी भी बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई सुनिश्चित करना तथा फलस्तीनी सशस्त्र समूह की 'निर्णायक हार' सुनिश्चित करना है। एक अलग घटनाक्रम में, अमे. रिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान अरब और मुस्लिम नेताओं के एक समूह के समक्ष मध्य पूर्व और गाजा में शांति के लिए 21 सूत्री योजना प्रस्तुत की।

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेन-सीरिया ने टूटे राजनयिक संबंधों को किया बहाल

**न्यूयॉर्क।** यूक्रेन के वोलोडिमिर जेलेंस्की और सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शरा ने यूक्रेन और सीरिया के बीच राजनयिक संबंधों के पुनर्निर्माण के दौरान सहयोग और आपसी सम्मान पर चर्चा की। यह जानकारी अल जजीरा ने गुरुवार को दी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा के साथ बैठक के बाद कहा कि यूक्रेन और सीरिया ने औपचारिक रूप से राजनयिक संबंध बहाल कर लिए हैं। सीरियाई विदेश मंत्रालय ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि सीरिया के विदेश मंत्री असद अल-शैबानी भी एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बुधवार को न्यूयॉर्क में बैठक में शामिल हुए।

### आव्रजन छापों के लिए मैक्सिको ने अमेरिका की आलोचना की

**मैक्सिको सिटी।** मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने बुधवार को संयुक्त राज्य अमेरिका में इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (आईसीई) द्वारा की गई आव्रजन छापेमारी की निंदा करते कहा कि वाशिंगटन को एक राजनयिक नोट भेजा गया है जिसमें हाल ही में दो मैक्सिकन नागरिकों की मौत की जांच की मांग की गई है। राष्ट्रपति ने अपनी दैनिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कल इस मामले पर एक राजनयिक नोट भेजा गया था, जिसमें सभी जांच करने का अनुरोध किया गया है, और यदि कोई मानवा. धिकार उल्लंघन के लिए जिम्मेदार है, तो उसे दंडित किया जाए।

### ईरान-रूस छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर का निर्माण करेंगे

**तेहरान।** ईरान और रूस ने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है जिसके तहत रूस यहां छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरका निर्माण करेगा। ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन की वेबसाइट पर जारी एक बयान के अनुसार संगठन प्रमुख मोहम्मद एस्लामी और रूस के परमाणु ऊर्जा निगम रोसाटॉम के प्रमुख एलेक्सी लिखाचेव के बीच मॉस्को में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये हैं। बयान में कहा गया कि एमओयू का उद्देश्य दोनों देशों के राष्ट्रीय विनियम और अंतर्राष्ट्रीय दायित्व के अनुपालन में सतत विकास में बढ़ावा देने, ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने और प्रौद्योगिकी को उन्नत बनाने में परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण इस्तेमाल पर सहयोग को बढ़ावा देना है।

## भारतीय मूल के शख्स ने की यौन अपराधी की हत्या

**कैलिफोर्निया।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में 29 वर्षीय भारतीय मूल के वरुण सुरेश ने एक यौन अपराधी की चाकू मारकर हत्या कर दी। फ्रेमान्ट पुलिस ने इसे जानबूझकर किया जुर्म बताया। पुलिस के मुताबिक 18 सितम्बर को दो लोगों के बीच झगड़े की सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

वहां 71 साल का डेविड ब्रिमर जमीन पर गिरा हुआ था, जिसके शरीर पर चाकू के कई घाव थे। पुलिस और मेडिकल टीम ने उनकी जान बचाने की कोशिश की, लेकिन ब्रिमर की मौके पर ही मौत हो गई। घटनास्थल से एक चाकू बरामद हुआ और संदिग्ध सुरेश को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस जांच में पता चला कि सुरेश ने कैलिफोर्निया की मेगन ला वेबसाइट पर यौन अपराधियों की लिस्ट देखकर ब्रिमर को निशाना बनाया। ब्रिमर को 1995 में एक नाबालिग के साथ यौन अपराध करने के लिए दोषी ठहराया गया था। इसके लिए उसने नौ साल जेल की सजा काटी थी। सुरेश ने पुलिस को बताया कि वह लंबे समय से ब्रिमर को सजा देने की योजना बना रहा था, क्योंकि उसका मानना था कि ऐसे लोग बच्चों को नुकसान पहुंचाते हैं। उन्हें जीने का हक नहीं है, वो इसे के लायक था।

- बोला: कोई पछतावा नहीं, वो इसी के लायक था

पुलिस के अनुसार, हत्या से ठीक एक घंटे पहले सुरेश ने मेगन ला वेबसाइट पर ब्रिमर की जानकारी देखी और उनके प्रोफाइल का स्क्रीनशाट लिया। उसने खुद को एक चार्टर्ड अकाउंटेंट बताकर एक बैग और नोटबुक के साथ ब्रिमर के घर पहुंचा ताकि उसका भरोसा जीत सके। ब्रिमर की पहचान करने के बाद सुरेश ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। गिरफ्तारी के बाद सुरेश ने पुलिस को बताया कि उसे कोई पछतावा महसूस नहीं हो रहा है।

### रूस-अमेरिका यूक्रेन संकट के शांतिपूर्ण समाधान पर एकराय

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और अमे. रिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने यूक्रेन संकट पर शांतिपूर्ण समाधान ढूंढने के लिए साझा रूचि दिखाई है। रूसी विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। मंत्रालय सूत्रों ने बताया कि दोनों प्रमुख मंत्रियों की संयुक्त राष्ट्र महासभा की 80वें उच्च स्तरीय सप्ताह के दौरान न्यूयॉर्क में मुलाकात हुई है जिसमें इस बात पर सहमति बनी है। लावरोव ने अलास्का में हुई बैठक में दोनों देशों के नेताओं द्वारा तय रास्ते पर चलने की रूस की तत्परता को दोहराया, जिसमें संघर्ष के मूल कारणों को दूर करने के लिए वाशिंगटन के साथ समन्वय करना भी शामिल है। उन्होंने कीव और कुछ यूरोपीय राजधानियों के उन प्रस्तावों का विरोध किया, जिन्हें उन्होंने युद्ध को और लंबा खींचने वाला बताया है।

## भारत किसी से भी तेल खरीदे, रूस से नहीं: अमेरिका

### हम भारत को सजा नहीं देना चाहते, यूक्रेन जंग खत्म करना मकसद

**वाशिंगटन।** अमेरिका के ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने भारत से अपील की है कि वह रूस से कच्चे तेल का आयात करने पर दोबारा सोचे। न्यूयॉर्क में प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान राइट ने कहा आप दुनिया के किसी भी देश से तेल खरीद सकते हैं, बस रूस से नहीं। अमेरिका भी तेल बेचता है और बाकी देश भी। हम भारत को सजा नहीं देना चाहते, बल्कि युद्ध खत्म करना चाहते हैं और भारत के साथ अपने रिश्ते मजबूत करना चाहते हैं।

राइट ने कहा कि अमेरिका चाहता है कि भारत उसके साथ मिलकर काम करे। राइट ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी चाहते हैं कि यह युद्ध जल्द खत्म हो। उन्होंने कहा कि ऊर्जा और व्यापार सहयोग में भारत के साथ बहुत उज्ज्वल भविष्य है, लेकिन हमें मिलकर ऐसा तरीका निक. ालना होगा जिससे रूस पर दबाव डाला जा सके और यह युद्ध बंद हो। राइट ने बताया कि उन्होंने हाल ही में विदेश मंत्री जयशंकर से मुलाकात की और भविष्य में सहयोग पर बातचीत शुरू की है। रूस ने अगस्त में कहा था कि उसके कच्चे तेल का कोई विकल्प नहीं है, क्योंकि यह सबसे सस्ता है। सीनियर रूसी डिप्लोमेट रोमन बाबुश्किन ने उस समय बताया कि भारत को रूसी तेल पर लगभग 5 प्रतिशत की छूट मिल रही थी, जिससे उसे बड़ा मुनाफा हो रहा था। बाबुश्किन ने यह भी कहा था कि भारत समझता है कि तेल आपूर्ति बदलने का कोई विकल्प नहीं है और अमेरिका द्वारा लगाए गए दबाव को भी गलत बताया। यह बयान ऐसे समय में आया था जब भारत और अमेरिका के रिश्तों में तनाव बढ़ रहा था। अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने के चलते भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। ट्रम्प प्रशासन अगस्त 2025 में भारत पर रूस से तेल खरीदने की वजह से भारत पर 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगा चुका है। इससे पहले उसने 25 प्रतिशत रेसीप्रोकल यानी जैसे को तैसा टैरिफ लगाया था। इससे भारत पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया है। वित्त वर्ष 2020 में भारत अपनी जरूरत का केवल 1.7 प्रतिशत तेल रूस से आयात करता था। ये हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2025 में बढ़कर 35.1 प्रतिशत हो गई है। रूस से सस्ता तेल खरीदने का फायदा आयल कंपनियों के मुनाफे पर भी दिखा है। कंपनियों की फाइलिंग के मुताबिक 2022-23 में इंडियन आयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम का कुल मुनाफा 3,400 करोड़ था। 2023-24 में इन तीनों सरकारी कंपनियों का मुनाफा 25 गुना बढ़ गया।

- अमेरिका चाहता है कि भारत उसके साथ मिलकर काम करे, भारत के साथ बहुत उज्ज्वल भविष्य है: राइट







## पाक ने भारत से संघर्ष को स्कूल सिलेबस में जोड़ा

### सिलेबस में भारत के 26 ठिकाने तबाह करने का दावा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अपनी स्कूल बुक्स में मई में भारत के साथ हुए चार दिन के संघर्ष पर नया सिलेबस शामिल किया है, जिसमें तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इन किताबों में दावा किया गया है कि भारत ने बिना किसी कारण के 7 मई 2025 को पाकिस्तान पर हमला किया और कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का झूठा आरोप लगाया।

पाकिस्तानी किताबों में दावा किया गया है कि भारत ने युद्ध शुरू किया, पाकिस्तानी सेना ने जवाबी कार्रवाई में भारत के 4 राफेल फाइटर जेट्स और कई हवाई ठिकानों को तबाह कर दिया। अभी यह साफ नहीं है कि ये किताबें किस क्लास की हैं। पाकिस्तानी किताब में दावे है कि भारत ने जंग शुरू की-भारत ने गलत तरीके से पाकिस्तान को कश्मीर के पहलगाम हमले का जिम्मेदार ठहराया, जिसमें कई लोग मारे गए। पाकिस्तान ने इन आरोपों को खारिज किया। फिर भी, भारत ने 7 मई को हमला किया। हकीकत यह है कि 22 अप्रैल 2025 को कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने 26 नागरिकों की हत्या की। इसके जवाब में भारत ने 7 मई को आपरेशन सिंदूर शुरू किया और लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन के नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए।

भारत ने स्पष्ट किया कि उसने सैन्य या नागरिक ठिकानों को निशाना नहीं बनाया। पाकिस्तानी सेना ने बहादुरी और पेशेवर अंदाज में जवाब दिया। पाकिस्तान ने 4 राफेल जेट गिरा दिए और भारतीय कश्मीर में कई सैन्य ठिकानों को तबाह किया।





- लिखा: भारत ने आरोप लगाकर हमला किया

### अनियंत्रित उच्च रक्तचाप की चपेट में 1.4 अरब लोग: डब्ल्यूएचओ

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, 2024 में 1.4 अरब लोग उच्च रक्तचाप से पीड़ित थे और पांच में से केवल एक व्यक्ति ही इसे दवा के माध्यम से या अन्य तरीकों से नियंत्रित कर रहा है। डब्ल्यूएचओ ने गुरूवार को जारी दूसरी उच्च रक्त चाप संबंधी नई रिपोर्ट को 80वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान ब्लूमबर्ग फिलैंथ्रोपीज और रिज़ॉल्व टू सेव लाइव्स द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक कार्यक्रम में जारी किया गया। इसमें कहा गया कि कि केवल 28 प्रतिशत निम्न आय वाले देशों में डब्ल्यूएचओ द्वारा अनुशंसित सभी उच्च रक्तचाप की दवाइयां आमतौर पर फार्मेसियों या प्राथमिक देखभाल सुविधाओं में उपलब्ध हैं।

## पाक की संयुक्त राष्ट्र में फिर किरकिरी

### एआई पर चर्चा के दौरान सात बार अटके पाक के रक्षा मंत्री

**संयुक्त राष्ट्र।** वैश्विक मंच पर पाकिस्तान की किरकिरी कोई नई बात नहीं है। ऐसे में एक बार फिर पाकिस्तान को इसी तरह की बेज्जती का सामना तब करना पड़ा जब पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में आयोजित एक उच्च स्तरीय बहस के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर बोल रहे थे।

इस दौरान ख्वाजा ने एक नहीं, दो नहीं कुल सात बार अटक गए, जो कि सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया। इतना ही नहीं इस बात को लेकर वे सोशल मीडिया पर खुब ट्रोल भी हो रहे हैं। बता दें कि ये बात तब की है जब यूएनएससी में ख्वाजा एआई को दोहरे उपयोग वाली तकनीक बताया। उन्होंने कहा कि यह जहां सामाजिक-आर्थिक तरक्की में मदद कर सकती है, वहीं इसके गलत उपयोग से असमानताएं बढ़ सकती हैं और वैश्विक शांति को खतरा हो सकता है। उन्होंने आगाह किया कि एआई के सैन्य इस्तेमाल को संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के तहत पूरी तरह नियंत्रित किया जाना चाहिए। पाकिस्तानी नेता ने आगे इशारों-इशारों में भारत-पाकिस्तान संघर्ष को लेकर भी बातें कही। उन्होंने कहा कि हालिया भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान एक परमाणु संपन्न देश ने एआई आधारित हथियारों और क्रूज मिसाइलों का इस्तेमाल किया, जो एआई के सैन्य उपयोग के खतरे को दर्शाता है। इस दौरान आसिफ ने कहा कि ऐसी एआई तकनीकों का उपयोग, जिनमें मानव का कोई सक्रिय नियंत्रण न हो, प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। उन्होंने खास तौर पर चेताया कि एआई आधारित हथियार और नियंत्रण प्रणालियां युद्ध की संभावनाओं को बढ़ा सकती हैं, जिससे फैसले लेने का समय कम हो जाएगा और कूटनीतिक प्रयासों का मौका घटेगा। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तानी नेता ख्वाजा आसिफ ने एआई के खतरों को गंभीरता से उठाया, लेकिन उनका भाषण भाषाई गलतियों से भरपूर रहा।

- सोशल मीडिया पर उड़ी खिल्ली

## अभी भारत व बांग्लादेश के बीच समस्याएं: यूनुस

### मुख्य सलाहकार ने कहा: वो हमारे खिलाफ फेक न्यूज फैलाते और मुझे तालिबानी की तरह दिखाते हैं

**वाशिंगटन।** बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने गुरुवार को न्यूयार्क में कहा कि अभी भारत और बांग्लादेश के बीच समस्याएं हैं, क्योंकि उन्हें छात्रों का काम पसंद नहीं आया। इसके अलावा वो पूर्व पीएम शेख हसीना की मेजबानी भी कर रहे हैं, जो हमारे देश में कई तरह के समस्याओं की कारण हैं।

यूनुस ने हसीना को कई युवाओं की हत्या की जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि इसी से भारत और बांग्लादेश के बीच तनाव पैदा हुआ है। भारत और बांग्लादेश के बीच संबंध अगस्त 2024 से खराब होना शुरू हुए, जब हसीना इस्तीफा देकर भारत आ गईं थीं। दरअसल, नौकरी कोटे में भेदभाव के बाद स्टूडेंट्स ने विरोध प्रदर्शन किया, जिसके चलते बांग्लादेश में तख्तापलट हुआ था। यूनुस ने भारत पर बांग्लादेश के खिलाफ फेक न्यूज फैलाने का भी आरोप लगाया। यूनुस ने दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ (एसएएआरसी) के बारे में बताते हुए कहा कि, एसएएआरसी का असल मतलब है, कि आप हमारे देश में इन्वेस्ट करे और हम आपके टेरिटरी में इन्वेस्ट करेंगे। एसएएआरसी ऐसे ही काम करता है। हम एक-दूसरे से बिजनेस के तौर पर जुड़े है। नेपाल अपने समुद्र के रास्ते से सामान इम्पोर्ट करता है, जिससे हम सभी को फायदा होता है। उन्होंने आगे कहाएसएएआरसी में हम सभी फैमिली की तरह हैं। एसएएआरसी का पूरा आइडिया ही बांग्लादेश की देन है, हमने इसे साउथ एशियन देशों में प्रमोट किया है। अब आप हमे इसका दुश्मन मान रहे हैं। यूनुस बोले कि एसएएआरसी में जितने भी देश हैं, वो एक दूसरे देश में घूमने जा सकते हैं, दोस्त बना सकते हैं, उन देशों के स्कूलों-कालेजों में पढ़ सकते हैं, बिजनेस कर सकते हैं। यहीं इसका पूरा आइडिया है। उन्होंने कहा कि ये 'एक देश की राजनीति में फिट नहीं बैठता' इसके लिए मुझे बुरा लगता है।



- यूनुस ने हसीना को कई युवाओं की हत्या का जिम्मेदार बताया

### प्रेसिडेंशियल वॉक ऑफ फेम में बाइडन की जगह लगा 'पेन' का फोटो

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने राष्ट्रपति निवास व्हाइट हाउस में एक नए 'प्रेसिडेंशियल वॉक ऑफ फेम' गैलरी अनावरण किया। इसमें अमेरिका के अब तक सभी राष्ट्रपतियों के छायाचित्र हैं लेकिन पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन का चित्र नहीं लगाया गया है। इस निवास के वेस्ट विंग कोलोनेड में एक दीवार पर सुनहरे फ्रेम में प्रदर्शित ये छायाचित्र पहले राष्ट्रपति जॉर्ज वाशिंगटन से शुरू होते हैं और मौजूदा राष्ट्रपति ट्रम्प तक के हैं। लेकिन ट्रम्प के ठीक पूर्ववर्ती बाइडन का छायाचित्र नहीं लगा है बल्कि उस जगह पर हस्ताक्षर करते हुए एक ऑटोमेटिक पेन का फोटो लगाया गया है। गौरतलब है कि बाइडन के आलोचकों का आरोप है कि वे खुद सरकार का कामकाज नहीं चलाते थे और उनकी जगह कोई और ही अमेरिका की कमान संभाले हुए था। इसमें आगे यह भी कहा जाता है कि बाइडन केवल दस्तखत करते थे।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108